

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 114 | शनिवार, 06 जून 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण षष्ठी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया



## संक्षिप्त समाचार

### 'ग्लोबल साउथ के लिए वेनेजुएला के साथ भारत का करीबी सहयोग बहुत जरूरी'



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की। मोदी ने कहा कि लैटिन अमेरिका में एक अहम पार्टनर के तौर पर, वेनेजुएला के साथ हमारा करीबी सहयोग ग्लोबल साउथ के लिए बहुत जरूरी है। मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से मिलकर खुशी हुई। हमने ऊर्जा, जरूरी मिनरल्स, तकनीकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच आपसी संपर्कों में अपने सहयोग को बढ़ाने पर काफी – बातचीत की।' उन्होंने आगे कहा कि लैटिन अमेरिका में एक अहम पार्टनर के तौर पर, वेनेजुएला के साथ हमारा करीबी सहयोग ग्लोबल साउथ केलिए बहुत जरूरी है। हम अपने देशों के लोगों के आपसी फायदे के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

### श्रीलंका में वृद्धाश्रम में आग लगने से 12 की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका में एक वृद्धाश्रम में आग लगने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य बुजुर्ग झुलस गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे कलुतारा जिले के अंगुरुवाटोटा स्थित मावपिया सेवाना वृद्धाश्रम में आग लग गई।

### लोस के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप का निधन

**नई दिल्ली।** मशहूर संविधान विशेषज्ञ और लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी. कश्यप का गुरुवार को निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि कश्यप का निधन सुबह करीब 10 बजे दिल्ली स्थित उनके आवास पर हृदय गति रुक जाने के कारण हुआ। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ भी थे।

### फिल्म प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी का निधन

**मुंबई।** फिल्म प्रोड्यूसर और सीबीएफसी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) के अध्यक्ष रहे पहलाज निहलानी का 76 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह कई दिनों से बीमार थे। उन्होंने बुधवार देर रात 3 बजे आखिरी सांसें लीं। पहलाज निहलानी का अंतिम संस्कार गुरुवार 3 बजे मुंबई के सांताक्रूज श्मशान में हुआ।

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की दमदार छलांग

# जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत पहुंची, भारत बना दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था

- » आर्थिक विकास का नया अध्याय
- » रोजगार और विकास को मिलेगा बल
- » विश्व मंच पर बढ़ी भारत की साख

**नई दिल्ली**

विश्व अर्थव्यवस्था में जारी अनिश्चितताओं और कई देशों में आर्थिक मंदी की आशंकाओं के बीच भारत ने एक बार फिर अपनी आर्थिक मजबूती का परिचय दिया है। जनवरी से मार्च 2026 की तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई है। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान देश की औसत आर्थिक विकास दर 7.7 प्रतिशत रही, जो वैश्विक स्तर पर एक उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जा रही है। देश की अर्थव्यवस्था में आई इस तेजी को विशेषज्ञ भारत के विकास के नए अध्याय के रूप में देख रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल परिवर्तन, औद्योगिक विस्तार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है। वैश्विक आर्थिक दबावों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जिस मजबूती के साथ विकास की गति बनाए रखी है, वह देश की आर्थिक स्थिरता और क्षमता को दर्शाता है। देशभर में चल रही सड़क, रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डा और अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं ने निर्माण क्षेत्र को नई गति प्रदान की है।



### कृषि क्षेत्र बना विकास का मजबूत आधार

भारतीय अर्थव्यवस्था की इस सफलता में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बेहतर मानसून, उन्नत कृषि तकनीकों का बढ़ता उपयोग और किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के कारण कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में आय बढ़ने से उपभोक्ता मांग में भी सुधार हुआ है, जिसका सीधा लाभ उद्योग और सेवा क्षेत्रों को मिला है। कृषि क्षेत्र की मजबूती ने देश की आर्थिक वृद्धि को स्थायित्व प्रदान किया है।

बड़े पैमाने पर हो रहे सरकारी निवेश से रोजगार के अवसर बढ़े हैं और उद्योगों की उत्पादन क्षमता में भी विस्तार हुआ है। निर्माण क्षेत्र में बढ़ी गतिविधियों का प्रभाव सीमेंट, इस्पात, मशीनरी और अन्य संबंधित उद्योगों पर भी सकारात्मक रूप से दिखाई दे रहा है। जीडीपी वृद्धि में निजी क्षेत्र के निवेश का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उद्योगों ने नई परियोजनाओं में निवेश बढ़ाया है और उत्पादन क्षमता का विस्तार किया है। घरेलू और विदेशी निवेशकों का भारत की अर्थव्यवस्था पर बढ़ता भरोसा इस बात का संकेत है कि देश निवेश के लिए एक आकर्षक केंद्र बनता जा रहा है। वैश्विक कंपनियां भी भारत को विनिर्माण और व्यापार के प्रमुख केंद्र के रूप में देख रही हैं।

**सेवा क्षेत्र ने दिखाई मजबूती:** सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं, ई-कॉमर्स, पर्यटन और परिवहन जैसे क्षेत्रों में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। डिजिटल इंडिया अभियान और तकनीकी नवाचारों ने सेवा क्षेत्र को नई ऊर्जा प्रदान की है। देश में डिजिटल भुगतान प्रणाली के विस्तार और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की बढ़ती संख्या ने आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा दी है। सेवा क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन देश की समग्र आर्थिक प्रगति का महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आर्थिक वृद्धि की यह गति रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। औद्योगिक विस्तार, आधारभूत संरचना परियोजनाओं और सेवा क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियों के कारण आने वाले समय में लाखों नए रोजगार अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। इससे युवाओं को रोजगार मिलने के साथ-साथ देश की आय और उपभोग क्षमता में भी वृद्धि होगी।

**चुनौतियां अभी भी बरकरार:** हालांकि आर्थिक मोर्चे पर यह उपलब्धि उत्साहजनक है, लेकिन कुछ चुनौतियां अब भी मौजूद हैं। वैश्विक बाजारों में अस्थिरता, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक तनाव भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा रोजगार सृजन, कौशल विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में आय बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयासों की आवश्यकता बनी हुई है। भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि ने अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और वैश्विक वित्तीय संस्थाओं का ध्यान आकर्षित किया है। विश्व के कई प्रमुख आर्थिक संगठनों ने भारत को भविष्य की सबसे प्रभावशाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल किया है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि वर्तमान विकास दर बरकरार रहती है तो भारत आने वाले वर्षों में विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में और मजबूत स्थान हासिल कर सकता है।

### वैश्विक चुनौतियों के बीच शानदार प्रदर्शन

वर्तमान समय में कई विकसित और विकासशील देश आर्थिक सुस्ती, बढ़ती महंगाई और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक तनाव जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे माहौल में भारत की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर वैश्विक स्तर पर विशेष महत्व रखती है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल मजबूत है बल्कि वैश्विक संकटों का सामना करने में भी सक्षम है।

# टंकी सफाई के दौरान जहरीली गैस से दो सगे भाइयों की दम घुटने से मौत, तीसरे की हालत गंभीर

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

*एक ही घर के दो बेटों की मौत और तीसरे की गंभीर हालत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं।*



मृतक, राजेश



मृतक, जयवीर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के सुरेनी पापड़ी गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। मेंथा प्लांट की टंकी की सफाई के दौरान दम घुटने से दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि तीसरे भाई की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सुरेनी पापड़ी गांव निवासी जयवीर यादव (32 वर्ष), राजेश यादव (22 वर्ष) और मनवीर यादव (26 वर्ष) मेंथा प्लांट की टंकी की सफाई कर रहे थे। बताया जाता है कि टंकी के अंदर जहरीली गैस भरी हुई थी। सफाई के दौरान सबसे पहले एक भाई की हालत बिगड़ी और वह टंकी के भीतर बेहोश होकर गिर पड़ा। उसे बचाने के प्रयास में अन्य दोनों भाई भी टंकी के अंदर उतर गए, लेकिन गैस के प्रभाव से वे भी अचेत हो गए।

### बिना सुरक्षा उपकरण उतरे थे टंकी में

*ग्रामीणों का कहना है कि मेंथा प्लांट की टंकियों में सफाई के दौरान अक्सर जहरीली गैस जमा हो जाती है। ऐसे कार्यों में सुरक्षा उपकरणों और ऑक्सीजन की व्यवस्था जरूरी होती है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर इन मानकों का पालन नहीं किया जाता। आशंका जताई जा रही है कि टंकी में मौजूद जहरीली गैस के कारण ही तीनों भाई बेहोश हुए, जिससे यह बड़ा हादसा हो गया।*

कुछ ही देर बाद मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों भाइयों को टंकी से बाहर निकाला और तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद जयवीर यादव और राजेश यादव को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से अचेत मनवीर यादव को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

एक ही परिवार के दो युवकों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार तीनों भाई मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

# अमेरिका से 1,076 भारतीयों की वापसी

**नई दिल्ली**

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक कुल 1,076 भारतीय नागरिकों को अमेरिका से भारत वापस भेजा जा चुका है। यह जानकारी सरकार की ओर से हाल ही में साझा की गई, जिसके बाद अवैध प्रवास और विदेशी आव्रजन नीतियों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि अमेरिका में बिना वैध दस्तावेजों के रहने, वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां ठहरने या आव्रजन नियमों का उल्लंघन करने वाले भारतीय नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जा रहा है। अमेरिका की आव्रजन एजेंसियां लगातार ऐसे लोगों के खिलाफ अभियान चला रही हैं, जो कानूनी अनुमति के बिना देश में रह रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, डिपोर्ट किए गए अधिकांश लोग रोजगार या बेहतर जीवन की तलाश में अमेरिका पहुंचे थे। इनमें कुछ ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने अवैध रास्तों से अमेरिका में प्रवेश करने का प्रयास किया था। अमेरिकी प्रशासन ने हाल के वर्षों में अवैध प्रवास को रोकने के लिए अपनी नीतियों को और सख्त किया है।

# दिल्ली होटल आग, मालिक चार दिन पुलिस रिमांड पर

- जलती इमारत के पास से गुजरा था
- किसी को बचाया नहीं, डरकर भागा

**नई दिल्ली**

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं, बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और न ही घर गया। इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा।



गिरफ्तार होटल मालिक लवकेश बजाज ने बताया कि वह खुद होटल की निगरानी नहीं करता था। उसने होटल के मैनेजमेंट, बिलिंग और अकाउंट्स का काम किसी और व्यक्ति को दिया था। उसने कहा कि होटल में कमरे बड़े करने और अन्य बदलावों की सलाह भी अन्य व्यक्ति ने दी थी।

### मालिक ने हादसे की जिम्मेदारी जय मिश्रा पर डाली

गिरफ्तार होटल मालिक लवकेश बजाज की पूछताछ में एक नाम बार-बार सामने आ रहा है, जय मिश्रा। पुलिस के अनुसार होटल का फरार मैनेजर जय मिश्रा ही होटल के दैनिक संचालन, स्टाफ प्रबंधन, बिलिंग व्यवस्था और भवन में किए गए कई बदलावों का प्रमुख जिम्मेदार था। इसी वजह से दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी को जांच की सबसे बड़ी प्राथमिकता बना लिया है। मामले की जांच कर रही 10 विशेष टीमों में से पांच टीमें केवल जय मिश्रा की तलाश में जुटी हुई हैं।

# बिहार के अस्पताल में आग से पांच लोगों की मौत



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में बुधवार रात करीब 3 बजे आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं 20 से ज्यादा लोग झुलस गए। आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इसके बाद आईसीयू में लगे एसी में धमाका हुआ। इसकी वजह से आग तेजी से फैली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड अस्पताल पहुंची और आग पर काबू पाया। लोगों ने मौके से स्टाफ के गायब होने का आरोप लगाया। आईसीयू वार्ड 5वीं फ्लोर पर है, इससे रेस्क्यू में दिक्कत आई। दमकलकर्मियों ने आईसीयू और अस्पताल के दूसरे वार्डों में फंसे मरीजों को खिड़कियां और दरवाजे तोड़कर बाहर निकाला। मृतकों में गीता देवी, चंचला वर्मा, उदय कुमार, शशांक कुमार और कृष्णनंदन सिंह शामिल हैं।

# रास चुनाव : भाजपा ने 11 उम्मीदवार किए घोषित

## सूची में मप्र से तरुण चुघ व रजनीश अग्रवाल, ओडिशा से देवाशीष सामंतराय

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने पांच राज्यों में होने वाले राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव-2026 तथा ओडिशा में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने मध्य प्रदेश की दो सीटों से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ संगठनात्मक नेता रजनीश अग्रवाल को उम्मीदवार बनाया है।





भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान की 10 सीटों के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव और ओडिशा की एक सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी की गई। इसमें अरुणाचल प्रदेश से ताई तागाक, गुजरात से राजूभाई शुक्ला, मुकेशभाई राठवा, मानसिंह परमार और जितेंद्र मेघजीभाई कंजारिया, मध्य प्रदेश से तरुण चुघ और रजनीश अग्रवाल, मणिपुर से ए शारदा देवी तथा राजस्थान से डॉ. अलका गुर्जर और डॉ. सतीश पूनिया को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया है। वहीं, ओडिशा में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए देवाशीष सामंतराय को प्रत्याशी बनाया गया है। मध्य प्रदेश से उम्मीदवार बनाए गए तरुण चुघ भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं और संगठन के प्रमुख रणनीतिकारों में गिने जाते हैं। दूसरे उम्मीदवार रजनीश अग्रवाल लंबे समय से मध्य प्रदेश भाजपा संगठन से जुड़े हुए हैं। वे वर्तमान में प्रदेश सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

# अलवर में कनवर्जन करा रहा पादरी पकड़ाया

**अलवर**

अलवर में कनवर्टेड के आरोप में भीड़ ने पादरी को जमकर पीटा। एक मकान में ईसा मसीह की प्रार्थना चल रही थी। सूचना पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता पहुंचे और पादरी को घर से बाहर निकाला। इस पर बाहर खड़ी भीड़ ने पादरी की पिटाई शुरू कर दी, कपड़े भी फाड़ दिए। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में एक महिला पादरी को लात मारती हुई दिख रही है। पादरी की पिटाई होते देख घर के अंदर मौजूद 15 लोग वहां से फरार हो गए।



विश्व हिंदू परिषद का आरोप है कि पादरी दिल्ली से आता है। संगठन को सूचना मिली थी कि इस घर में धर्मांतरण कराया जा रहा था। मौके से धार्मिक साहित्य और प्रार्थना से जुड़ी किताबें मिली हैं। मोबाइल की जांच में धार्मिक गतिविधियों से जुड़े वीडियो और अन्य सामग्री भी मिली है। पूछताछ में पादरी ने बताया कि अब तक 15 से ज्यादा लोगों का धर्मांतरण करवा चुका है। मामला अखेपुरा थाना क्षेत्र स्थित तंवर कॉलोनी का है। गुरुवार दोपहर 1 से 3 बजे तक हंगामा चला। मौके पर पहुंची पुलिस ने पादरी को हिरासत में लिया।

# ईरान के हमले में उज्जैन के अहमद की मौत

**उज्जैन।** ईरान के हमले में कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जान गंवाने वाले भारतीय नागरिक की पहचान उज्जैन निवासी मंजूर अहमद (50) के रूप में हुई है। बुधवार सुबह कुवैत एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमले में मंजूर अहमद की मौत हो गई, जबकि 63 अन्य लोग घायल हुए हैं। मंजूर अहमद की मौत की खबर मिलते ही उज्जैन की राज रॉयल कॉलोनी स्थित उनके घर पर रिश्तेदारों और परिचितों का पहुंचना शुरू हो गया।

# लालच में उजड़ा परिवार: बड़ा बेटा ही निकला माता-पिता और बहन का हत्यारा

- » प्रयागराज के करोड़पति कारोबारी परिवार हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा
- » गहनों के बंटवारे को लेकर दोस्त ने आरोपी बेटे को भी मौत के घाट उतारा

**प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में करोड़पति कारोबारी परिवार के चार सदस्यों की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि परिवार का बड़ा बेटा अभिषेक वैश्य ही अपने माता-पिता और बहन का हत्यारा निकला। उसने अपने दोस्त सनी गुप्ता के साथ मिलकर इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था। हालांकि हत्या के बाद लूटे गए गहनों के बंटवारे को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद सनी गुप्ता ने अभिषेक की भी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी सनी गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है और उसके कब्जे से भारी मात्रा में सोना-चांदी तथा हत्या में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की है। साउथ मलाका क्षेत्र स्थित कारोबारी वीरेंद्र वैश्य के मकान से 2 जून को एक साथ चार शव मिलने के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई थी। मकान से उठ रही दुर्गंध के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस जब ताला तोड़कर घर के भीतर पहुंची तो वहां का दृश्य बेहद भयावह था। अलग-अलग स्थानों पर परिवार के चार सदस्यों के शव पड़े मिले, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।



### आर्थिक तंगी और नाराजगी बनी हत्या की वजह

पुलिस जांच में सामने आया कि 40 वर्षीय अभिषेक वैश्य भारी कर्ज में डूबा हुआ था। उसका आरोप था कि उसके पिता वीरेंद्र वैश्य उसे आर्थिक मदद नहीं करते थे। वर्ष 2022 में पिता ने उसे संपत्ति से बेदखल भी कर दिया था। इसी नाराजगी और आर्थिक संकट के चलते उसने अपने दोस्त सनी गुप्ता के साथ मिलकर पूरे परिवार को खत्म करने की साजिश रची।

## समुद्र में बढ़ेगी भारत की ताकत

# नेवी में शामिल होंगे 4 स्वदेशी युद्धपोत

**नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना इस महीने अपने बेड़े में पांच स्वदेशी हथियार को शामिल करने की तैयारी कर रही है। इनमें दो प्रोजेक्ट 17 ए स्टील्थ फ्रिगेट, सर्वेक्षण पोत और दो पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान शामिल हैं। मेड इन इंडिया के तहत बने ये जहाज समुद्री सुरक्षा, युद्ध तत्परता और तटीय रक्षा को काफी मजबूत करेंगे।

ये इंडक्शन परिशोधित नौसैनिक ताकत को देश के भीतर ही डिजाइन और निर्माण करने की भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाते हैं, जिससे विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भरता कम होगी। नौसेना में शामिल होने वाले पांच प्लेटफॉर्मों में से चार का निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। वहीं पांचवां जहाज, आईएनएस महेंद्रगिरि, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया है।औपचारिक रूप से चालू होने के बाद, स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस महेंद्रगिरि, सर्वेक्षण पोत संशोधक और एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अग्रय और मालवन नौसेना को उन्नत स्टील्थ, बेहतर पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताएं और उन्नत महासागर निगरानी प्रदान करेंगे।



### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ेगी क्षमता

आईएनएस दूनागिरी जीआरएसई द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट है। यह युद्धपोत आधुनिक सेंसर, परिष्कृत हथियार प्रणालियों और नेटवर्क-केंद्रित युद्ध सुविधाओं से लैस है। आईएनएस महेंद्रगिरि भी इसी श्रेणी का दूसरा प्रोजेक्ट 17ए स्टील्थ फ्रिगेट है। दोनों युद्धपोत स्वदेशी युद्धपोतों की एक नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिनका उद्देश्य भारत की समुद्री शक्ति को बढ़ाना, युद्धक पहुंच बढ़ाना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ब्लू-वाटर क्षमताओं का विस्तार करना है। ये दोनों ही पोत सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल, बराक-8 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, शुरुआती खतरे का पता लगाने और ट्रैकिंग के लिए शक्तिशाली एमएफ-स्टार एईएसए रडार, और आधुनिक टॉरपीडो ट्यूब एवं रॉकेट लॉन्चरों से लैस होंगे।

# झुग्गी-झोपड़ी से गांव और मलिन बस्तियों तक होगा शिक्षा का उजियारा, आंगनबाड़ी बन रहीं बच्चों की पहली पाठशाला

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने और शिक्षा से वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों, मलिन बस्तियों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के ऐसे बच्चों, जो किसी कारणवश प्राथमिक विद्यालयों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, उनके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को बालवाटिका के रूप में विकसित किया गया है।

इस पहल का उद्देश्य 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को स्कूल शिक्षा के लिए तैयार करना और उन्हें शुरुआती स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रदेशभर के विद्यालय परिसरों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को बालवाटिका मॉडल के तहत विकसित किया गया है। यहां बच्चों को खेल-खेल में सीखने, भाषा विकास, संख्यात्मक ज्ञान, रचनात्मक गतिविधियों और सामाजिक व्यवहार की शिक्षा दी जा रही है, ताकि प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के समय उनकी शैक्षिक तैयारी बेहतर हो सके। बालवाटिका मॉडल को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शुक्रवार को प्रदेश स्तर पर ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। यूट्यूब के माध्यम से होने वाले इस विशेष सत्र में पिछले दो महीनों के पर्यवेक्षण बिंदुओं, शिक्षण गतिविधियों, बच्चों की उपस्थिति, शैक्षिक सामग्री की उपलब्धता और मॉनिटरिंग व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी।बैठक में प्रेरणा पोर्टल पर विकसित बालवाटिका डैशबोर्ड और डीसीएफ (डेटा कलेक्शन फॉर्म) के आंकड़ों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। अधिकारियों को बताया जाएगा कि विभिन्न जिलों में बालवाटिका केंद्रों का संचालन किस स्तर पर हो रहा है और बच्चों की शैक्षिक प्रगति को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है।

- नन्हे सपनों को मिलेगी उड़ान, आंगनबाड़ी केंद्रों से शुरू होगी शिक्षा की नई कहानी

### मलिन बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष फोकस

सरकार का विशेष ध्यान उन बच्चों पर है जो सामाजिक, आर्थिक या भौगोलिक कारणों से विद्यालयी शिक्षा से दूर रह जाते हैं। बालवाटिका केंद्रों के माध्यम से ऐसे बच्चों को शुरुआती शिक्षा, अनुशासन और सीखने का वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में उनके विद्यालय छोड़ने की संभावना भी कम हो सके। शिक्षा विभाग का लक्ष्य बालवाटिका को केवल एक प्री-स्कूल व्यवस्था तक सीमित न रखकर उसे बुनियादी शिक्षा की मजबूत नींव के रूप में विकसित करना है। इसके लिए शिक्षण सामग्री, प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं, डिजिटल मॉनिटरिंग और नियमित समीक्षा व्यवस्था पर लगातार काम किया जा रहा है।

## सार संक्षेप



वृक्षारोपण करते मिशन ग्लोबल अकैडमी स्कूल के संरक्षक आरके सक्सेना तथा स्टाफ। -जागरण मोर्चा

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हुई बौद्धिक संगोष्ठी

**बहेड़ी।** मिशन ग्लोबल अकैडमी सिंधोरा रिछा में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय के संरक्षक आर के सक्सेना एवं प्रबंधक जितेन कुमार सक्सेना ने किया। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण में होने वाली चुनौतियां और उनके उपाय पर विस्तृत चर्चा की। शीजा, काव्या, आयान गौस, खुशी और साधना ने अपने ओज पूर्ण भाषण से सभी का मन मोह लिया। राज सैनी और आयुष पटेल में कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर चर्चा की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में पर्यावरण के प्रति सजगता उत्पन्न करने हेतु एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अयान जमील, मोहम्मद मोनिश और शिफा नाज क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक आर के सक्सेना ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी प्रकृति हमारी आवश्यकताओं को भली भांति पूर्ण करने में सक्षम है परंतु हमें लालच पूर्ण तरीके से प्रकृति के दोहन से बचना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पृथ्वी हमें अपने पूर्वजों से प्राप्त एक ऐसी धरोहर है जिसको हमें अपनी अगली पीढ़ियों तक बेहतर तरीके से पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए जिससे वह अपने जीवन को अच्छी तरीके से जी सके। विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें अनेक वृक्ष लगाए गए ।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य बी के कश्यप ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य मोबिन मलिक, निदेशक अमित देवल, हरीश कुमार, शाजिया नाज, राजपाल सैनी, आशुतोष वर्मा, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद असलम आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।अंत में विद्यालय के प्रबंधक जितेन सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### प्यार के लिए प्रेमी विशाल के लिए मैजवीन बनी लक्ष्मी, अगस्त्य मुनि आश्रम में लिए सात फेरे

**बरेली।** शीशगढ़ क्षेत्र की एक युवती ने धर्म परिवर्तन कर अपने प्रेमी के साथ वैदिक रीति-रिवाज से विवाह कर लिया। मैजवीन नाम की युवती ने अपना नाम लक्ष्मी रखने के बाद बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम में विशाल के साथ सात फेरे लिए। दोनों पिछले चार वर्षों से प्रेम संबंध में थे। अलग-अलग धर्मों से होने के कारण परिवारों की सहमति नहीं मिली तो दोनों ने अपनी मर्जी से विवाह का फैसला कर लिया। शीशगढ़ थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव निवासी 22 वर्षीय मैजवीन और पड़ोसी गांव बल्ली के रहने वाले 24 वर्षीय विशाल एक-दूसरे को बचपन से जानते थे। दोनों ने आठवीं कक्षा तक एक ही स्कूल में पढ़ाई की। स्कूल बदलने के बाद भी संपर्क बना रहा और समय के साथ दोस्ती प्रेम में बदल गई। करीब चार वर्षों तक चले प्रेम संबंध के बाद दोनों ने विवाह का फैसला कर लिया ।अलग-अलग धर्मों से होने के कारण दोनों के रिश्ते को लेकर परिवारों में सहमति नहीं बन सकी। विशाल का कहना है कि उसके परिजन समय के साथ इस रिश्ते के लिए तैयार हो गए थे, लेकिन युवती के परिवार ने इसका विरोध किया। ऐसे में दोनों ने अपनी मर्जी से विवाह करने का निर्णय लिया। युवती ने बताया कि उसने अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन का निर्णय लिया और इसके लिए निर्धारित प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन किया। धर्म परिवर्तन के बाद उसने अपना नया नाम लक्ष्मी रखा। उसका कहना है कि यह फैसला पूरी तरह उसकी स्वेच्छा और आस्था के आधार पर लिया गया है ।दोनों बरेली स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम पहुंचे, जहां वैदिक विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया। विवाह के दौरान विशाल ने लक्ष्मी को वरमाला पहनाई, मांग में सिंदूर भरा, मंगलसूत्र पहनाया और अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया।

# बारादरी थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध हालात में मौत

## कमरे की चौखट से लटका मिला शव, आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक महिला का शव उसके कमरे की चौखट से चुन्नी के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले को आत्महत्या मानकर जांच कर रही है और हर पहलू की पड़ताल की जा रही है।

मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के हरुनगला निवासी 30 वर्षीय रवीना पत्नी इकरार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सुबह जब घर के सदस्य कमरे में पहुंचे तो रवीना का शव चौखट से लटका देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में पीआरबी और थाना पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जांच में सामने आया है कि रवीना का पति इकरार जयपुर में रहकर जरी का काम करता है और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं था। पत्नी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। आसपास के लोग और रिश्तेदार भी बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। बताया गया कि रवीना की शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। उसके दो छोटे बच्चे हैं—चार साल की बेटी मायशा और दो साल का बेटा दानिश।

मां की असामयिक मौत से दोनों मासूम बच्चों के सिर से ममता का साया उठ गया, जिसे देखकर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया और जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। मृतका के पिता तस्सुवर कैंट क्षेत्र के भौआपुर गांव के निवासी बताए गए हैं। बारादरी इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए बरेली में ट्रैफिक डायवर्जन

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर बरेली में 8, 9 और 10 जून को ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बदली रहेगी। हजारों परीक्षार्थियों की आवाजाही और शहर में संभावित जाम को देखते हुए यातायात पुलिस ने भारी वाहनों के लिए विशेष डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है।

सुबह पांच बजे से रात आठ बजे तक शहर के कई प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों की एंट्री प्रतिबंधित रहेगी, जबकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए अलग व्यवस्था की गई है। एसपी ट्रैफिक मो अकमल खान के अनुसार दिल्ली, रामपुर और मुरादाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहनों को झुमका चौराहे से शहर के भीतर प्रवेश नहीं मिलेगा। ऐसे वाहनों को महादेव पुल, श्यामतगंज पुल, डेलापीर, विलयधाम और विल्वा पुल के रास्ते भेजा जाएगा। वहीं दिल्ली, रामपुर और मुरादाबाद से बरेली आने वाले ट्रकों और अन्य भारी वाहनों को बड़े बाईपास के जरिए ट्रांसपोर्ट नगर तक पहुंचाया जाएगा। बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर और लखनऊ रूट पर भी विशेष डायवर्जन लागू रहेगा। रामगंगा तिराहा, बुखारा मोड़, फरीदपुर और बड़े बाईपास को वैकल्पिक मार्ग के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा देने आने वाले अभ्यर्थी दोपहिया वाहन, निजी कार, ऑटो और ई-रिक्शा से अपने परीक्षा केंद्र तक आसानी से पहुंच सकेंगे। बारादरी, प्रेमनगर, इज्जतनगर, सीबीगंज, कोतवाली, किला और हाफिजगंज क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों तक सामान्य यातायात जारी रहेगा।

### बरेली कॉलेज के अभ्यर्थियों के लिए खास इंतजाम

बरेली कॉलेज और बरेली इंटर कॉलेज में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के लिए अलग व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थियों को केवल पश्चिमी गेट से प्रवेश मिलेगा, जबकि मानसिक चिकित्सालय की ओर स्थित पूर्वी गेट परीक्षा के दौरान पूरी तरह बंद रहेगा। एसपी यातायात मो अकमल खान ने अभ्यर्थियों और उनके परिजनों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय लेकर घर से निकलें। झुमका तिराहा, विल्वा अंडरपास, विलयधाम अंडरपास, इन्वर्टिस तिराहा, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ जैसे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या देरी से बचा जा सके।



## स्वास्थ्य शिविर में की गई मरीजों की जांच


**बहेड़ी।** विकासखंड बहेड़ी के ग्राम गुरसौली में साप्ताहिक चौपाल का आयोजन किया गया इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बहेड़ी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मरीजों की जांच की गई, दवाइयों का वितरण किया गया एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाभकारी योजनाओं से जनमानस को लाभ के लिए जागरूक किया गया । इस अवसर पर प्रभारी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

# फर्जी दरोगा बन शादी का झांसा देने वाला युवक गिरफ्तार

## कलेक्ट्रेट में पूछताछ के दौरान खुली पोल, कभी हुआ ही नहीं था पुलिस में चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** पुलिस की वर्दी पहनकर खुद को दरोगा बताने वाला एक युवक शादी के नाम पर महीनों तक लोगों को गुमराह करता रहा, लेकिन सहारनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में उसकी सच्चाई सामने आ गई। पुलिस अधिकारियों की पूछताछ में खुलासा हुआ कि जिस युवक को लड़की पक्ष सरकारी नौकरी वाला उपनिरीक्षक समझ रहा था, उसका कभी पुलिस विभाग में चयन ही नहीं हुआ था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बरेली जिले के जशनपुर गांव निवासी मोहम्मद कासिम खुद को वर्ष 2023 बैच का उपनिरीक्षक बताता था। वह पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों पर रौब जमाता और दावा करता था कि उसकी तैनाती सहारनपुर में है। इसी भरोसे पर पीलीभीत के एक परिवार से उसका रिश्ता तय होने की बातचीत चल रही थी। बताया गया कि कलियर शरीफ दरगाह से लौटते समय लड़की पक्ष ने सहारनपुर में उससे मिलने की इच्छा जताई। कासिम ने खुद को कलेक्ट्रेट परिसर में तैनात बताते हुए वहीं बुला लिया। जब परिवार पहुंचा तो वह दरोगा की वर्दी में मौजूद मिला, लेकिन उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उससे भर्ती, प्रशिक्षण और तैनाती से जुड़े सवाल पूछे, जिनका वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका।

जांच के दौरान उसके पास मौजूद पहचान पत्र भी संदिग्ध पाया गया। इसके बाद उसे सदर बाजार थाने ले जाया गया, जहां पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह कभी पुलिस में भर्ती नहीं हुआ। आरोपी ने बताया कि अच्छा रिश्ता पाने और लोगों पर प्रभाव जमाने के लिए वह फर्जी दरोगा बनकर घूम रहा था

# मई माह की पुलिस रैंकिंग जारी

## बहेड़ी थाना, बहेड़ी सर्किल और उत्तरी पुलिस क्षेत्र रहे अव्वल, एसएसपी ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले में पुलिसिंग को अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से लागू की गई मासिक मूल्यांकन प्रणाली के तहत मई माह की रैंकिंग घोषित कर दी गई है। इस रैंकिंग में बहेड़ी थाना, बहेड़ी सर्किल और उत्तरी पुलिस क्षेत्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। बेहतर कार्य करने वाली पुलिस इकाइयों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मई माह के दौरान जनपद के 29 थानों, नौ सर्किलों और तीनों पुलिस क्षेत्रों के कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इस दौरान जनसुनवाई की गुणवत्ता, आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण, अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी, लंबित विवेचनाओं का निपटारा, साइबर अपराधों पर कार्रवाई, सीसीटीएनएस और सीईआईआर से जुड़े कार्यों के साथ-साथ एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई को प्रमुख आधार बनाया गया। क्षेत्रवार रैंकिंग में उत्तरी पुलिस क्षेत्र ने 1799 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। अधिकारियों के अनुसार अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण में बेहतर कार्य के चलते उत्तरी क्षेत्र शीर्ष पर रहा। वहीं सर्किल स्तर पर बहेड़ी सर्किल ने 3260 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया। थाना स्तर की रैंकिंग में बहेड़ी थाना 4853 अंकों के साथ जिले का सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया।

दूसरे स्थान पर थाना शीशगढ़ और तीसरे स्थान पर थाना बारादरी रहा। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से पुलिसिंग की गुणवत्ता बढ़ती है। बेहतर कार्य करने वाली टीमों को आगे भी इसी तरह सम्मानित किया जाएगा, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाली इकाइयों को सुधार के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।




**आयोजन** विश्व पर्यावरण दिवस पर चला "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान

# पालिकाध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण, लोगों को दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय



बाल विकास परियोजना कार्यालय में वृक्षारोपण करती मुख्य सेविका।

**बहेड़ी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी शशि प्रभा चौधरी, सैनिटरी इंस्पेक्टर अहमद हसन, नगर पालिका के सभासदगण, आईईसी टीम के सदस्य, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, कार्यालय कर्मचारी तथा नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया।

वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सराहनीय प्रयास है। इससे लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और हरित वातावरण के निर्माण में मदद मिलेगी। नगर पालिका परिषद बहेड़ी ने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

उधर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में मुख्य सेविका केश लता गंगवार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा अपने-अपने केंद्र पर एक पौधा अवश्य लगाएं इस मौके पर मुख्य सेविका राजकुमारी, केशलता गंगवार, स्वाति गंगवार सुनीता गंगवार, कौशिकी शर्मा, तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार मौजूद रहे।

### धरने से दूर रहें मुस्लिम युवा, वरना हर विवाद का ठीकरा उन्हीं पर फूटेगा: मौलाना शहाबुद्दीन

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रिजवी ने मुस्लिम युवाओं को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन से दूर रहने की नसीहत देते हुए बड़ा बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आंदोलन या धरने के दौरान यदि कोई विवाद या अप्रिय घटना होती है तो उसका ठीकरा सबसे पहले मुस्लिम युवाओं के सिर पर फोड़ा जाता है। ऐसे में उन्हें पूरी सतर्कता बरतनी चाहिए और किसी भी तरह की भीड़ या प्रदर्शन का हिस्सा बनने से बचना चाहिए। मौलाना रिजवी ने कहा कि भारत में मुसलमान एक अल्पसंख्यक और अपेक्षाकृत कमजोर समुदाय हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था संबंधी घटना होने पर सबसे पहले उनकी भूमिका पर सवाल उठाए जाते हैं। उन्होंने फारसी कहावत का हवाला देते हुए कहा कि नज़ला हमेशा कमजोर हिस्से पर ही गिरता है, इसलिए मुस्लिम युवाओं को भावनाओं में बहकर किसी आंदोलन में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले मुस्लिम युवाओं से अपील की कि वे जंतर-मंतर पर होने वाले धरना-प्रदर्शन से पूरी तरह दूरी बनाए रखें।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242


# जनपद में 16 केंद्रों पर होगी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

## 8,9 और 10 जून को दो पालियों में होगी परीक्षा


पुलिस लाइन में बैठक लेते डीएम–एसपी।

### पुलिस लाइन में डीएम-एसपी ने ली बैठक

जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा परीक्षा को लेकर पुलिस लाइन्स सभागार में डयूटी में लगाए गए कर्मचारियों की बैठक ली ।सभी को क्षेत्रा धिकारियों, थाना प्रभारियों से कहा कि परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुगम आवाजाही, यातायात प्रबंधन, परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, परीक्षा केन्द्रों के आसपास सतर्क निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए ।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती एनरोलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा 8 जून से होगी। इसको लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। परीक्षा 16 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरो और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की देखरेख में होगी। यह परीक्षा 8,9 और 10 जून तक आरंभ रहेगी। एडीएम प्रशासन डॉ.नितिन मदान ने बताया कि परीक्षा को लेकर तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है, 16 केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों की तैनात किए गए है। परीक्षा दो पालियों में होगी। यह परीक्षा प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित है। जनपद में भी 8 से होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती में लगभग 12 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस फोर्स भी मुस्तैद रहेगा।

## दिव्यांग दलित किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**सैफनी।** सैफनी क्षेत्र में मानसिक रूप से दिव्यांग दलित किशोरी से दुष्कर्म कर शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम देकर फरार चल रहे मुख्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, जवाबी कार्रवाई के दौरान आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार सुबह करीब 10 :30 बजे की थी जब पीड़िता की मां पास ही में कपड़े सिलवाने गई थी। मां जब वापस लौटी तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। भीतर से बेटी के चीखने की आवाज आ रही थी। मां के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए ।उन्होंने छत के रास्ते भाग रहे गांव के ही आरोपी साबिर को दबोच लिया था। वह ग्रामीणों से हाथापाई और धक्का–मुक्की करता हुआ भागने में सफल रहा था। घटना के बाद से दलित समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया था ।आरोपी जल्द की गिरफ्तारी की मांग उठ रही थी। जिससे बाद पुलिस की अलग–अलग तीन टीम आरोपी की तलाश के लिए जुटी गई। शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि दलित किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी साबिर से सैफनी से बैरुआ की ओर जाने वाले रामगंगा पुल पर किसी वाहन के इंतजार में खड़ा होकर भागने की फिराक में हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची ।आरोपी की घेराबंदी शुरूकर दी ।आरोपी पुलिस को देख चकरोड की ओर भाग निकला और पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई में आरोपी के बाएं पैर में गोली लगी जिससे वह वहीं गिर पड़ा घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## एक नजर

### गोदाम से हजारों का माल चोरी

**रामपुर।** निर्माणाधीन गोदाम से चोर हजारों का माल समेटकर ले गए। जानकारी होने पर मालिक के होश उड़ गए। इस मामले में तहरीर देर कार्रवाई की मांग की है। शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव ककरौआ निवासी आफताब ने घर से कुछ दूरी पर कल्यानपुर के पास जमीन को खरीद लिया है। जिसमे धर्मकांटे का निर्माण चल रहा है। बताया जाता है कि रात के अंधेरे में चोर हजारों का माल समेटकर ले गए। जानकारी होने पर मलिक के होश उड़ गए।

### कार्रवाई के लिए पशु पालन मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रामपुर।** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने पदाधिकारियों के साथ पशु पालन मंत्री से मुलाकात की। बताया कि मीट फैक्ट्री में जानवरों को काटा जा रहा है। जिससे भैसों की कमी होती जा रही है। दूध का मिलना भी कठिन होता जा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से अवैध पशुओं के काटन को रुकवाने की मांग की है। फैक्ट्री को बंद करने की मांग उठाई।

### बालक-बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता 6 से

**रामपुर।** प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक बाक्सिंग प्रतियोगिता 6 जून को अपरान्ह 3 बजे शहीद ए आजम स्पोटर्स स्टेडियम, मंडलीय स्तरीय चयन ट्रायल्स 8 जून को पूर्वान्ह 11 बजे नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद, प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका बाक्सिंग प्रतियोगिता 6 जून को अपरान्ह 3 बजे शहीद ए आजम स्पोटर्स स्टेडियम, मंडलीय स्तरीय चयन ट्रायल्स 8 जून को पूर्वान्ह 11 बजे नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद में 15 से 18 जून तक स्पोटर्स स्टेडियम सहारनपुर में होगा।

# देश ने विकसित भारत की दिशा में तेज गति से प्रगति की: धर्मपाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन में प्रथम आगमन पर आयोजित समीक्षा बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा विगत 12 वर्षों में किए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुशासन की उपलब्धियों को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में देश ने विकसित


प्रेसवार्ता करते धर्मपाल सिंह।

भारत की दिशा में तेज गति से प्रगति की है तथा गरीब, किसान, महिला, युवा एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2017 से पूर्व एवं उसके पश्चात उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति की तुलना करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कानून व्यवस्था अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं प्रभावी हुई है। अपराध नियंत्रण एवं प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से प्रदेश में सुरक्षा और विकास का वातावरण मजबूत हुआ है। कांग्रेस पार्टी के 50 वर्षों से अधिक के शासनकाल की तुलना केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल से करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ अर्जित की हैं, जबकि पहले के समय में अपेक्षित गति से विकास कार्य नहीं हो पाए।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार , जिला प्रभारी राजा वर्मा , नगर विधायक आकाश सक्सेना, मिलक विधायक राजबाला सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता आदि एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के तीन फार्मासिस्टों के हुए तबादले

- बदायूं से जिला अस्पताल में हुई एक की तैनाती

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शासनास्तर से जिला चिकित्सालय में तीन चीफ फार्मासिस्ट के तबादले किए गए हैं। जिसमें टीआर त्रिपाठी, एसडी सनवाल को बरेली के महाराणा प्रताप, सरिता गुप्ता लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल भेजा गया है। जबकि बदांयू से महेंद्र नाथ को रामपुर भेजा गया है।

वहीं दूसरी ओर तीन दिन पहले अन्य जनपदों में तैनात चिकित्सकों के हुए स्थानातंरण में डॉ.आरएन गिरी, डॉ. एचके मित्रा ने शुक्रवार को चार्ज ले लिया है। दोनों चिकित्सकों ने सुबह आकर पहले वार्डों में भर्ती रोगियों का हालचाल जाना। उसके बाद अपने-अपने कक्ष में रोगियों को परामर्श दिया। मालूम हो कि जिला चिकित्सालय में एक हड्डी रोग विशेषज्ञ सिर्फ डॉ.लखवीर सिंह ही है।

अब शासन से डॉ.एचके मित्रा का तबादला मुरादाबाद से रामपुर कर दिया गया है। अब चिकित्सालय में दो आर्थोपैडिक सर्जन हो गए है दोनों चिकित्सकों के आने पर अस्पताल प्रशासन को राहत मिली है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि तीन फार्मासिस्ट के तबादले शासन स्तर से हुए है। जबकि एक की तैनाती हुई है। डॉ.आरएन गिरी, डॉ. एचके मित्रा ने चार्ज ले लिया है।

## सार संक्षेप


पटवाई थाने का निरीक्षण करते एसपी। –जागरण मोर्चा

### एसपी ने किया थाना पटवाई का निरीक्षण

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना द्वारा थाना पटवाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात, मिशन शक्ति केंद्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया ।अभिलेखों के समुचित संधारण, अभिलेखों में अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को अद्यतन रखने, साफ–सफाई आदि के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए ।इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने तथा आमजन के साथ विनम्र व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए ।

### दुष्कर्म के आरोपी को जल्द किया जाए गिरफ्तार

**रामपुर।** विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ने के लिए एसपी को पत्र दिया है। जिसमें उनका कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाए। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष अमरनाथ वाल्मीकि के नेतृत्व में पदाधिकारी एकत्र होकर एसपी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में विभाग मंत्री विहिप अमृत गौड़, विभाग सह सयोंजक बजरंग दल जोगेंद यादव, जिला अध्यक्ष अमरनाथ वाल्मीकि,जिला मंत्री संजीव गुप्ता,संदीप शर्मा,अशोक यादव मौजूद रहे।


एसपी को पत्र देते विहिप पदाधिकारी।

### मारपीट और कब्जा करने के मामले में 5 पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के चंदपुरा सालिस निवासी एक दिव्यांग युवती के मकान पर कब्जा करने के मामले में एसपी के आदेश पर परिवार के कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है दिव्यांग युवती ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर ने अपने ताऊ और उनके परिवार के सदस्यों पर पैतृक भूमि पर कब्जा करने, मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता कुमारी शीतल के अनुसार वह पिता की मृत्यु के बाद अपनी छोटी बहन के साथ शाहबाद में किराये पर रह रही है। आरोप है कि इसी दौरान उसके ताऊ सोमपाल और उनके परिजनों ने उसकी जमीन पर बने मकान को तुड़वाकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। शीतल का आरोप है कि बीती 31 मई की दोपहर दो बजे वह अपनी छोटी बहन कुमारी मोंटी को लेकर चंदपुरा सालिस गांव पहुंची। जगह में मकान बनाने से मना किया तो उसके ताऊ सोमपाल और उनके परिवार के निरंकारी, ईश्वरी, राधा और सरस्वती ने उसको लात घूंसो से बुरी तरह मारा और उसके ऊपर बैठ गए ।जिसका वीडियो भी उसके पास मौजूद है। आरोप यह भी है कि उपरोक्त लोगों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।


मनोनयन पत्र दिखाते किसान।

### नये पदाधिकारियों को बांटे मनोनयन पत्र

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता के आह्वान पर संगठन द्वारा चलाए जा रहे अभियान चलो गांव की ओर के संदर्भ में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व महाराष्ट्र प्रदेश प्रभारी कामरान शाह खान के नेतृत्व में ग्राम केसरपुर में संगठन के जिलापाध्यक्ष शाकिर अली के प्रतिष्ठान पर नव नियुक्त पदाधिकारी सदस्यों को मनोनयन पत्र देकर सदस्यता ग्रहण कराई। संगठन की नीतियों व किसान हितों में किया जा रहे कार्यों व उससे किसानों को होने वाले लाभ के संबंध में वक्ताओं को समझाया ।संगठन द्वारा किसान हितों में आगामी 10, 11, व 12 जून को हरिद्वार में होने वाले चिंतन शिविर महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में किसानो पदाधिकारियो , व कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की गई। इस मौके पर संगठन के अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सैयद मुज्तबा अली नदीम,परवेज खान,नसीम मियां,शाकिर अली, हफीज अहमद, सतीश कुमार व ग्राम सभा अध्यक्ष नादिर मियां, पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

### पहला सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण रुका

**टांडा।** मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीत कर पहले बेटिंग करते हुए रॉयल नवाब क्लब ने निर्धारित 18 ओवर में 131 रन, बनाए ।उनके 6 खिलाड़ी आउट हुए। जिसमें बल्लेबाज ओसामा ने 31 रन, अजय यादव ने 26 रन, सुहैल कुरेशी ने 24, आलम फैजी ने 21 और अरशद अली ने 10 रन, रन बनाए। अतिरिक्त 21 रन बने ।यंग गोल्ड क्लब के गेंदबाज नावेद रहमानी ने 2, विकेट तथा तलहा, इफ्तिखार शेखू, नावेद, मॉडर्न, ने एक–एक विकेट लिया। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ ।जीत के लिए 132 रन बनाने के लिए यंग गोल्ड क्लब ने 2 ओवर में 14 रन बनाए थे, तभी अचानक तेज मूसलाधार बारिश शुरू हो गई जो 25 मिनट हुई ।जिससे मैदान काफी गीला होगया ।अंपायर शादाब कुरेशी और शहजाद ने यह मैच जहां से रुका है वहीं से आगे अगले दिन दूसरे सेमीफाइनल मैच से पहले पूरा कराने का फैसला लिया है। पहले यह अधूरा सेमीफाइनल मैच पूरा होगा फिर इसके तुरंत बाद दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा ।अंपायर शादाब कुरैशी और शहजाद रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे। ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की। मैच में मुख्य अतिथि व्यापार मंडल टांडा के महामंत्री आशीष वर्मा रहे ।इस अवसर पर भाजपा नेता मकसूद लाला, हाजी अली प्रिंस, आयोजक, हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, तौसीफ आलम, ज़ुबैर आलम, वसी खान, कदीर पप्पू, नुरुल हुदा ,कारी रिजवान, महबूब अली, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।


मैदान पर मौजूद खिलाड़ी एवं मुख्य अतिथि।

# लापरवाही बरतने में सहायक राजस्व लेखाकार निलंबित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला प्रशासन द्वारा मानवाधिकार आयोग उत्तर प्रदेश के केस/फाइल संख्या 7832/24/62/2026 में लापरवाही बरते जाने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने प्रकरण में कलेक्ट्रेट कर्मचारी नीरज कुमार सिंह, तत्कालीन शिकायत लिपिक एवं वर्तमान सहायक राजस्व लेखाकार सदर को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही शिकायत लिपिक अंकुर कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।इसके अतिरिक्त अभिलेखागार आंग्ल शाखा में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा समय से डाक प्रेषित न किए जाने तथा मामले को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में न लाने के संबंध में अमिता भटनागर, अभिलेखापाल अभिलेखागार आंग्ल एवं किरन सक्सेना, सहायक अभिलेखापाल अभिलेखागार आंग्ल को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनुशासनहीनता स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता बनी रहे।

## जनसमस्याओं का कराया जाए निस्तारण

**रामपुर।** प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# दिल्ली की घटना के बाद जागा दमकल विभाग

- सीएफओ ने होटलो में परखे सुरक्षा के इंतजाम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** दिल्ली के होटल में बुधवार को आग लगने के बाद 21 लोगों की मौत हो गई है। होटलों में आग लगने की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी है। बावजूद इसके सुरक्षा को लेकर कोई गंभीर नहीं है। जनपद में कई ऐसे होटल है जोकि बिना एनओसी के संचालित हैं।

शुक्रवार को मुख्य अग्निशमन अधिकारी विजय कुमार सिंह, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सुमित तंवर, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी ने योगेश वर्मा ने होटल रेडियंस पार्क, रिवर साइड इन में अभियान के दृष्टिगत चेकिंग की। साथ ही जनसमूह एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग-उपयोग बताकर चलाने की विधि के बारे में भी बताया गया। संबंधित को अग्निशमन उपकरणों को सदैव कार्यशील दशा में रखने एवं निकास मार्गो को सदैव अवरोध मुक्त रखने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा होटलो में मॉकड्रिल भी कराया गया। मॉकड्रिल में लोगों को बताया कि आग लगने के समय कब क्या करना चाहिए।


कोसी नदी स्थित होटल द रिवर साइड इन में जानकारी देते सीएफओ।

### जनपद में 150 से अधिक है रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हाल

अग्निशमन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जनपद में होटलों, रेस्टारेंट, बैक्वेंट हाल, लाज और धर्मशालाएं की संख्या 150 से अधिक है। इनमें कई होटल मुख्य मार्गों से लेकर गांव देहात क्षेत्रों में हैं। इनमें सुविधाओं का दाववा तो किया जाता है लेकिन हकीकत में सुरक्षा के इंतजाम सिर्फ औपचारिक एवं दिखावे के होते हैं। जिनकी वजह से होटलों में आगजनी की घटनाएं होती हैं।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत पर शोकसभा

**मिलक।** सड़क हादसे में दो युवकों की असामयिक मृत्यु पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा की ओर से शुक्रवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। महासभा के पदाधिकारियों ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि संगठन हर दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है ।इस अवसर पर सोमपाल मैथिल अरविंद , हरिपाल शर्मा, रवींद्र पाल शर्मा, जयप्रकाश मैथिल,ओमकार मोहनदेव शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, दीपक लाल शर्मा, बाबूराम शर्मा, श्रीलाल शर्मा सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

टूर्नामेंट | शहर विधायक आकाश सक्सेना ने किया टूर्नामेंट का आगाज

# अजीतपुर 11 ने एसएन हॉस्पिटल को 3 विकेट से हराकर जीता मैच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ज्वाला क्लब वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित केपी सिंह मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक आकाश सक्सेना तथा भाजपा के जिला महामंत्री अर्जुन रस्तोगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का पाठ पढ़ाते हैं तथा ऐसे आयोजन प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।पहले मुकाबले में अजीतपुर 11 ने एसएन हॉस्पिटल को 3 विकेट से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएन हॉस्पिटल ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाए। टीम की ओर से अतियाब उर रहमान ने 29 रन का योगदान दिया। जवाब में अजीतपुर 11 ने 19.4 ओवर में 7 विकेट खोकर 136 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। भास्कर दुबे ने 44 रन की शानदार पारी खेली, जबकि मोहम्मद आमिर ने 24 रन बनाए। गेंदबाजी में जितेंद्र यादव और भास्कर दुबे ने 2-2 विकेट हासिल किए। एसएन हॉस्पिटल की ओर से विक्की वसीम ने 2 विकेट लिए। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए भास्कर दुबे को मैन ऑफ द मैच चुना गया। रात्रि में खेले गए दूसरे मुकाबले में आरसीसी ने बाबा इलेवन को 104 रन से करारी शिकस्त दी।पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीसी ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 207 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। बिलाल मुहम्मद उस्मान ख्वाजा ने 73 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि रोहित कुमार ने 55 और हेमराज ने 35 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबा इलेवन की टीम 16 ओवर में 103 रन पर सिमट गई। आरसीसी की ओर से बिलाल मुहम्मद उस्मान ख्वाजा ने गेंद से भी कमाल दिखाते हुए 4 विकेट हासिल किए, जबकि पवन यादव ने 2 विकेट चटकाए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए बिलाल मुहम्मद उस्मान ख्वाजा को मैन ऑफ द मैच चुना गया ।इस अवसर पर अमित सिंह, बंटी राठौर, विनय, विक्की सक्सेना, संजू, अविनाश, हरिओम, लकी, विनोद, सूर्यकांत, शिवम भारद्वाज, त्रिभुवन, सुल्तान, शावेज, अभिषेक, अखिलेश, वरुण, विजय , सहित अनेक गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए आगामी मुकाबलों में भी इसी तरह के रोमांचक खेल की उम्मीद जताई।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# एक पेड़ मां के नाम अभियान का शंखनाद, जिले भर में 4.58 लाख पौधरोपण का लक्ष्य

## शासन के 5 करोड़ रोपण लक्ष्य में रामपुर की बड़ी भागीदारीः धर्मपाल सिंह

- ग्राम्य विकास विभाग को सर्वाधिक 2.94 लाख पौधे लगाने की जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रामपुर जनपद में प्रकृति के संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ाने के लिए एक महाअभियान का आगाज हुआ है।

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना और नमामि गंगे के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम और एक कदम हरित भविष्य के नाम अभियान के तहत जिले भर में कुल 4 लाख 58 हजार पौधे रोपने का विशाल लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ में पौधरोपण कर इस महाअभियान का विधिवत शुभारंभ किया। शासन द्वारा प्रदेश भर में एक दिन में 5 करोड़ पौधे लगाने के तय किए गए वृहद लक्ष्य में रामपुर ने अपनी यह मजबूत भागीदारी दर्ज कराई है।जिले में पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रभारी मंत्री ने सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र परिसर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हिस्सा लिया।जरूल का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट किया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान जनसहभागिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता का एक अत्यंत प्रभावी माध्यम है। उन्होंने जनपदवासियों का आह्वान किया कि पौधरोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनका संरक्षण एवं संवर्धन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को अपने घरों व आसपास कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।


पौधारोपण करते प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह एवं मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

### विभिन्न विभागों को सौंपी गई बड़ी जिम्मेदारी

इस पूरे महाअभियान को सफल बनाने के लिए वन विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की फौज मैदान में उतारी गई है। प्रभागीय निदेशक (सामाजिक वानिकी प्रभाग) श्री प्रणव जैन के अनुसार, 4.58 लाख के इस विशाल लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभागवार लक्ष्य तय किए गए हैं। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी ग्राम्य विकास विभाग के कंधों पर है, जिन्हें 2 लाख 94 हजार पौधे लगाने हैं। इसके अलावा कृषि विभाग को 74 हजार, उद्यान विभाग को 49 हजार, पंचायतीराज विभाग को 20 हजार और नगर विकास विभाग (समस्त नगर पालिका एवं नगर परिषद) को 3 हजार पौधे रोपने का लक्ष्य सौंपा गया है। इन सभी विभागों को वन विभाग की पौधशालाओं से निशुल्क पौध उपलब्ध कराए गए हैं, जिसकी प्रति घंटे की रिपोर्टिंग ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शासन की व्यापक रणनीति का है हिस्सा

जिले में चलाया जा रहा यह पौधारोपण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन की एक बहुत बड़ी और दीर्घकालिक कार्ययोजना का अहम हिस्सा है। मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरे प्रदेश में 35 करोड़ वृक्षारोपण का महालक्ष्य रखा गया है। इसी 35 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष, केवल विश्व पर्यावरण दिवस के एक ही दिन में पांच करोड़ पौधों का रोपण पूरे राज्य में किया जा रहा है, जिसमें रामपुर जिला अपनी तय 4.58 लाख की हिस्सेदारी पूरी कर रहा है। जिला वृक्षारोपण समिति, रामपुर इस पूरे कार्यक्रम की नोडल एजेंसी के तौर पर काम कर रही है।

### हर पेड़ एक प्रण का लिया संकल्प

सीआरपीएफ परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पेड़ एक प्रण, हर प्रण एक नई शुरूआत मुहिम को चरितार्थ करते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना,मिलक-शाहबाद विधायक राजबाला सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार और जिला प्रभारी चौधरी राजीव वर्मा ने भी पौधे लगाए। इसके साथ ही जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, डीआईजी पूर्ण सिंह धर्मशक्तू और मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दी।

# पालिकाध्यक्ष, ईओ ने लगाए 51 पौधे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** धरती बचाओ, जीवन बचाओ के संकल्प के साथ शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका ने गांधी समाधि परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून और अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर ने संयुक्त रूप से नीम, पीपल, बरगद व अशोक के पौधे रोपे। इस अवसर पर मौजूद कर्मचारियों ने भी पौधारोपण में हाथ बटाया,नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कहा कि आज तापमान लगातार बढ़ रहा है और प्रदूषण शहरों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है, इसका एकमात्र समाधान वृक्षारोपण है। उन्होंने हर नागरिक से अपील की कि जन्मदिन, सालगिरह जैसे अवसरों पर एक-एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे पेड़ बनने तक संरक्षित करें।ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पूरे शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गांधी समाधि सहित प्रमुख चौराहों, पार्कों और स्कूलों में चरणबद्ध तरीके से पौधे लगाए जा रहे हैं।

लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने और नियमित सिंचाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। कहा कि पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि रोज़ की जिम्मेदारी है। यदि आज हमने पेड़ नहीं लगाए तो आने वाली पीढ़ियों को सांस लेना भी मुश्किल हो जाएगा।कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली। इस दौरान नगर पालिका के कर्मचारी, सफाई मित्र और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी मुख्य सफाई निरीक्षक दिलशाद हसन,विल्सन कुमार, निर्माण लिपिक रफत शेर, लेखाकार हन्नान खां, मामून खां, बबीता सक्सेना, सभासद चेतना आजाद, सभासद तनवीर, सभासद मुईन अंसारी व सभासद शावेज अंसारी उपस्थित रहे।


पौधारोपण करती सना मामून। -जागरण मोर्चा

# वृक्ष आलिंगन थेरेपी के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का मजबूत संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम कोयला के बाग में वृक्ष आलिंगन चिकित्सा शिविर में थेरेपी के दौरान आयुर्वेद मर्म उद्धीपक मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने कहा कि ट्री हग थेरेपी का मतलब है किसी हरे-भरे मजबूत पेड़ को अपनी बाहों में भरकर कुछ समय के लिए शांत खड़े रहना।

इसे जापानी संस्कृति में 'शिनरिन-योकू' या 'फॉरेस्ट बाथिंग' का हिस्सा माना जाता है। आयुर्वेद और प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति वृक्षायुर्वेद के अनुसार,ट्री हग थेरेपी (वृक्ष आलिंगन चिकित्सा) मुख्य रूप से शरीर के तीन दोषों वात, पित्त और कफ के असंतुलन को ठीक करती है। आयुर्वेद के अनुसार, पेड़ जीवंत और सकारात्मक ऊर्जा के महासागर हैं। जब हम किसी बड़े वृक्ष को आलिंगन (गले) लगाते हैं, तो उसकी स्थिरता और ऊर्जा हमारे भीतर के बढ़े हुए दोषों को शांत करती है। यह क्रिया कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) के स्तर को तुरंत कम करती है। डॉ. चौहान ने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार मानसिक तनाव, चिंता, अनिद्रा,वात दोष में पीपल या बरगद के पेड़ अत्यधिक स्थिर और ऑक्सीजन से भरपूर होते हैं जो मन को तुरंत शांत करते हैं। नीम, आमला या चंदन की तासीर ठंडी होती है, जो शरीर की गर्मी और पित्त को शांत करती है। इन वृक्षों से आलिंगन में गुस्सा, हाई बीपी, त्वचा रोग,पित्त दोष शांत होते है। जबकि आलस्य, कफ, मोटापा,कफ प्रकृति दोष में नीलगिरी या देवदार पेड़ हीलिंग में उपयोगी साबित होते है यह शरीर में ऊर्जा और गर्मी का संचार करते हैं। वृक्ष आलिंगन चिकित्सा में 32 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। इस दौरान महेन्द्र,आसमा,अंकित पाल, रजनीश कुमार, रितिका आदि मौजूद रहें।


वृक्ष आलिंगन चिकित्सा शिविर में पेड़ से चिपके खड़े लोग। -जागरण मोर्चा

# हिम्मतपुर गौ आश्रय स्थल पर मंत्री ने किया गो-पूजन और पौधरोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने तहसील शाहबाद स्थित हिम्मतपुर गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने गोवंश के विधिवत पूजन, तिलक और माल्यार्पण के साथ की। मंत्री ने अपने हाथों से गोवंश को गुड़ खिलाकर सेवा का संदेश दिया और गौ संरक्षण को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में स्वच्छ पेयजल, चारा और चिकित्सा सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार द्वारा संचालित बकरी, मत्स्य और सूअर पालन जैसी स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

मंत्री ने गोमूत्र और गोबर के वैज्ञानिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक परंपराएं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी हैं। उन्होंने पशुपालकों से भावुक अपील करते हुए कहा कि दूध देना बंद करने के बाद भी गोवंश को निराश्रित न छोड़ें। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह, विधायक राजबाला सिंह, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, सीडीओ गुलाब चंद्र, पूर्व विधायक काशीराम दिवाकर, विधायक पति दिलीप लोधी और अन्य अधिकारियों ने गौशाला परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान एसडीएम आशुतोष कुमार, कोतवाल प्रदीप कुमार, बीजेपी नेता सुरेश बाबू गुप्ता, डॉ मनोज कुमार आदि रहे।


हिम्मतपुर गौशाला में गाय को गुड़ खिलाते प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह।

## 16 जून से मोहर्रम शुरू, कार्यक्रम जारी

**रामपुर।** हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ओकाफ मुतावल्ली ने आगामी 16 जून से शुरू होने वाले मोहर्रम कार्यक्रम जारी कर दिया है। जोकि 16 जून से 5 अगस्त तक कार्यक्रम जारी रहेंगे। जिसमें जुलूस, मजलिस के प्रोग्राम होंगे। 16 जून को पहला जुलूस शाम 4 बजे मिस्टन गंज से बरामद होगा, जोकि राजद्वारा, गांधी समाधि होते इमामबाड़ा पहुंचेगा। जबकि दूसरा जुलूस 7 मोहर्रम 23 जून तोपखाना गेट से निकलेगा। 17 से 24 तक अलग-अलग इमामबाड़ों में मजलिस होगी। 26 जून को मोहर्रम का यौमे अशूरा मनाया जाएगा। सुबह 7 बजे जरीह का जुलूस इमामबाड़ा किला से निकलेगा। इसके अलावा और जुलूस सीआरपी कैंप होते आगापुर कर्बला पहुंचेगा। 28 जून को एक जुलूस इमामबाड़ा कोठी खास बाग से दोपहर 3 बजे निकलेगा जोकि सीआरपी कैंप होता कर्बला पहुंचेगा।

कार्यक्रम | सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 650 की संख्या में लगाए गए पेड़-पौधे

# चमरौआ पीएचसी में सीएमओ ने किया पौधरोपण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.दीपा सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चमरौआ में पौधरोपण किया। उन्होंने प्रकृति से प्रेरित जलवायु के लिए भविष्य के लिए अनुरूप लोगों को पर्यावरण संरक्षण, हरित जीवनशैली अपनाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वस्थ्य वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं ब्लकि प्रकृति समाज एवं आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर योगदान देना चाहिए। जिससे कि स्वस्थ्य एवं हरित समाज का निर्माण किया जा सके। इसके बाद कार्यालय में कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डिप्टी एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार, डॉ.आरके वर्मा, डॉ.सत्यप्रकाश, डॉ. केके चहल चमरौआ पीएचसी प्रभारी आदि मौजूद रहे।



चमरौआ पीएचसी में पौधरोपण करतीं सीएमओ। -जागरण मोर्चा


जिला अस्पताल में पौधरोपण करते सीएमएस। -जागरण मोर्चा

### जिला अस्पताल में सीएमएस ने लगाए पेड़-पौधे

**रामपुर।** जिला अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया। इसके बाद परिसर में स्टॉफ को शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच प्रकृति का संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। हर व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह प्रकृति के संवर्धन में अपनी सक्रिय भागीदारी करे। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके जीवित रहने तक उचित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

## सार संक्षेप

### मदद एक आस फाउंडेशन ने किया पौधरोपण

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था मदद एक आस फाउंडेशन द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम कोसी मन्दिर चौकी में आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत संस्था के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विभिन्न औषधीय और छायादार पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित चौकी प्रभारी ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध और हरा-भरा बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।वरिष्ठ पदाधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति*पौधरोपण अभियान का नेतृत्व फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा और जिला अध्यक्ष संचित कपूर ने किया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में पर्यावरण कोऑर्डिनेटर शुभम सक्सेना और कोषाध्यक्ष शालिनी रस्तोगी की अहम भूमिका रही। कार्य में संस्था के उत्साही सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिनमें मुख्य रूप से ममता सोनी, अंकुर सक्सेना, कमल चावला, अंकुर राजपूत, राहुल सक्सेना, रेनू सक्सेना, गीतांजलि शर्मा, गोपाल शर्मा, निहारिका, सोनी, अमित सोनी, बबीता गुप्ता शामिल रहे।


पौधरोपण करते पदाधिकारी।

### जिला कारागार में लगाए गए 150 पौधे

**रामपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला कारागार में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कारागार परिसर में विभिन्न प्रजातियों के कुल 150 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर कारागार प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि वृक्ष मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं उनके संरक्षण से ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में कारागार के अधिकारी, जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर सुनील कुमार सिंह, उपजेलर रूचि, कार्तिकेय दुबे, सुनील शुक्ला, रणवीर सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के लिए जन-जागरूकता फैलाने के संकल्प के साथ किया गया।


जिला कारागार में पौधरोपण करते अधिकारी।

### पर्यावरण सुपरहीरो अभियान का हुआ आगाज

**मिलक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरु नानक एकेडमी, मिलक ने दक्ष फाउंडेशन के सहयोग से पर्यावरण सुपरहीरो अभियान का आयोजन किया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित भविष्य के लिए प्रेरित करना है।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम मिलक अनुराग सिंह और नायब तहसीलदार अंकित अवस्थी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। युवा सत्ता पार्टी के अध्यक्ष नलिन सिंह ने भी अभियान में भाग लिया।विद्यालय के चेयरमैन विशेष शर्मा, वाइस चेयरमैन रिजवान खान, डायरेक्टर शीतल शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना और उप-प्रधानाचार्य अमित गंगवार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पौधे लगाए।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी।


पौधरोपण करते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### तहसील परिसर में किया पौधरोपण

**टांडा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।जिसमें उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा,तहसीलदार निश्चय कुमार और अधिवक्ता ने परिसर में वृक्षारोपण किया। आमजन से मां के नाम एक पेड़ लगाने व उसकी रक्षा करने का आवाहन किया गया।उपजिलाधिकारी ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं, उसकी देखभाल कर उसे आत्मनिर्भर पेड़ बनाना आवश्यक है।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी विकास कुमार वर्मा, तहसीलदार निश्चय कुमार, सतपाल सिंह, पृथी सेनी, कुंवर संजय सिंह, अनिल कुमार भारद्वाज,दिनेश सिंह, वेद प्रकाश सेनी, कुंवर पाल सिंह, समर सिंह चौहान, अफजाल अली, सोमवीर सिंह, तारिक हुसैन, अशोक पाल सिंह, प्रमोद सिंह, धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों को लेकर आप का प्रदर्शन

**रामपुर।** महंगी दरों और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला, जिलाध्यक्ष अंसार अहमद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता बिजली चेकिंग, स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों और जनता विरोधी विद्युत नीतियों के विरोध में नवाब गेट बिजली घर पहुंचे। राज्यपाल के नाम ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम माध्यम से ज्ञापन भेजा।

प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। प्रदेश में लगातार बढ़ रही बिजली कटौती और अव्यवस्थाओं से जनता त्रस्त है। उन्होंने कहा कि जनता बिजली, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रही है, लेकिन सरकार इन समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हुई है। ज़िलाध्यक्ष अंसार अहमद ने कहा कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था ने उपभोक्ताओं की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। प्रदेशभर से फ़र्ज़ी बिलिंग, गलत रीडिंग और कई गुना अधिक बिजली बिल आने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे आम उपभोक्ता आर्थिक रूप से परेशान हो रहा है। प्रदर्शन करने वालों में सभासद मौहम्मद जफ़र, सभासद यासीन उर्फ गुड्डू, सरफराज गुडडू, आरिफ सिकंदर राजू, वकील अहमद, शाहवेज़ भूरा उर्फ डम-डम, हबीब अहमद, आसिफ अली आदि मौजूद रहे।


एक्सईएन को ज्ञापन सौंपते प्रदेश प्रवक्ता व अन्य।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बहजोई में पंच संकल्प अभियान

- 5 सदस्यों ने 5 किमी साइकिल यात्रा कर लगाए 5 औषधीय पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बहजोई एथलेटिक्स क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को समर्पित एक प्रेरणादायी अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत क्लब के पांच सदस्यों ने सुबह 5 बजे 5 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया तथा पांच औषधीय एवं उपयोगी पौधों का रोपण किया। अभियान का उद्देश्य लोगों को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराना और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना था।


पौधारोपण करते बहजोई एथलेटिक्स क्लब के पदाधिकारी।

अभियान में बहजोई एथलेटिक्स क्लब के प्रतिनिधि के रूप में सम्भव जैन, जय प्रकाश गुप्ता, राजीव गुप्ता, सुमित गुप्ता और अनुराग वार्ष्णेय शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने साइकिल यात्रा के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने का संदेश दिया।

इसके उपरांत नवीन पुलिस लाइन मार्ग स्थित बीएमबीएल जैन वर्ल्ड स्कूल परिसर में पंचमुखी गुड़हल, राम तुलसी, हरसिंगार, करी पत्ता एवं नींबू के पौधों का रोपण किया गया। इन पौधों का चयन उनके औषधीय, पर्यावरणीय तथा स्वास्थ्यवर्धक गुणों को ध्यान में रखते हुए किया गया। उपस्थित लोगों को इन पौधों के महत्व और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर बीएमबीएल जैन ग्रुप के निदेशक सम्भव जैन ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस की भावना को सार्थक बनाने के लिए "पंच संकल्प" अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से पांच महत्वपूर्ण संकल्प अपनाने का आह्वान किया।

जल संरक्षण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाते हुए पानी की बर्बादी रोकने का संकल्प लिया जाए। प्लास्टिक के उपयोग को कम कर पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाया जाए। सम्भव जैन ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़े परिवर्तन की नींव रखते हैं। कार्यक्रम के अंत में क्लब के प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि आगामी वर्षों में इस अभियान को और अधिक व्यापक स्वरूप दिया जाएगा तथा अधिकाधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर राजघाट बबराला में चला एक पेड़ मां के नाम अभियान

## डीएम व एसपी ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बबराला/संभल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजघाट बबराला में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पौधे लगाकर जनपदवासियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। वृक्ष न केवल पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का आधार भी हैं। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।



राजघाट बबराला में पौधारोपण करते डीएम व एसपी। –जागरण मोर्चा

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे तो हरित और स्वच्छ वातावरण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत, डीएफओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से अधिकारियों ने समाज को यह संदेश दिया कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है।

## जल और पर्यावरण संरक्षण के लिये हम सबको सार्थक प्रयास करने होंगे

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद नवउदय शाखा द्वारा प्राथमिक विद्यालय कैथल में विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यकर्ताओं ने तुलसी, गुड़हल, बेल व बोगनबेलिया आदि पौधे रोपित कर पर्यावरण को संजोने का एक सार्थक प्रयास किया गया। साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए विचार गोष्ठी भी की गई। जिसमें संकल्प लिया कि सभी व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण को बचाने के उपाय करेंगे। अतुल शंकर चौधरी प्रान्त संयोजक पर्यावरण ने कहा कि हमारी परिषद पर्यावरण संरक्षण के लिये समर्पित है और देश भर में सभी शाखाओं ने बृहद रूप से पौधेरोपित किये जा रहे हैं। जल और पर्यावरण संरक्षण के लिये हम सबको सार्थक प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु शर्मा तथा संचालन मधुर वार्ष्णेय ने किया। इस दौरान विकास गोयल, नितिन गुप्ता, दीपक गुप्ता, मोहित गोयल, संध्या गुप्ता, सुनीता शर्मा, प्रीति कश्यप, नीतू गुप्ता एवं मोहित कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# जनपद न्यायाधीश डा. विदुषी सिंह ने किया पोधारोपण

- न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ भव्य पोधारोपण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशा-निर्देशों पर शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्भल के तत्वावधान में न्यायालय परिसर में एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एव अध्यक्ष डा. विदुषी सिंह द्वारा की गई, जिन्होंने न्यायालय परिसर में स्वयं पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस पावन अवसर पर न्यायालय परिसर के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साह और ऊर्जा के साथ परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। जनपद न्यायाधीश डा. विदुषी सिंह ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण को बढ़ाने और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का कड़ा संदेश दिया। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौधा लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित न रहकर प्रत्येक नागरिक की सतत जिम्मेदारी होनी चाहिए। वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए प्राण वायु (आक्सीजन), छाया एवं प्राकृतिक संसाधनों के महत्वपूर्ण स्रोत भी हैं। इस दौरान अपर जिला न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट), सम्भल रागिनी, अपर जिला न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट), सम्भल अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सम्भल दीपक कुमार जायसवाल आदि न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे।


विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करती जिला जज।

## महिला पदाधिकारियों ने किया पौधारोपण

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर, वूमेन प्राइड एवं वूमेन एरा की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन विनायक गार्डन में किया गया। जिसमें ग्रुप पदाधिकारियों ने अशोक, चंपा, नीम, तुलसी, गेंदा, बेलपत्र सहित अन्य प्रकार के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल पौधे लगाने नहीं बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरुकता और जिम्मेदारी का भाव जगाना था। सभी पदाधिकारियों को एक-एक तुलसी का पौधा वितरित किया गया। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, सुधा चौधरी, अनु रस्तोगी, पद्मा भार्गव, शुभा कागजी, अलका मंगल, नीतू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अंजली चौधरी, वंदना अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, रेशू अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, गीताली अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल आदि पदाधिकारी मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में जायन्ट्स ग्रुप की महिला पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप


मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

### व्यापारियों ने मनाया मुख्यमंत्री का जन्मदिन

चन्दौसी। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मिठाई वितरित कर खुशी व्यक्त की तथा मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा हैं और प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। व्यापारी वर्ग आज सुरक्षित माहौल में अपना व्यापार कर रहा है। वहीं नगर महामंत्री शुभम अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। जिससे युवा व्यापारियों को नई दिशा और अवसर मिल रहे हैं। इस अवसर पर निशांत शर्मा, राजू ठआकुर, प्रतिपाल मौर्य, वीरपाल राणा, दीपक वार्ष्णेय, सुमित शर्मा, तुषार कुमार आदि मौजूद रहे।

### प्रशासन ने जेसीबी से जमींदोज कराई मजार

**चन्दौसी।** जनपद की तहसील गुन्नौर क्षेत्र में बबराला के निट खेरेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में स्थित मजार को प्रशासन ने शुक्रवार को पुलिस मौजूदगी में जमींदोज करा दी। इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। बबराला के निकट खेरेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र में प्रशासन को अवैध मजार बनी होने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद प्रशासन द्वारा जांच कराई गई उक्त मजार अवैध पाई गई। शुक्रवार को डीएम अंकित खंडेलवाल व एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उक्त मजार को ध्वस्त करा दिया। डीएम ने बताया कि कार्रवाई नियमानुसार की गई है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर राजस्व विभाग, नगर पंचायत प्रशासन व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


बबराला में मजार को जमींदोज करतीं जेसीबी।



पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद भाजपाई।

### भाजपा नगर मंडल का पौधारोपण अभियान

**बहजोई।** विश्व पर्यावरण दिवस व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस तथा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बहजोई द्वारा शुक्रवार को श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मंडी समिति परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीपल, जामुन, इमली एवं आंवला सहित विभिन्न छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधों की नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लिया।नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मंडल प्रभारी चंद्रसेन सिंह खडगवंशी, पूर्व नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल वार्ष्णेय, पूर्व जिला मंत्री अनिल कुमार वार्ष्णेय, नगर महामंत्री सुमित कुमार वार्ष्णेय, नगर उपाध्यक्ष नीरज वार्ष्णेय एवं अमित मोदी, डॉ. रश्मि वार्ष्णेय, प्रेमशंकर कश्यप, कोषाध्यक्ष खेलेंद्र वार्ष्णेय, नगर मंत्री जितेंद्र कुमार बरनवाल, नीरज श्रीवास्तव, भुवनेश वार्ष्णेय, शरद वार्ष्णेय, मृदुल वार्ष्णेय, लक्की वार्ष्णेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड स्थित अकरौली चौराहा के पास कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद युवक द्वारा कार को रोकने के प्रयास में चालक उसे 100 मीटर आगे ले गया। घायल का उपचार सीएचसी में कराया गया है। जबकि पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर कार को कब्जे में लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर निवासी द्विजेंद्र कुमार राघव पुत्र ठाकुर अनंत कुमार सिंह शुक्रवार की शाम बाइक से मुरादाबाद से लौट रहे थे। थाना बनियाठेर क्षेत्र के अकरौली चौराहा के दामाद श्यामेंद्र का घर पर रुका। तभी पीछे से आ रही कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक द्विजेंद्र कुमार घायल हो गए। मौके पर मौजूद उनके दामाद कार को रोकने के लिए आगे खड़े हो गए। चालक ने कार नहीं रोकी और आगे बढ़ा दी, जिससे घायल के दामाद बोनट पर आ गए और 100 मीटर चले गए। मगर उसे चोट नहीं आई। घटना की सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गई और कार को बदायूं चुंगी पर पहुंच पकड़ लिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेते हुए कार को कब्जे में लिया है। वहीं घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**विश्व पर्यावरण दिवस** | लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के संकल्प लिया

# पौधारोपण आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की आधारशिला


पौधारोपण करती पालिकाध्यक्ष व कर्मचारी।


पौधारोपण करते भाजपाई।


शपथ लेते श्री नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी।



पौधारोपण करते वैश्य एकता समिति के पदाधिकारी।


पौधारोपण करतें आकांक्षा सोसायटी के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों, सरकारी कार्यालयों कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में लोगों, अधिकारियों, कर्मचारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए पालिका के अस्थाई कार्यालय गांधी पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और अपने संबोधन में कहा आज का

पधारोपण कल का भविष्य संरक्षण है। वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन के प्राणाधार हैं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पोधारोपण के माध्यम से हम पर्यावरण को संरक्षण करन का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान सभासद शिव कुमार सैनी, सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, प्रभाकर गुप्ता, नरेश कुमार, राजकुमार, हिना गोयल, चन्द्रमोहन, रविंद्र शर्मा, लवित वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, कृष्णमोहन आदि मौजूद रहे। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वैश्य एकता समिति के तत्वावधान में भी पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समिति अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय ने कहा आज का पधारोपण कल का भविष्य संरक्षण है। छात्रा वंशी यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबके लिए बहुत जरूरी है। इस दौरान आकाश वार्ष्णेय, दीपेश कुमार, अनमोल वार्ष्णेय, डा. दिशांत गुप्ता, प्रखर गर्ग, मोहित बंसल, प्रथम वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय, मयंक

वार्ष्णेय, हेमंत कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं श्री नारायण सेवा समिति ने पर्यावरण के भावी संरक्षण के लिए नगर जारई रोड स्थित वीआर. सनसिटी कालोनी में पौधारोपण किया गया। पौधा लगाने वाले सदस्य को उस पौधे की देखभाल की पूर्ण जिम्मेदारी दी गई । पौधों में पीपल, जामुन, अर्जुन, सागौन, सहजन, शीशम, करसागौन और नीम आदि के पौधे रोपित किए

गए। समिति के अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ व दृगपाल सिंह ने कहा कि आज के लगाए गए पौधे कल जब बड़े पेड़ हो जाएंगे तो आगामी पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वस्थ व समृद्ध भविष्य की आधारशिला बन जाएंगे । इसके साथ डा. आशीष यादव, हरीश कठेरिया, डा. डी.के. अग्निहोत्री ने कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे सस्ता, सुलभ, सुरक्षित और संभावित उपाय है। अंत में पर्यावरण संरक्षण, पौधों की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्धन आदि की शपथ सभी सदस्यों को दिलाई गई । इसदौरानकृष्णगोपाल गुप्ता, बृज गोपाल गुप्ता, सुखलेश सिंह आदि मौजूद रहे। उधर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आकांक्षा सोसाइटी द्वारा दिव्यांग एवं निराश्रित दिव्यांगजनों के लिए संचालित आवश्यक ग्रह से प्रशिक्षण केंद्र में पर्यावरण जागरूकता एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजनों द्वारा गमलों में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ दिव्यांगजनों को सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना था। उन्होंने पौधे लगाकर यह संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग की तरह दिव्यांगजन भी पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। सोसाइटी की अध्यक्ष संगीता भार्गव ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और वृक्षों की लगातार हो रही कटाई चिंता का विषय है। ऐसे में अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी देखभाल करने तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस दौरान सरिता, सोनल ,काजल, निशा, शालू, अध्या, रूपाली, हर्ष, कुमुद एवं अंकुश आदि का सहयोग रहा। सभी ने मिलकर दिव्यांगजनों का उत्साहवर्धन किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।वहीं मोदी सरकार के 12 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम पोधारोपण महाभियान में नगर के विभिन्न बूथों पर पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। नगर मंडल भाजपा की टीम ने गांधी पार्क और जलकल परिसर में सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने कहा के कहा कि मा ने जीवन दिया है और पेड़ ही जीवन बचाएगा। इसलिए हम सब लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल भी करनी चाहिए ।इस दौरान मनोज कठेरिया, तरुण कुमार नीरज, देवेंद्र गुप्ता,संजय बंसल,आकाश आहूजा,शीला सागर,आशा गोस्वामी,मुकेश जाटव,सभासद शिव कुमार सैनी आदि मौजूद रहे।

## गांव के मुख्य मार्ग पर जल भराव की समस्या से ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर**। तहसील क्षेत्र के एक गांव के मुख्य मार्ग पर जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण जल भराव की समस्या से ग्रामीण काफी परेशान हो रहे हैं भाई ग्रामीणों द्वारा समस्या का समाधान न होने पर उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज करने की बात कही।

तहसील क्षेत्र के ग्राम देहरा मिलक में कुंदरकी भूड़ रोड पर जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण गत कई वर्षों से राहगीरों एवं ग्रामीणों को जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है,कभी कभी गुजरते समय दोपहिया वाहन गंदे पानी में फिसलकर गिर जाते हैं। जिससे एक ओर गिरने वाले चोटिल हो जाते हैं,वहीं कपड़े खराब होने से बाहर जाने का कार्यक्रम रद्द करना पड़ता है। कई कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला है। शिकायत करने वालों में संतर पाल, नारायण दास, मुकेश त्यागी, राकेश त्यागी,चंद्रपाल, डा बंगाली, पुष्पेंद्र, कल्लन, ईशु त्यागी आदि।

## विश्व पर्यावरण दिवस : चेयरमैन राजपाल सैनी ने किया पौधरोपण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पालिका प्रांगण में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में सभासदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया और पर्यावरण बचाने की शपथ ली, इसी के साथ मुख्यमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासन की मंशा के अनुरूप नगर पालिका प्रशासन द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया शासन के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन को 1500 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसी लक्ष्य के अंतर्गत शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में सभासदों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर पालिका प्रांगण में पौधारोपण किया गया और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प भी लिया गया।इसी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनके जन्मदिन की बधाई दी।

इस मौके पर मुकेश गुप्ता,कविता सैनी, बबीता सैनी, आरती गुप्ता, सभासद मुन्ना चौहान, हम्ज़ा अली, ज्योति गर्ग, संजय सहदेव,सचिन गुप्ता, विक्रांत शर्मा, विशाल वर्मा, सविता सिंह, बाबू करन सिंह, कौशल कुमार, दिनेश कुमार, शारिक सहित पालिका का स्टाफ मौजूद रहा।


विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करते चेयरमैन एवं अन्य। –जागरण मोर्चा

### वन रेंज कार्यालय पर पर्यावरण दिवस मनाया, रोपे पौधे

**हसनपुर** ।तहसील क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर स्थित वन रेंज कार्यालय पर शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस विशेष अभियान की शुरुआत की गई है।उन्होंने पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए हर नागरिक को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।वन रेंजर ने ग्रामीणों से भी इस मुहिम से जुड़ने की अपील की।


विश्व पर्यावरण दिवस पर वन रेंज कार्यालय में हुआ पौधरोपण।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर बी एम बी एल जैन सेवा न्यास ने दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश

### वैश्विक तापमान को संतुलित करने का उपाय केवल धरती को हराभरा बनाना - डॉ० पवन कुमार जैन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बुद्धि विहार फेस-2 में गुलमोहर, कचनार, कदम, पीपल आदि के पौधे रोपे गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते वैश्विक तापमान और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच धरती को पुनः हरित एवं समृद्ध बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वैश्विक तापमान को संतुलित करने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण देने का सबसे प्रभावी उपाय धरती को हराभरा बनाना है।

इस अवसर पर न्यास के विधिक सलाहकार एडवोकेट अमन जैन ने बताया कि यह सुखद संयोग है कि विश्व पर्यावरण दिवस के दिन ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित न्यास अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन का जन्मदिवस भी है। उनकी प्रेरणा से न्यास पिछले आठ वर्षों से निशुल्क ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन कर रहा है, जिसका उद्देश्य जनसामान्य में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 11,000, द्वितीय पुरस्कार 5,100, तृतीय पुरस्कार 2,100 तथा चार सांत्वना पुरस्कार 1,100 प्रति विजेता नकद प्रदान किए जाते हैं। प्रतियोगिता एवं न्यास की गतिविधियों से संबंधित विस्तृत जानकारी न्यास की वेबसाइट www.bmbljaintrust.com पर उपलब्ध है।

कार्यक्रम में न्यास की सचिव नमन जैन, विधिक सलाहकार एडवोकेट अमन जैन, विकास गर्ग, गोपाल कृष्ण, सुभाष शर्मा सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे तथा सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।



पौधरोपण करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन। –जागरण मोर्चा

### पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

**गजरौला** । सरकारी व प्राईवेट कार्यालयों एवं संस्थानों, औद्योगिक इकाईयों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। नगर पालिका अध्यक्षा राजेन्द्री उर्फ उमा एवं उनके पुत्र प्रमोद कुमार ने नगर के डंपिंग ग्राउंड में पौधारोपण किया। कहा कि पेड़–पौधे और वनस्पति ही हमें जीवन जीने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, साथ ही हरियाली ही पृथ्वी का आभूषण है। इस मौके पर ईओ ललित कुमार आर्य, लेखाकार आदेश अग्रवाल, ललित कुमार, चंद्रपाल सिंह, अक्षय शुक्ला, रविन्द्र पाल, शिवम सिंघल आदि मौजूद रहे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जुबिलेंट इनग्रेविया लिमिटेड परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत नीम, बरगद, शीशम आदि के पौधे रौपे गए। मुख्य अतिथि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी गिरीश चंद्र आर्य ने जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा एवं निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित के संग पौधे लगाए।

## सार संक्षेप

### वायरल वीडियो के आधार पर युवक से मारपीट करने वाला मुख्य आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

**हसनपुर** ।कोतवाली क्षेत्र में गुंडागर्दी और एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई, पुलिस ने मुख्य आरोपी जगनपाल उर्फ लखीचन्द को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस की पकड़ में आने के बाद आरोपी जगनपाल का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वह पुलिस अभिरक्षा में आगे से ऐसी गलती न करने की बात कहते हुए कान पकड़कर माफी मांगता नजर आ रहा है। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। मारपीट के पहले से दर्ज मुकदमे के साथ ही आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।


वीडियो वायरल का आरोपी पुलिस की पकड़ मे।

### आवासीय कॉलोनी में नियमों के विपरीत संचालित होटल पर कार्रवाई की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद**। शहर के थाना मझोला क्षेत्र स्थित मानसरोवर कॉलोनी के निवासियों ने आवासीय क्षेत्र में संचालित मानसरोवर पैराडाइज होटल के खिलाफ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनी के बीच संचालित होटल से क्षेत्र की शांति, सुरक्षा और सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि मानसरोवर कॉलोनी जैसे आवासीय क्षेत्र में संचालित मानसरोवर पैराडाइज होटल के तीन गेट हैं और अक्सर एक समय में बड़े स्तर पर तीन–तीन विवाह समारोह, पार्टियां और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इससे क्षेत्र में जाम की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि देर रात तक तेज ध्वनि में डीजे और अन्य गतिविधियों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि मानसरोवर पैराडाइज होटल परिसर में बार एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने से देर रात तक लोगों का आवागमन बना रहता है, जिससे कॉलोनी का वातावरण प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन में मानसरोवर पैराडाइज होटल संचालन की वैधता, निर्धारित मानकों के अनुपालन और सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने की मांग की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवासीय क्षेत्र में संचालित किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान को संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित नियमों और मानकों का पालन करना चाहिए। यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन पर कई क्षेत्रवासी रंजीत कुमार, सीपी सिंह, अनुराधा, श्रीपाल, रामौतार, बबलू सिंह, राजेंद्र बिश्नोई, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार और बबलू सिंह, अरुण कुमार मिंटू आदि के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं, समाचार लिखे जाने तक होटल प्रबंधन की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।



## बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, 17 बकायेदारों के मीटर उतारे, मुकदमा दर्ज


विद्युत विभाग की टीम चेकिंग करते हुए। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर**। शुक्रवार को नगर में विद्युत विभाग और विजिलेंस की संयुक्त टीम ने एक लाख से अधिक के बड़े बकायेदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कड़ी कार्रवाई करते हुए टीम ने 17 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटकर उनके बिजली मीटर सीज कर दिए।

विभाग के इस सख्त रुख को देखकर कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपने बिलों का भुगतान किया, जिससे विभाग को 6 लाख 32 हजार रुपए के राजस्व की वसूली हुई। चेकिंग के दौरान एक उपभोक्ता पूर्व में कनेक्शन कटने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाया गया, जिसके खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि बिजली चोरी और बिलों की पेंडेंसी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए समय पर बिल भुगतान करने की अपील की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, चालक गंभीर रूप से घायल

**हसनपुर** । शुक्रवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के रहरा अड्डे से संभल अड्डे की तरफ जा रहे एक ई-रिक्शा में लापरवाही से आ रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा पलट गया और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, ई-रिक्शा चालक अनवार पुत्र सलामत, निवासी मोहल्ला कनेटा रोड, गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनके सिर में गंभीर चोट आई है। पीड़ित अनवार ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है।पीड़ित ने ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई और रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

- चौदह दिन पूर्व मृतक की मां की हुई थी मौत गांव में शोक की लहर

जागरण मोर्चा संवाददाता

**मुरादाबाद**। भगतपुर थाना क्षेत्र चौकी मानपुर के गांव पाडली बाजे में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 25 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर स्थित अमृत सरोवर के पास आम के पेड़ पर लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। युवक की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव पाडली बाजे निवासी संजय पुत्र ब्रजकिशोर (25 वर्ष) का शव गांव के बाहर अमृत सरोवर के निकट एक आम के पेड़ पर लटका हुआ पाया गया। सुबह ग्रामीणों ने जब शव को पेड़ पर लटका देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और युवक को उस हालत में देखकर परिवार में कोहराम मच गया।

मृतक के बहनोई ने बताया कि संजय का काफी समय से मानसिक बीमारी का मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। करीब 14 दिन पूर्व उसकी माँ का भी निधन हो गया था, जिसके बाद से वह मानसिक रूप से काफी परेशान और गुमसुम रहने लगा था। घटना की जानकारी मिलने पर भगतपुर थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया गया।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। युवक की असमय मृत्यु से गांव पाडली बाजे में शोक की


स्थानीय लोगों से जानकारी जुटाती पुलिस। –जागरण मोर्चा

## प्रतिभा हत्याकांड में पुलिस ने पति एवं ससुर को किया गिरफ्तार, तीन लोग फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । गर्भवती विवाहिता प्रतिभा की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी पति एवं ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मुकदमे में नाम दर्ज तीन आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार भविष्य दे रही है।

मंगलवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कला में सोनू खड़कवंशी के घर के गेट पर उसकी 24 वर्षीय पत्नी प्रतिभा उर्फ पिंकी काश पड़ा मिला था, सूचना पर पहुंचे थाना सैद नगली के गांव तरारा निवासी मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जमकर हंगामा करते हुए अलीगढ़ मार्ग जाम कर दिया था। मृतक्का के परिजनों का आरोप है की प्रतिभा की गला दबाकर हत्या की गई है तथा सोशल पक्ष प्रतिभा पर गर्भपात के लिए दबाव बना रहा था, प्रतिभा ने गर्भपात करने के लिए मना किया तो उसकी हत्या कर दी गई। मृतका के परिजनों के द्वारा इस दौरान घर में तोड़फोड़ भी की गई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस द्वारा पति सोनू, सास,ससुर, देवर सहित पांच के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया की मुख्य आरोपी सोनू खड़गवंशी एवं उसका पिता चेतराम पुलिस की पकड़ में है, बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस दबिश दे रही है, जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।



आरोपी पिता पुत्र पुलिस की पकड़ में।

### हमलावरों ने छाबड़ा मंडल उपाध्यक्ष को मारपीट कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी**। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दियौरा खास में दुकान से उधार सामान खरीदने पर विवाद हुआ था। जिसमें गुरवार की सुबह खेत पर घूमने गए भाजपा छाबड़ा मंडल उपाध्यक्ष पर आरोपी ने हमलाकर घायल कर दिया। पिता-पुत्रों सहित एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

छाबड़ा मंडल के उपाध्यक्ष रतन लाल चंद्र पउत्र किशोरी लाल गुरुवार की सुबह खेत पर घूमने गए थे। तभी हमलावरों ने हमलाकर कर उन्हें घायल कर दिया। घायल के पुत्र देवेंद्र सिंह की तहरीर पर थाना पुलिस ने गांव के जगत सिंह, उसके पुत्र वीरेश व नन्हे सहित एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी है। जबकि आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

**मांग** परिजनों ने प्रभारी निरीक्षक से वार्ता कर आरोपियों की गिरफ्तारी की की मांग

## मृतका प्रतिभा के परिजनों ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ कैंडल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर** । प्रतिभा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन ने क्षेत्र के महिला व पुरुषों के साथ कैंडल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा और प्रभारी निरीक्षक से वार्ता कर फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

मंगलवार की देर रात्रि कोतवाली क्षेत्र गांव शाहपुर कला में मकान के गेट के पास गर्भवती प्रतिभा का के शव मिलने की सूचना पर परिजनों द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जाम लगाया था, वही मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस द्वारा पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। शुक्रवार को मृतका के परिजनों द्वारा अमरोहा चौराहे से लेकर कोतवाली तक कैंडल मार्च निकालकर प्रतिभा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र भेजा गया। मांग पत्र के अनुसार परिजनों द्वारा पूरे प्रकरण की स्वतंत्र एवं उच्च स्तरीय एजेंसी से जांच कराने की मांग की गई है, पर जिन्होंने आरोप लगाया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी छेड़छाड़ की गई है। इसी के साथ उन्होंने पूरे घटनाक्रम में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की है।इसी के साथ परिजनों द्वारा प्रभारी निरीक्षक से भी वार्ता कर फरार चल रहे आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक द्वारा फरार चल रहे आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया गया।

इस दौरान भावना सिंह, फूलवती, सविता, बबली,संजना, शिवानी, क्रांति, श्यामवती, रूपवती, लज्जावती, सुनील कुमार सतवीर, शीशपाल, आकाश, प्रदीप, प्रेमचंद,, गुलाब,लखन, विकास, ओमसिह आदि मौजूद रहे।



मृतका प्रतिभा के परिजन कैंडल मार्च निकालते हुए। –जागरण मोर्चा

# सपनों का सहारा छिन गया, मां की आंखों के सामने उजड़ गई दुनिया

जागरण मोर्चा कार्यालय, हर्षित मिश्रा

**आसफपुर।** शुक्रवार सुबह करीब छह बजे गांव सुरैनी पापड़ी में सूरज तो रोज की तरह निकला था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह सुबह यादव परिवार की जिंदगी में ऐसा अंधेरा छोड़ जाएगी, जो शायद कभी खत्म नहीं होगा। गांव के मेंथा कारोबारी बट्टू सिंह यादव के घर में रोज की तरह चहल-पहल थी। कोई चाय पी रहा था, कोई खेत जाने की तैयारी कर रहा था। मां ने बेटों को सुबह जल्दी उठाया था। पत्नी रसोई में खाना बना रही थी। बच्चे अभी नींद में थे। लेकिन कुछ ही मिनटों बाद वही घर चीखों और मातम से भर गया। चार बेटों और एक बेटी वाले बट्टू सिंह यादव ने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में लगा दी थी। गांव के लोग बताते हैं कि उन्होंने संघर्ष और मेहनत से मेंथा का कारोबार खड़ा किया था। उन्हें भरोसा था कि चारों बेटे मिलकर कारोबार संभालेंगे और परिवार को आगे बढ़ाएंगे। लेकिन शुक्रवार सुबह सबकुछ उजड़ गया।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

परिवार के मुताबिक बड़ा बेटा जयवीर यादव (35) रोज की तरह प्लांट पर काम देखने गया था। घर से निकलते समय उसने अपने छोटे बच्चों को प्यार किया और पत्नी से मुस्कुराकर कहा था — "जल्दी लौट आऊंगा" लेकिन किसी को क्या पता था कि यह उसके आखिरी शब्द होंगे। बताया जाता है कि जयवीर टैंक में पाइप ठीक करने के लिए उतरा था। टैंक में पहले से जहरीली गैस भरी हुई थी। नीचे उतरते ही वह बेहोश होकर गिर पड़ा। जब काफी देर तक उसकी कोई आवाज नहीं आई तो छोटा भाई राजेश यादव (22) घबरा गया। वह बड़े भाई को बचाने के लिए बिना कुछ सोचे-समझे टैंक में उतर गया। लेकिन कुछ ही पलों में जहरीली गैस ने उसे भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। दोनों भाइयों को अंदर बेहोश देख तीसरा भाई मनवीर यादव खुद को रोक नहीं पाया। गांव वालों के मुताबिक वह रोते हुए बस यही कह रहा था-"मैं भाइयों को कुछ नहीं होने दूंगा" और फिर वह भी उस टैंक में उतर गया।

कुछ ही मिनटों में तीनों बेटे जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे थे। बाहर खड़े पिता बट्टू सिंह यादव बदहवास होकर चिल्ला रहे थे -"कोई मेरे बच्चों को बचा लो मेरे लाल अंदर हैं" उनकी आवाज सुनकर गांव के लोग दौड़ पड़े। किसी ने रस्सी उठाई, किसी ने मुंह पर गमछा बांधा। जान जोखिम में डालकर ग्रामीण टैंक के पास पहुंचे और तीनों भाइयों को बाहर निकाला। जब तीनों को जमीन पर लिटाया गया तो मां चीखते हुए बेटों के ऊपर गिर पड़ी। वह कभी जयवीर का चेहरा पकड़ती, कभी राजेश को झकझोरती और रोते हुए कहती -"उठ जा बेटा तेरी मां बुला रही है" वह मंजर देखकर वहां खड़े लोगों की आंखें भी भर आईं। ग्रामीण काफी देर तक उनकी सांसें लौटाने की कोशिश करते रहे। कोई हाथ मल रहा था, कोई सीने पर दबाव बना रहा था, तो कोई भगवान से दुआ कर रहा था। लेकिन दो बेटों की सांसें हमेशा के लिए थम चुकी थीं। यह खबर जैसे ही घर पहुंची, वहां कोहराम मच गया। जयवीर की पत्नी अपने पति से लिपटकर रोती रही। उसकी सूनी होती मांग और टूटती चूड़ियां देखकर वहां मौजूद महिलाएं भी खुद को रोक नहीं सकीं। वह बार-बार यही कह रही थी -"अभी तो बच्चों को बड़ा करना था अभी तो घर के सपने पूरे करने थे मुझे छोड़कर क्यों चले गए" वहीं राजेश यादव की पत्नी की हालत भी बेसुध जैसी थी। शादी के बाद उसने जिस जीवन के सपने देखे थे, वह कुछ ही पलों में बिखर गए।

घर के एक कोने में खड़े मासूम बच्चे बार-बार पूछ रहे थे -"मम्मी, पापा कब उठेंगे?" लेकिन वहां मौजूद किसी के पास इन सवालों का जवाब नहीं था। पिता बट्टू सिंह यादव कभी दीवार पकड़कर रो पड़ते तो कभी बेटों के पास बैठ जाते। टूटे हुए शब्दों में वह बस इतना ही कह पाए — "मैंने अपने बच्चों की खुशियों के लिए यह प्लांट लगाया था मुझे क्या पता था यही मेरे बच्चों को मुझसे छीन लेगा" गांव सुरैनी पापड़ी में शुक्रवार को हर गली, हर चौपाल और हर घर में सिर्फ इसी हादसे की चर्चा थी। बुजुर्गों की आंखें नम थीं। महिलाएं रो रही थीं। हर कोई यही कह रहा था कि ऐसा दर्दनाक मंजर उन्होंने जिंदगी में कभी नहीं देखा। जिस घर में कुछ दिन पहले तक बच्चों की किलकारियां, हंसी और भविष्य के सपने थे, वहां अब सिर्फ सन्नाटा, आंसू और मातम बचा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अंकित पाठक ने बांटे हजारों पौधे, शिप्रा पाठक की हरित मुहिम को मिली नई ऊर्जा

## पंचतत्व पौधशाला से निःशुल्क वितरित हुए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय





पर्यावरण दिवस पर पौधे वितरण करते समाजसेवी युवा नेता अंकित पाठक।

- बदायूं की बेटी शिप्रा पाठक की प्रेरणा से देशभर में चल रहा हरित जागरण अभियान
- 13 हजार किमी पदयात्रा और नदी संरक्षण अभियानों से राष्ट्रीय पहचान बना चुकी हैं शिप्रा

**दातागंज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम सराय स्थित पंचतत्व पौधशाला से संस्था के संयोजक अंकित पाठक ने हजारों पौधों का निःशुल्क वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लेकर पौधे प्राप्त किए और उन्हें रोपित व संरक्षित करने का संकल्प लिया।

अंकित पाठक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने बताया कि पंचतत्व संस्था का उद्देश्य केवल पौध वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि पौधों के संरक्षण और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। गौरतलब है कि देशभर में 'वाटर वूमेन' के नाम से प्रसिद्ध बदायूं की बेटी शिप्रा पाठक ने अपनी जन्मभूमि दातागंज क्षेत्र के ग्राम सराय में पिछले वर्ष निःशुल्क पौध वितरण और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पंचतत्व पौधशाला की स्थापना कराई थी।

पौधशाला का शुभारंभ क्षेत्र के संत-महात्माओं के वैदिक मंत्रोच्चार और आशीर्वाद के साथ हुआ था। शिप्रा पाठक के नेतृत्व में देश के विभिन्न राज्यों में संचालित दर्जनों पौधशालाओं के माध्यम से हजारों पौधों का वितरण और संरक्षण किया जा रहा है। पर्यावरण एवं जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के लिए वह अब तक लगभग 13 हजार किलोमीटर की पदयात्रा कर चुकी हैं। उनकी यात्राओं में नर्मदा, गोमती, वरुणा, मंदाकिनी और नाद नदी संरक्षण अभियान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे हैं।

इसके अलावा शिप्रा पाठक पीलीभीत से गाजीपुर के कैथी तक 1008 किलोमीटर लंबी गोमती पदयात्रा तथा अयोध्या से रामेश्वरम तक 4100 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा पूर्ण करने वाली देश की पहली महिला पर्यावरण यात्री मानी जाती हैं। इन यात्राओं के दौरान नदी संरक्षण और वृक्षारोपण को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। हाल ही में उन्होंने देश के 25 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में पर्यावरण विषयक गोष्ठियों के माध्यम से हजारों युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के अभियान से जोड़ा। वर्तमान में पंचतत्व संस्था के हजारों स्वयंसेवक विभिन्न राज्यों में पौधारोपण, जल संरक्षण और पौधों के पालन-पोषण का कार्य कर रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर अंकित पाठक द्वारा किए गए पौध वितरण कार्यक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि शिप्रा पाठक की प्रेरणा और पंचतत्व संस्था के प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण की अलख अब जन-जन तक पहुंच रही है।



पर्यावरण दिवस पर मां के नाम एक पेड़ लगाते जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उझानी के कृषि विज्ञान केंद्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व बिल्सी विधायक हरीश शाक्य की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष व बिल्सी विधायक ने आमजन से एक पेड़ मां के नाम अवश्य रोपित कर उसे संरक्षित करने का आवाहन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर जनपद में 8 लाख 65 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य शासन स्तर से दिया गया है। अधिकारी इस लक्ष्य को प्राप्त करें।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि पौधारोपण का कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण करता है अपितु इससे स्वास्थ्य लाभ भी होता है, क्योंकि पौधों से हमें ऑक्सीजन मिलती है और ऑक्सीजन जीवन दायिनी है। उन्होंने सभी से कहा कि वह अवश्य पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर डीएम अवनीश राय व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### डीएम-एसपी ने किया एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण

**बदायूं।** डीएम एसएसपी ने संयुक्त रुप से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र, उझानी में वृक्षारोपण किया। दोनों अधिकारियों ने वृक्षारोपण अभियान के महत्व को समझाते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण कराये जाने के निर्देश दिए।



वृक्षारोपण करतीं एस एसपी अंकित शर्मा व मौजूद कर्मचारी-अधिकारी।

पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र उझानी, जनपद बदायूँ में जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अंकिता शर्मा ने वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। अधिकारियों द्वारा निर्देश दिए कि जनपद के लिए निर्धारित वृक्षारोपण के लक्ष्य को हर हाल में समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और उचित देखभाल भी सुनिश्चित की जाए। वृक्षारोपण के दौरान प्रभागीय वन अधिकारी निधी चौहान, थाना प्रभारी उझानी एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### खेत पर मक्का एकत्र करते समय सर्पदंश से किसान की मौत

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र में बृहस्पितवार की शाम खेत में मक्का एकत्र कर रहे किसान को सांप ने डस लिया। परिजन किसान को लेकर राजकीय मेडीकल कॉलेज पहुंचे, वहां कुछ देर उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने किसान का पोस्टमार्टम कराया। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव फाजिल नगला निवासी अनिल कुमार (24) पुत्र अमर सिंह बृहस्पतिवार शाम करीब 6 बजे अपने खेत पर गये थे। वहां वह खेत में कटी पड़ी मक्का की फसल को एकत्र कर रहे थे।तभी सांप ने उन्हें डस लिया। सांप के डसने के कुछ देर बाद किसान की हालत बिगड़ने लगी। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन खेत पर पहुंचे और आनन-फानन में उनको राजकीय मेडीकल कॉलेज ले गये। चिकित्सकों ने जैसे ही उपचार शुरु किया, तभी कुछ देर बाद किसान ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हादसे के बाद मृतक किसान के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### एक पेड़ माँ के नाम!





**सहसवान।** नगर मंडल के प्रमोद संस्कृत महाविद्यालय सहसवान बूथ संख्या-368 पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को सशक्त किया एवं प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पांच पौधा रोपित किए गए के साथ उसके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया... इस कार्यक्रम में नगर मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# हटाए गए विद्युत कर्मियों को वापस ले सरकार : हर्षवर्धन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं विद्युत संविदा कर्मचारी पूर्व नोटिस के तहत मालवीय आवास गृह पर एकत्रित हुए। जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार को दिया।



ज्ञापन सौपते बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

यहां संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन ने बताया कि पावर कॉर्पोरेशन ने अपने ही आदेश दिनांक 15 मई 2017 का उल्लंघन कर 25000 हजार विद्युत संविदा कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया। जिसकी वजह से काम का दबाव बड़ा है और लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। हटाए गए कर्मचारियों को सरकार वापस ले अन्यथा आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी बताया की 22 अप्रैल से 28 मई 2026 तक पूरे प्रदेश में 37 दिनों में 36 दुर्घटनाएं हुई है जिसमें 23 कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है और 14 गंभीर रूप से घायल हुए जिनका कॉरपोरेशन संज्ञान नहीं ले रहा। जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि 24 जून 2026 को शक्ति भवन लखनऊ पर होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

इस दौरान धीरेंद्र कुमार सिंह, हर्षवर्धन, मुसब्बिर अली सिद्दीकी, श्री कृष्णा, जगतपाल, रविंद्र कुमार, मुकुल मौर्य, धर्मवीर, रंजीत, सत्यपाल शर्मा, अनिल कुमार, मुनेंद्र यादव, विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण हमारी आस्था, आने वाली पीढ़ियों के लिए करें वृक्षारोपण : फात्मा रजा

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बदायूं।** नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज और एफएसटी प्लान्ट में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी आस्था जुड़ा विषय है। इसलिए हमारा भी दायित्व है कि हम इन संसाधनों को सुरक्षित रखते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण का निर्माण करें।

फात्मा रजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थिति की संतुलन बनाए रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और जलवायु संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह वृक्षारोपण अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति के उन जीवनदायी मूल्यों से जुड़ने का एक महाअनुष्ठान है, जिनमें प्रकृति को पूजनीय और संरक्षित करने की भावना निहित है।

पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने उपस्थित छात्राओं, शिक्षकों और नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल का संकल्प भी ले। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें संरक्षित कर बड़ा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# छत पर सो रहे युवक की करंट लगने से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

- छत किनारे लघुशंका करते समय लगा करंट
- युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र में छत पर सो रहा युवक लघुशंका करने के लिए छत के किनारे खड़ा हो गया। वहां से गुजर रहे बिजली के तारों से किसी तरह उसका हाथ टच हो गया। करंट लगते ही युवक नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है।



बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव रानेट गोविंदपुर निवासी यादराम (31) पुत्र रामचंद्र यादव बृहस्पतिवार रात खाना खाकर छत पर सोने गया था। रात में लघुशंका लगने पर उसकी आंख खुल गई और वह छत के किनारे पर लघुशंका करने लगा। इसी दौरान घर के पास से गुजर रही बिजली की लाइन से उसका हाथ टच हो गया। करंट लगते ही युवक नीचे जा गिरा। परिवार के लोगों ने उसे सड़क पर गिरा देखा तो वह मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गया है। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**अभियान** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में किया पौधरोपण

# नीम-पीपल-बरगद को बताया सामाजिक न्याय का प्रतीक :आबिद रजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री एवं स्टार प्रचारक आबिद रजा और सांसद आदित्य यादव के प्रतिनिधि अनिल आनन्द ने नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

पूर्व मंत्री एवं स्टार प्रचारक आबिद रजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत बन चुका है। स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और हरियाली के बिना मानव जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि पौधे केवल प्रकृति का श्रृंगार नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की भी गारंटी हैं।



वृक्षारोपण करते हुए पूर्व मंत्री आबिद राजा। -जागरण मोर्चा

- गांव-गांव चलाएंगे हरित अभियान, लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील
- युवाओं से कहा-एक पौधा लगाएं, उसकी देखभाल कर पर्यावरण बचाएं

पूर्व मंत्री ने कहा कि वह गांव-गांव जाकर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नीम, पीपल और बरगद जैसे छायादार एवं जीवनदायी वृक्ष लगाने का अभियान चला रहे हैं।

उन्होंने इन वृक्षों को सामाजिक न्याय, समानता और समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि जैसे ये पेड़ बिना किसी भेदभाव के सभी को छाया और शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, उसी प्रकार समाज में भी समानता और भाईचारे की भावना मजबूत होनी चाहिए। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है।

उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आगे आकर हरित अभियान का हिस्सा बनने और पर्यावरण बचाने की मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। पूरे आयोजन के दौरान पर्यावरण जागरूकता, हरियाली बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव हत्या कर शव लटकाने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

- पत्नी की विदा कराने ससुराल आया था युवक
- शादी के बाद से पत्नी से रहती थी अनबन

**बदायूं।** सहसवान कोतवाली क्षेत्र में गांव बादशाहबाद की मढ़ैया के समीप नदी किनारे जंगल में एक युवक का शव लटका मिला। युवक अपनी ससुराल आया हुआ था। मृतक की पहचान संभल जिले के थाना जुनावई के गांव धनीपुर निवासी राजेश (24) पुत्र सुम्मेरी के रुप में हुई। परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

मृतक के पिता सुम्मेरी ने बताया कि राजेश का विवाह करीब तीन साल पहले सहसवान कोतर्रवाली क्षेत्र के गांव नयागांव निवासी जगदीश पाल की पुत्री सीमा से हुआ था। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में अनबन रहने लगी। जिसके चलते कुछ समय पहले उसकी पत्नी अपने मायके चली आई। बुधवार को राजेश अपनी पत्नी सीमा को लेने ससुराल गया था। बृहस्पतिवार शाम करीब 6 बजे उसका शव पड़ोसी गांव बादशाहबाद की मढ़ैया के समीप नदी किनारे पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने ससुराल वालों पर मारपीट कर हत्या करने के बाद शव लटकाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सहसवान धनंजय सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत हैंगिंग से होना बताया जा रहा है। तहरीर मिलने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
www.jagranmorchadaily.com




# सम्पादकीय

## पर्यावरणीय संकट से समाधान की ओर बढ़ने का समय

5 जून को मनाया जाने वाला विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पृथ्वी और मानवता के भविष्य को बचाने का वैश्विक संकल्प है। वर्ष 2026 का विश्व पर्यावरण दिवस ऐसे समय में आया है जब जलवायु परिवर्तन, प्लास्टिक प्रदूषण, जैव विविधता का क्षरण, जल संकट, वायु प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन ने पृथ्वी के अस्तित्व को गंभीर चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। इस वर्ष की थीम ह्लप्लास्टिक प्रदूषण का अंतह्व (ठमंज च्संेजपब च्वससनजपवद) केवल प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान नहीं है, बल्कि उपभोगवादी जीवनशैली और प्रकृति-विरोधी विकास मॉडल पर पुनर्विचार का भी संदेश है। आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को झेल रही है। कहीं भीषण गर्मी जीवन को असहनीय बना रही है, कहीं अनियंत्रित वर्षा और बाढ़ तबाही ला रही है, तो कहीं सूखा और जल संकट मानव अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। उत्तराखंड के जंगलों में आग, हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना, महानगरों में प्रदूषण, बेंगलुरु जैसे तकनीकी नगरों में जल संकट और लगातार बढ़ती गर्मी इस बात के संकेत हैं कि पर्यावरणीय संकट अब भविष्य की नहीं, वर्तमान की वास्तविकता बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टें चेतावनी दे रही हैं कि पिछले एक दशक में जलवायु संबंधी आपदाओं से लाखों लोगों की मृत्यु हुई है और खरबों डॉलर की आर्थिक क्षति हुई है। जैव विविधता का ह्रास, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण-ये तीनों संकट परस्पर जुड़े हुए हैं। यदि वैश्विक तापमान वृद्धि को नियंत्रित नहीं किया गया तो मानव सभ्यता के सामने अभूतपूर्व संकट खड़ा हो सकता है। 2015 के पेरिस जलवायु समझौते में वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, लेकिन आज भी दुनिया उस दिशा में अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि विश्व के सामने उपस्थित इस सबसे बड़े संकट को भारत की राजनीति में वह महत्व नहीं मिला, जिसका वह अधिकारी है। चुनावी घोषणापत्रों में पर्यावरण का उल्लेख तो होता है, लेकिन वह केवल औपचारिकता भर रह जाता है। राजनीतिक दल यह मानकर चलते हैं कि पर्यावरण, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन वोट दिलाने वाले मुद्दे नहीं हैं। परिणामस्वरूप पर्यावरणीय प्रश्न न तो चुनावी बहस का हिस्सा बनते हैं और न ही राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का। जबकि सच्चाई यह है कि आने वाली पीढ़ियों का जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा इसी प्रश्न पर निर्भर करती है। पर्यावरणीय संकट का मूल कारण विकास की वह अवधारणा है जिसमें प्रकृति को केवल संसाधन और उपभोग की वस्तु मान लिया गया है। हमने जंगलों को उद्योगों के लिए, नदियों को अपशिष्ट के लिए और भूमि को कंक्रीट के जंगलों में बदलने के लिए प्रयोग किया। प्रकृति हमें जीवन का आधार निःशुल्क देती है, लेकिन हमने उसके प्रति कृतज्ञता के बजाय दोहन का व्यवहार अपनाया। परिणामस्वरूप वनस्पतियों का विनाश, वन्य जीवों का संकट, भूमिगत जल का क्षय और प्रदूषण का विस्तार निरंतर बढ़ रहा है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति को पूजनीय माना है। वृक्षों, नदियों, पर्वतों और वनस्पतियों को केवल भौतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता के रूप में देखा गया। आयुर्वेद और वनौषधि विज्ञान इसका श्रेष्ठ उदाहरण हैं। जड़ी-बूटियों और वनस्पतियों ने हजारों वर्षों तक मानव स्वास्थ्य की रक्षा की, लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड़ में यह ज्ञान और प्राकृतिक संपदा दोनों उपेक्षित होते गए। आज जब नई-नई बीमारियां मानव जीवन को चुनौती दे रही हैं, तब पुनः प्रकृति और वनस्पति जगत की ओर लौटने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। वर्तमान संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और नैतिक संकट भी है। वायु प्रदूषण लाखों लोगों की असामयिक मृत्यु का कारण बन रहा है। जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। कृषि व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मौसम चक्र असंतुलित हो गया है। गरीब और कमजोर वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कभी इंदिरा गांधी ने कहा था कि गरीबी सबसे बड़ा प्रदूषक है। आज यह कथन और अधिक प्रासंगिक हो गया है क्योंकि गरीबी और पर्यावरणीय विनाश एक-दूसरे को बढ़ाने वाले कारक बन गए हैं। भारत में पर्यावरण संरक्षण के लिए कानूनों की कमी नहीं है। 1972 में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम से लेकर अनेक पर्यावरणीय कानून बनाए गए। लेकिन कानूनों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच गहरी खाई बनी हुई है। अवैध खनन, वनों की कटाई, प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों की अनदेखी और पर्यावरणीय मंजूरियों में शिथिलता इस बात का प्रमाण हैं कि संस्थागत इच्छाशक्ति अभी भी पर्याप्त नहीं है।

# पर्यावरण संरक्षण एक युग का संकल्प



■ प्रहलाद सिंह पटेल

(लेखक पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री हैं)

विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है। यह वह क्षण है जब हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों को पुनः स्मरण करते हुए एक ऐसे भविष्य की कल्पना करनी चाहिए, जहां जल, जंगल और जमीन सुरक्षित हों। आज आवश्यकता केवल एक दिन के संकल्प की नहीं, बल्कि आने वाले युगों तक चलने वाले जन-संकल्प की है।

पीढ़ियों से हम सुनते आए हैं.. 'जल ही जीवन है।' किंतु विडंबना यह है कि इस सत्य को समझने में हमें एक गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ा। आज यह संकट किसी एक मोहल्ले, शहर, राज्य या देश तक सीमित नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण पृथ्वी के अस्तित्व से जुड़ा वैश्विक प्रश्न बन चुका है। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है। बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित शहरीकरण, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन ने प्राकृतिक जल स्रोतों को तेजी से क्षीण कर दिया है। ऐसे समय में पानी की प्रत्येक बूंद को सहेजना मानवता का सबसे बड़ा दायित्व बन गया है। जल संकट की गंभीरता केवल पानी की कमी तक सीमित नहीं है। भू-जल स्तर का निरंतर गिरना, नदियों का प्रदूषित होना, पारंपरिक जल स्रोतों का लुप्त होना और वर्षा जल का व्यर्थ बह जाना इस संकट के प्रमुख कारण हैं। कभी गांवों और नगरों की जीवनरेखा रहे तालाब, बावड़ियाँ और कुएं आज उपेक्षा, अतिक्रमण और कचरे के बोझ तले दम तोड़ रहे हैं। दूसरी ओर कृषि और उद्योगों में जल के अंधाधुंध दोहन ने स्थिति को और अधिक विकट बना दिया है। ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' आशा की एक सशक्त किरण बनकर उभरा है। यह अभियान केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी पर आधारित एक सामाजिक आंदोलन है, जिसका मूल मंत्र है... 'जन सहयोग से जल संरक्षण और संवर्धन।' इसका उद्देश्य जल संकट के मूल कारणों का समाधान करते हुए समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करना है।



विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

मैंने स्वयं अपने विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर तथा गृह नगर गोटेगांव में सिंगरी नदी के पुनर्जीवन हेतु सफाई अभियान चलाकर जल स्रोतों के संरक्षण का प्रयास किया है। इसी अनुभव के आधार पर मैं सदैव आह्वान करता हूं– 'नदियों को नाला बनाना बंद करें।' वास्तव में नदी का उद्गम स्थल ऊर्जा का केंद्र होता है और जहां नदियों का संगम होता है, वहां जीवन की नई संभावनाएँ जन्म लेती हैं। इसलिए नदियों के उद्गम और उनके प्राकृतिक स्वरूप की रक्षा करना हमारा सामूहिक दायित्व है। खास इसमें यह भी है कि संकल्प का विकल्प नहीं होता। इसलिए संकल्प प्रधान होना आवश्यक है।

'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत पुराने तालाबों, कुओं, बावड़ियों और नदियों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि बारिश का पानी धरती में समाहित होकर भू-जल स्तर को पुनर्जीवित कर सके। जल स्रोतों के आसपास व्यापक वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण की प्राकृतिक प्रक्रिया मजबूत हो सके। साथ ही नदियों में प्रदूषण रोकने और गंदे नालों के प्रवाह को नियंत्रित करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस अभियान के परिणाम उत्साहवर्धक हैं। जल संरचनाओं की सफाई और गहरीकरण से भू-जल स्तर में सुधार हुआ है। अनेक ऐतिहासिक तालाबों और बावड़ियों का पुनर्जीवन हुआ है, जिससे स्थानीय स्तर पर जल उपलब्धता बढ़ी है। 'पानी चौपाल' जैसे कार्यक्रमों ने लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा की है और जल बचाने की संस्कृति को पुनर्जीवित किया है। कई क्षेत्रों में विलुप्तप्राय नदियां पुनः प्रवाहित होने लगी हैं, जो इस अभियान की सफलता का जीवंत प्रमाण हैं। कृषि क्षेत्र में भी इस अभियान ने सकारात्मक प्रभाव डाला है। किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे कम पानी में अधिक उत्पादन संभव हो रहा है। यह न केवल जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि किसानों की आर्थिक समृद्धि का भी आधार बन रहा है।हालांकि जल संकट के स्थायी समाधान के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास भी आवश्यक हैं। शहरों में अपशिष्ट जल का शोधन कर पुनः उपयोग किया जाना चाहिए। औद्योगिक प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण आवश्यक है और व्यक्तिगत स्तर पर भी हमें पानी की बर्बादी रोकने की आदत विकसित करनी होगी। जब तक समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस जिम्मेदारी को स्वीकार नहीं करेगा, तब तक कोई भी अभियान पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। जल संरक्षण केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा नैतिक दायित्व है। यदि आज हम जल को सहेजेंगे, तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा। हमें अपनी प्राचीन जल संस्कृति से जोड़ते हुए वैज्ञानिक जल प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग देखना है।

आइए, इस विश्व पर्यावरण दिवस पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि जल की हर बूंद को बचाएंगे, जल स्रोतों का संरक्षण करेंगे और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। क्योंकि सच यही है–पानी को सहेजना ही आने वाली पीढ़ियों को बचाना है, और जल का संरक्षण ही जीवन का संरक्षण है।

# जहां हाथ रखो, वहीं दर्द : देश की परीक्षा व्यवस्था का सच

भारत में परीक्षा अब केवल ज्ञान मापने का माध्यम नहीं रही, बल्कि यह एक ऐसा उद्योग बन चुकी है'

'सरकारें बयान देती हैं– 'दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।' लेकिन छात्र पूछते हैं– 'हमारा खोया समय कौन लौटाएगा?'

भारत में परीक्षा अब केवल ज्ञान मापने का माध्यम नहीं रही, बल्कि यह एक ऐसा उद्योग बन चुकी है जिसमें छात्र, अभिभावक, कोचिंग संस्थान, सरकार और व्यवस्था–सब अपने-अपने हिसाब से शामिल हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इस खेल में सबसे ज्यादा पिसता वही है, जिसके भविष्य की सबसे अधिक चिंता की जाती है– यानी छात्र।



■ प्रो. डॉ. राकेश शर्मा

हर साल करोड़ों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठते हैं। कोई डॉक्टर बनने का सपना लेकर निकलता है, कोई इंजीनियर, कोई सरकारी अफसर और कोई शिक्षक बनने की उम्मीद में अपनी जवानी किताबों के ढेर में झोंक देता है। लेकिन दुखद यह है कि परीक्षा से पहले ही उनका असली टेस्ट शुरू हो जाता है– फॉर्म भरने की जद्दोजहद, वेबसाइट का क्रैश होना, पेपर लीक की आशंका, परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की परेशानी और रिजल्ट आने तक मानसिक तनाव। यानी जहां हाथ रखो, वहीं दर्द।

भारतीय परीक्षा व्यवस्था अब छात्रों के धैर्य की परीक्षा ज्यादा लेने लगी है, योग्यता की कम। कभी प्रश्नपत्र लीक हो जाता है, कभी भर्ती परीक्षा रद्द हो जाती है, कभी परिणाम महीनों तक अटक जाता है और कभी कोर्ट में मामला पहुंच जाता है। लाखों युवाओं की जिंदगी 'अगली सूचना तक स्थगित' के बोर्ड पर टंगी रहती है। सरकारें बयान देती हैं– 'दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।' लेकिन छात्र पूछते हैं– 'हमारा खोया समय कौन लौटाएगा? '

विडंबना यह है कि जिस देश में युवा आबादी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है, वहीं युवाओं को सबसे ज्यादा असुरक्षा परीक्षा व्यवस्था से मिलती है। एक गरीब परिवार का बच्चा गांव से शहर आता है, किराए के कमरे में रहता है, दिन-रात पढ़ाई करता है और परिवार उम्मीदों का पहाड़ उसके कंधों पर रख देता है। लेकिन जब परीक्षा रद्द होती है या भर्ती वर्षों तक अटकती है, तो टूटता सिर्फ एक रिजल्ट नहीं, बल्कि पूरा परिवार टूटता है।

कोचिंग उद्योग इस व्यवस्था की सबसे चमकदार और सबसे क्रूर तस्वीर बन चुका है। शिक्षा अब सेवा नहीं, पैकेज बन चुकी है। बड़े-बड़े पोस्टर, एयर कंडीशन क्लासरूम, 'टॉपर फैक्ट्री' के दावे और करोड़ों का कारोबार–यह सब मिलकर परीक्षा को ऐसा बाजार बना चुके हैं जहां सफलता भी बिकती हुई दिखाई देती है। गरीब छात्र किताब खरीदने से पहले सोचता है, जबकि कोचिंग संस्थान 'सफलता की गारंटी' के विज्ञापन छापते हैं। शिक्षा मंदिर कम और शॉपिंग मॉल ज्यादा लगने लगे हैं।

राजनीति भी इस दर्द से अछूती नहीं। चुनाव आते ही रोजगार और भर्ती की घोषणाएं शुरू हो जाती हैं। लाखों पदों के विज्ञापन निकलते हैं, लेकिन परीक्षा और नियुक्ति की प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि कई उम्मीदवार उम्र सीमा पार कर जाते हैं। युवाओं को आश्वासन मिलता है, नौकरी नहीं। बेरोजगारी के आंकड़े भाषणों में छिप जाते हैं और छात्र आंदोलन सड़कों पर दिखाई देने लगते हैं।

सबसे चिंताजनक बात मानसिक दबाव है। परीक्षा अब केवल करियर नहीं तय करती, बल्कि समाज में सम्मान का पैमाना भी बन चुकी है। नंबर कम आए तो रिश्तेदारों की नजर बदल जाती है। प्रतियोगी परीक्षा में असफल हुए तो समाज 'नाकाम' का तमगा लगाने में देर नहीं करता। यही दबाव कई युवाओं को अवसाद की ओर धकेल देता है। कोटा जैसे शहरों से आने वाली आत्महत्या की खबरें केवल समाचार नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की असफलता का आईना हैं जिसमें इंसान से ज्यादा नंबरों की कीमत है।हमारी शिक्षा प्रणाली का सबसे बड़ा दोष यह है कि यहां रटने की क्षमता को बुद्धिमत्ता समझ लिया गया है। बच्चे की कल्पनाशक्ति, व्यवहारिक ज्ञान और कौशल से ज्यादा महत्व उस उत्तर पुस्तिका को मिलता है जिसमें वही लिखा हो जो किताब में छपा है। सवाल पूछने वाला छात्र 'शरारती' कहलाता है और चुपचाप याद करने वाला 'मेधावी '। यानी शिक्षा नहीं, स्मरण शक्ति का उत्सव चल रहा है।

तकनीक के दौर में भी परीक्षा प्रणाली पुराने ढर्रे पर चल रही है। ऑनलाइन परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ी, सर्वर डाउन, गलत उत्तर कुंजी और पारदर्शिता की कमी आम बात हो चुकी है। डिजिटल इंडिया के दावों के बीच छात्र साइबर कैफे की लाइन में खड़े दिखाई देते हैं। व्यवस्था आधुनिक होने का दावा करती है, लेकिन छात्र की परेशानी आज भी वैसी ही है।

अब सवाल यह है कि समाधान क्या है? सबसे पहले परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध बनाना होगा। पेपर लीक को केवल अपराध नहीं, राष्ट्रीय नुकसान माना जाना चाहिए। भर्ती परीक्षाओं को राजनीतिक घोषणाओं का साधन बनाने के बजाय संवैधानिक जिम्मेदारी की तरह लेना होगा। शिक्षा को कोचिंग बाजार के भरोसे छोड़ने के बजाय स्कूल और कॉलेज स्तर पर मजबूत करना होगा।

साथ ही समाज को भी अपनी सोच बदलनी होगी। हर बच्चा डॉक्टर या अफसर नहीं बन सकता और न ही सफलता का केवल एक ही रास्ता है। जब तक हम अंकों को इंसान की कीमत से जोड़ते रहेंगे, तब तक यह दर्द खत्म नहीं होगा।

सच्चाई यही है कि भारत की परीक्षा व्यवस्था आज उस मरीज की तरह हो चुकी है जिसे हर कोई देख रहा है, लेकिन इलाज करने से बच रहा है। छात्र पढ़ाई से कम और व्यवस्था से ज्यादा लड़ रहा है। और हालत यह है कि जहां हाथ रखो, वहीं दर्द महसूस होता है।

**(लेखक मीडिया बौद्धिक विशेषज्ञ एवं स्वदेश के ब्यूरो प्रमुख है)**

# योगी युगः संन्यासी से सुशासन के शिखर तक

आज उत्तर प्रदेश विश्व क्षितिज पर अपनी दमदार दस्तक दे रहा है। उप्र में बिगड़ी कानून व्यवस्था को पटरी पर लाकर सुधारों की जो गाड़ी चल पड़ी उसमें निःसंदेश योगी आदित्यनाथ की अथक परिश्रम और असीमित ऊर्जा सन्निहित है। आज उत्तर प्रदेश में निवेशकों का भरोसा लौटा है आज निवेशको की पसंद में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है



■ डी डी पाण्डेय

साधारण, संयमित और सरल जीवन जीने वाले और भगवा रंग का कुर्ता पहनने वाले योगी आदित्यनाथ का 1994 मे गोरक्ष पीठ के उत्तराधिकारी से शुरू हुआ सफर उप्र के सत्ता के शीर्ष तक पहुँचने का काल खंड संघर्षों का रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और आस पास के इलाकों से जहां दबे कुचले शोषित और वंचितों कि समस्याओं को लेकर बात-बात में उनकी आवाज़ बन जाने का जुनून लिए योगी आंदोलन के जिस रास्ते पर बढ़े तो शायद तब यह उनको भी नहीं मालूम था कि यह रास्ता उनको उत्तर प्रदेश के सत्ता के सिंहासन तक लेकर जाएगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश जो एक समय संघर्षों से उत्पन्न होने वाले असीम ऊर्जा से लबरेज़ नेतृत्व की बाट जोह रहा था जो अन्याय, अनाचार और उत्पीड़न के विरुद्ध लड़ने का माद्दा लेकर मैदान में संघर्ष को उतरे। ऐसे में 1994 में गोरखनाथ की धरा से एक सूर्य का शनैः शनैः उदय होता है गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी के रूप में एक योगी का। 1998 में लोकसभा चुनाव का एलान हुआ तो तत्कालीन सांसद महंत अवैद्यनाथ ने असमर्थता जताई और योगी का नाम आगे बढ़ाया। यहीं से योगी की राजनीतिक पारी की शुरुआत हुई। योगी ने नामांकन कराया और राजनीति की पटरी पर सरपट दौड़ने लगे। 1998 से लेकर मार्च 2017 तक योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से सांसद रहे और हर बार उनकी जीत का आंकड़ा बढ़ता ही गया। वहीं 2017 में उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

पूर्वी उप्र की उस समय की आसन्न परिस्थितियों में जब जन जन की आवाज़ उठाने वाले एक संगठन की शिद्दत से आवश्यकता महसूस हुई तो योगी आदित्यनाथ जो हिंदू युवा वाहिनी के संस्थापक भी हैं, हिंदू युवा वाहिनी संगठन हिंदू युवाओं का सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी समूह है। 1998 में हिन्दु युवा वाहिनी का बीज रोपित होता है और आगे कुछ ही सालों में उनका यह संगठन कमज़ोरों, अन्याय और तिरस्कार से प्रभावित हिंदुओं की एक आवाज़ बन जाता है। आज योगी उप्र के मुख्यमंत्री हैं पर यह एक पड़ाव है उनके भीतर जो इच्छा शक्ति है वह एक दिन उन्हें सत्ता के शीर्ष सिंहासन तक ले जाएगा। मात्र 22 वर्ष की उम्र में योगी ने सांसारिक जीवन को त्यागकर संन्यास आश्रम में प्रवेश किया। योगी आदित्यनाथ को जानवरों से बहुत ज्यादा प्यार है खासकर गाय, कुत्ते, बिल्ली और बंदर से ज्यादा प्यार करते हैं।

बात योगी आदित्यनाथ की करें तो 1994 मे गोरक्ष पीठ के उत्तराधिकारी से शुरू हुआ उनका सफर उप्र के सत्ता के शीर्ष तक पहुँचने का काल खंड संघर्षों का रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और आस पास के इलाकों से जहां दबे कुचले शोषित और वंचितों कि समस्याओं को लेकर बात-बात में उनकी आवाज़ बन जाने का जुनून लिए योगी आंदोलन के जिस रास्ते पर बढ़े तो शायद तब यह उनको भी नहीं मालूम था कि यह रास्ता उनको उत्तर प्रदेश के सत्ता के सिंहासन तक लेकर जाएगा।

उत्तर प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई भाजपा ने योगी आदित्यनाथ को जब अपना नेता चुना तो शायद यह किसी को नहीं मालूम था कि संघर्षों के बलबूते पूर्वी उत्तर प्रदेश से अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले योगी उत्तर प्रदेश का मुस्तकबिल लिखेंगे। प्रदेश में बतौर मुख्यमंत्री एक कार्यकाल पूरा करने वाले और दूसरे के पूरा होने के नजदीक योगी उत्तर प्रदेश में



जन्मदिन पर विशेष

बीजेपी का हैट्रिक लगाएँ इसमें शायद ही किसी को संदेश हो। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और आस पास के इलाकों से जहां दबे कुचले शोषित और वंचितों कि समस्याओं को लेकर बात-बात में उनकी आवाज़ बन जाने का जुनून लिए योगी आंदोलन के जिस रास्ते पर निकल पड़े उन्होंने अपने ऊपर लगने वाले तमाम मुकदमों की भी परवाह नहीं की ओर जिस रास्ते पर बढ़े तो शायद तब यह उनको भी नहीं मालूम था कि यह रास्ता उनको उत्तर प्रदेश के सत्ता के सिंहासन तक लेकर जाएगा। पूर्वांचल के जिस इलाके से वह आते हैं वह इलाका एक समय सड़क बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर बदहाली की स्थिति में था परंतु उनकी सक्रियता का परिणाम है कि एम्स तक की स्थापना हुई। योगी आदित्यनाथ ने मिथक को तोड़कर विकास के एजेंडे को नया तेवर दिया हैं । प्रदेश के सर्वांगीण विकास को समर्पित एक जुनूनी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर हुआ इसमें कोई दो राय नहीं। कानून एवं व्यवस्था में सख्ती के साथ बदलाव की बयार पहले से ही महसूस की जाने लगी थी। योगी ने उत्तर प्रदेश में ऐसा परिवेश बनाया, जिससे राज्य कारोबारियों के लिए निवेश के आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने लगा है । देश के सभी राज्यों में पूंजीगत व्यय के पैमाने पर उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर है। प्रदेश में उन्नत होते बुनियादी ढांचे और निर्बाध बिजली आपूर्ति से जीवन की गुणवत्ता बढ़ी है। उनकी कार्यशैली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से ही मेल खाती है। उन्होंने खुद को चौबीसों घंटे सक्रिय रहने वाला मुख्यमंत्री साबित किया है।

मैं पूर्णकालिक राजनेता नहीं बल्कि एक 'संन्यासी' हूं, जिन्होंने जनता की सेवा के लिए राजनीति का रास्ता अपनाया। मेरा कोई व्यक्तिगत एजेंडा नहीं है। मेरी प्राथमिकता मेरी पार्टी के घोषणापत्र, लोक कल्याण संकल्प पत्र का तेजी से क्रियान्वयन है। योगी खुद कहते है हम घबराते नहीं हैं। जब हम अकेले ही माफिया से लड़ रहे थे, तब भी हम घबराए नहीं थे। इनसेफेलाइटिस से लड़ाई में भी हम नहीं घबराए।

योगी राजनेता भी हैं सन्यासी भी पर औरों से इतर बेबाक पसंद नापसंद का जेहन में हमेशा ख्याल जो दिल में वही जुबान पर योगी आदित्यनाथ राजनीति के अपराजेय योद्धा हैं। वह 1998 से 2017 तक लगातार गोरखपुर शहर लोकसभा क्षेत्र से सांसद का चुनाव जीतते रहे हैं। जितनी बार चुनाव लड़े, उतनी बार जीत का अंतर बढ़ गया। एक भी चुनाव में हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

उत्तर प्रदेश की सत्ता में करीब 14 वर्ष का वनवास झेलने के बाद वापसी करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने गोरखपुर से भाजपा के सांसद योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री चुना। सूबे में भाजपा के इतिहास में योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने दूसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं।

प्रयागराज में भव्य कुंभ के साथ क्राइम और करप्शन पर उनकी जीरो टॉलरेंस और दो बार सफल इन्वेस्टर्स समिट उनकी उपलब्धियों में हैं। यूपी के विकास कार्यों की गूंज अब पूरे देश में सुनाई दे रही है. राजनीतिक गलियारों में सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन की चर्चा लगातार हो रही है। पहले कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए माफियाओं और बदमाशों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन का असर दूसरे राज्यों में दिखा। अब तेजी से हो रहे विकास कार्यों का उदाहरण भी बड़े मंचों से दिया जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक केन्द्रीय मंत्री ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में इंफ्रास्ट्रक्चर मैन ऑफ इंडिया की उपाधि दी यही नहीं उन्होंने यहाँ तक कह दिया कि उत्तर प्रदेश में जिस तेज रफ्तार से काम हो रहा है, वैसा और कहीं नहीं योगी आदित्यनाथ आज विकास के प्रतीक के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ काम कर रहे हैं। सीएम योगी जिस तरह यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहे हैं, उसके लिए पूरा देश उनका आभारी है।

**(लेखक स्वतंत्र विश्लेषक है)**

## ताकि अलनीनो का कम पड़े दुष्प्रभाव

साल 2026 में प्रशांत महासागर में सक्रिय 'अल नीनो' का साया भारत के कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने संशोधित पूवार्नुमान के अनुसार, इस वर्ष मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। नए पूवार्नुमान के अनुसार, इस साल औसत से करीब दस फीसद कम बारिश होने की आशंका है। भारत में, जहाँ कृषि अभी- भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है, उसके लिए मानसूनी बारिश की कमी और भीषण सूखा एक तरह से विपत्ति का ही द्योतक है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सिंचाई का भी प्रबंधन किया जाए। भारत की करीब साठ प्रतिशत अब भी सीधे तौर पर खेती-किसानी पर निर्भर है। सूखे की मार की वजह से इस बड़ी आबादी के सामने सहज तरीके से रोजी-रोटी का संकट उठ खड़ा होगा। इससे बचाव के लिए जरूरी होगा कि सिंचाई के ऐसे साधनों और तकनीक को अपनाया जाए, जिनके जरिए पानी को बचाया जा सके और तुलनात्मक रूप से ज्यादा पैदावार ली जा सके। अल नीनो का दूसरा अर्थ है, कम वर्षा और भीषण सूखा। इस परिस्थिति में भारत में सिंचाई साधनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है, जिनसे न केवल फसलों का बचाव हो सके, बल्कि खाद्य सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जा सके। जहाँ तक भारत में सिंचाई व्यवस्था की बात है, तो मुख्य रूप से यह भूजल और सतही जल यानी नहरों और तालाबों पर आधारित है। चूँकि इस साल अल नीनो के कारण कम बारिश होने की आशंका है, इसलिए इन साधनों पर दबाव बढ़ना स्वाभाविक है। वर्षा की कमी के कारण भूजल का पुनर्भरण यानी रिचार्ज कम होता है, जिससे भूजल स्तर और नीचे चला जाता है। वैसे भी उत्तर भारत के कई हिस्सों में पहले से ही भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए सूखे की स्थिति विशेषकर उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के लिए बहुत खतरनाक है। अल नीनो के चलते इस साल वर्षों पहले बने बांधों और जलाशयों में पानी का भंडारण सामान्य से कम होने की आशंका है। इस पानी का इस्तेमाल ज्यादातर रबी फसलों के लिए होता है। जब पानी कम होगा तो रबी फसलों की सिंचाई के लिए कम उपलब्ध होगा। अल नीनो के कारण देश के ज्यादातर हिस्सों के सूखे की चपेट में आना स्वाभाविक है। इसकी वजह से पैदावार पर बुरा असर पड़ना तय है। इससे फसलों की बुवाई में देरी हो सकती है और फसलों की बुआई के लिए अतिरिक्त सिंचाई की आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए भूजल की आवश्यकता होगी और उसे चूँकि ट्यूबवेल से निकाला जाएगा, लिहाजा बिजली की माँग बढ़ेगी। इसके लिए सिंचाई के दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता है। इसके लिए जरूरी हो जाता है कि किसानों को कम पानी की जरूरत वाली फसलों, जैसे बाजरा, मूँग, अरहर, मक्का आदि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसे कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपाय को अपनाने की बात भी की है। सरकार की ओर से इस संबंध में किसानों को तैयार भी किया जा रहा है।

# वन विभाग ने फाइबर फैक्ट्री से ख़ाली कराई 3.44 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** वन विभाग की 3.44 हेक्टेयर भूमि पर फाइबर फैक्ट्री द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए शुक्रवार को एक बड़ी कार्यवाही की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से पहले बॉयलर को जाने वाली विद्युत एलटी लाइन काट दी गई जिससे बॉयलर बंद हो गया। वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस बल तथा प्रशासन की मौजूदगी में फाइबर फैक्ट्री द्वारा अतिक्रमण किए गए जमीन को खाली कर लिया गया। जेसीबी के माध्यम से नाली खोदकर सीमांकन कर दिया गया। वहीं पूरी कार्यवाही को प्रशासन द्वारा ड्रोन कैमरे में भी कैद कर लिया गया। संयुक्त प्रशासनिक टीम द्वारा अचानक हुई इस कार्रवाई से फैक्ट्री प्रबंधन में हड़कंप मच गया।

फैक्ट्री प्रशासक द्वारा बायलर की बिजली न काटने तथा थोड़ा समय देने की गुजारिश की गई लेकिन वन विभाग द्वारा इनकार कर दिया गया। वहीं इस मामले में जानकारी देते हुए वन विभाग की एसडीओ संचिता वर्मा ने बताया कि फाइबर फैक्ट्री को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर सख्त निर्देश दिया गया था कि वन विभाग की भूमि से स्वयं अतिक्रमण हटा लें लेकिन फैक्टरी प्रशासन द्वारा वन विभाग की भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसलिए प्रशासन की टीम के साथ संयुक्त रूप से सख्त रवैया अख्तियार करते हुए शुक्रवार को मौके पर जाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। वहीं एसडीओ वर्मा ने स्पष्ट किया कि फैक्ट्री के पास जितनी भी वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण है उसे पूरी तरह से हटाकर वन विभाग द्वारा अपने कब्जे में ले लिया जाएगा।


अतिक्रमण हटाते हुए एसडीओ फॉरेस्ट अपनी टीम के साथ। -जागरण मोर्चा

- शासन, पुलिस बल, वन विभाग तथा राजस्व विभाग की मौजूदगी में की गई कार्यवाही
- फैक्ट्री प्रबंधन में मचा हड़कंप फैक्ट्री प्रशासक द्वारा की गई गुजारिश वन विभाग ने किया इनकार

वहीं दूसरी ओर फैक्ट्री प्रशासक जेसी पाठक ने कंपनी का पक्ष रखते हुए बताया कि फाइबर प्राइवेट लिमिटेड को साल 2024 में 'मोगलिस कंपनी' ने खरीदा था। नए मालिकाना हक वाले प्रबंधन को वन विभाग की इस 3.44 हेक्टेयर भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रशासनिक कार्रवाई में पूरा सहयोग कर रही है। प्रशासक पाठक ने यह भी कहा कि फैक्ट्री प्रशासन वन संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस अतिक्रमण वाली भूमि के बदले उतनी ही जमीन किसी दूसरी जगह पर वन विभाग को उपलब्ध कराने के लिए तैयार है, ताकि वन संरक्षण कार्य में कोई बाधा न आए। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक वन विभाग द्वारा उक्त भूमि को अपने पूर्ण नियंत्रण में लेने का कार्य जारी है।

इस मौके पर वन विभाग एसडीओ संचिता वर्मा, खटीमा वन रेंज अधिकारी हरेंद्र सिंह बिष्ट, सुरई वन रेंज अधिकारी आरएस मनराल, किलपुरा वन रेंज अधिकारी मनोज कुमार पांडे सहित वन विभाग के तमाम कर्मचारी, पुलिस बल और प्रशासन मौजूद रहा।

## सार संक्षेप

### प्रदेश में छह आईपीएस अधिकारियों का तबादला, पूनम को मिर्जापुर व यमुना को कानपुर रेंज की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत छह आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। विभिन्न परिक्षेत्रों, प्रशिक्षण संस्थानों और विशेष इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सरकार का उद्देश्य पुलिस प्रशासन को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाना है, जिससे कार्यक्षमता और बेहतर हो सके। डीजीपी मुख्यालय ने शुक्रवार को 6 आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया, जिनमें एक आईजी और छह डीआईजी शामिल हैं। देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स (एनएसजी) में तैनाती के बाद उनकी जगह सीआईडी में डीआईजी अशोक कुमार चतुर्थ को भेजा गया है। अमित पाठक को राज्य सरकार जल्द एनएसजी के लिए कार्यमुक्त कर सकती है। इसी तरह मिर्जापुर रेंज के डीआईजी राकेश प्रकाश सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद पीटीएस मेरठ की प्रधानाचार्य पूनम को मिर्जापुर भेजा गया है। कानपुर रेंज की जिम्मेदारी पीटीएस मुरादाबाद के डीआईजी यमुना प्रसाद को सौंपी गई है। कानपुर रेंज के डीआईजी हरीश चन्दर को भ्रष्टाचार निवारण संगठन भेजा गया है। सीआरपीएफ से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति की अवधि पूरी किए बिना वापस भेजे गए रवि शंकर छवि को डीजीपी मुख्यालय में डीआईजी लोक शिकायत बनाया गया है। वह वापस आने के बाद से प्रतीक्षारत चल रहे थे। वहीं भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तैनात डीआईजी सचिंद्र पटेल को आगरा कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है।

### बंदरों के चलते अमीनाबाद में दो घंटे छाया रहा अंधेरा



**लखनऊ।** अमीनाबाद उपकेंद्र के तहत नजीराबाद में शुक्रवार को बंदरों की उछल कूद के चलते दो घंटे तक अंधेरा रहा। शिकायत करने की बाद भी समस्या का समाधान न होने के कारण व्यापारियों ने समय से पहले दुकानों को भी बंद कर दिया। व्यापारी नेता सुरेश छबलानी ने बताया कि शाम 7:30 बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई, जो रात 9:30 बजे तक चालू नहीं हो सकी। इसके कारण रात 8:30 से लेकर 9:00 बजे तक व्यापारियों ने बिजली के अभाव में दुकान बंद कर दी। उधर अधिशासी अभियंता धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि नजीराबाद की बिजली बंद होने की सूचना उपकेंद्र के जिम्मेदारों ने उनको भी नहीं दी।

### राज्य कर विभाग में बड़े फेरबदल की तैयारी, 400 से अधिक अधिकारियों के तबादलों की सूची जल्द

**लखनऊ।** लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों, संवेदनशील पदों पर कार्यरत कर्मचारियों और प्रदर्शन आधारित समीक्षा को भी तबादलों का आधार बनाया गया है। प्रदेश के राज्य कर विभाग में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक अपर आयुक्त स्तर से लेकर राज्य कर अधिकारी (एसटीओ) स्तर तक 400 से अधिक अधिकारियों के तबादले किए जाने की तैयारी है। जल्द इसकी सूची जारी हो सकती है। विश्वसनीय विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह तबादला प्रक्रिया केवल नियमित प्रशासनिक बदलाव तक सीमित नहीं होगी, बल्कि कर अपवंचना रोकने और राजस्व संग्रह व्यवस्था को और मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा भी मानी जा रही है। विभाग नए सिरे से प्रवर्तन, जांच और फील्ड स्तर की टीमों के समन्वय पर भी काम कर रहा है, ताकि कर चोरी के मामलों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। सूत्र बताते हैं कि लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों, संवेदनशील पदों पर कार्यरत कर्मचारियों और प्रदर्शन आधारित समीक्षा को भी तबादलों का आधार बनाया गया है। बड़े पैमाने पर होने वाले इस फेरबदल से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में गति आएगी और क्षेत्रीय इकाइयों की जवाबदेही भी बढ़ेगी। पिछले कुछ महीनों में राज्य कर विभाग लगातार राजस्व वृद्धि, कर अपवंचना रोकने और डिजिटल निगरानी तंत्र को मजबूत करने पर जोर दे रहा है।


# राजनाथ सिंह ने अपर्णा यादव से की मुलाकात

## काफिले के साथ आवास पहुंचे, दिवंगतों के परिजनों को बंधाया ढाढ़स

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। उन्होंने कई दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढाढ़स बंधाया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने अपर्णा यादव के आवास जाकर परिवार के प्रति शोक संवेदना भी प्रकट की।

केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह शुक्रवार को तीन दिवसीय दौरे पर राजधानी पहुंचे। सुबह 11:30 बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उनका स्वागत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया।



रक्षामंत्री ने सबसे पहले हिंद नगर में व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष रहे दिवंगत अशोक मोतियानी के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने दिवंगत कपड़ा व्यापारी दर्शन लाल कुर्ती के आवास पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया और अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। दोपहर 12:15 बजे राजनाथ सिंह ने कैंट स्थित कस्तूरबा पार्क में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण किया।

इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। पौधरोपण कार्यक्रम के बाद रक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के कैंट स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने हाल ही में दिवंगत हुए प्रतीक यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा नेत्री अपर्णा बिष्ट यादव के पति स्वर्गीय प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि दी।


पर्यावरण दिवस पर पौध रोपण करते मुख्यमंत्री। -जागरण मोर्चा

# मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लोहियाहेड हेलीपैड व कैंप कार्यालय में जनता व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनसमस्याएं सुनी तथा समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए जनता की समस्याओं का शीघ्रता से समाधान किया जाए। इसके उपरान्त पर्यावरण दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री ने कैंप कार्यालय परिसर लोहियाहेड में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा हमें पौधारोपण ही नहीं उनका संरक्षण भी करना है। माननीय मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि जनपद में अभियान चलाकर 04 लाख पौधे लगाए जाएंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, मोहनी पोखरिया, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो सतीश भट्ट, महामंत्री रमेश जोशी, अमित कुमार पांडे, रनदीप पोखरिया, भवानी भंडारी, पंकज सिंह, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी गौरव पांडे सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे।

# नहर किनारे से परशुराम के घर तक सीसी निर्माण की मांग को लेकर वार्ड पांच के वासियों ने पालिकाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या पांच पूर्णागिरि कॉलोनी के वार्ड वासी सभासद बसंती सामंत के नेतृत्व में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चन्द्र जोशी से मिले। उन्होंने नगर पालिका सीमा वृद्धि में ग्रामीण क्षेत्र को जोड़कर सीमा विस्तार किया। लेकिन इन वार्ड वासियों को नगर पालिका से किसी भी तरह की सुविधा महैय्या नहीं कराई जाती हैं।

पालिकाध्यक्ष जोशी ने वार्ड वासियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। वार्ड वासियों ने कहा कि उन्हें वार्ड से मुख्य मार्ग तक आने-जाने के लिए नहर किनारे से परशुराम राणा के घर तक 180 मीटर सीसी मार्ग की मांग की। वार्ड वासियों ने कहा कि इससे पूर्व भी इस मार्ग के निर्माण के लिए ज्ञापन दिया गया था लेकिन समाधान नहीं हो सका। बरसात में जलमग्न स्थिति से निजात के लिए 180 मीटर सीसी रोड निर्माण किया। वार्ड वासियों ने कूड़ा गाड़ी के वार्ड में नहीं आने की जानकारी दी। वार्ड वासियों ने कहा कि इस पहले वार्ड वासी ग्राम सभा में थे तब सभी कार्य पूर्ण होते थे। नगर पालिका अध्यक्ष ने पूर्व में तैयार प्रस्तावों की प्रति दिखाते हुए कहा कि नगर पालिका बोर्ड द्वारा विभिन्न वार्डों की समस्याओं एवं निर्माण संबंधित कार्य की रिपोर्ट शासन को भेजने की जानकारी दी। पालिका अध्यक्ष जोशी ने वार्ड वासियों के ज्ञापन पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेन्द्र सामंत, बच्ची राम, वीरेन्द्र सिंह, गिरीश चन्द, रमेश सिंह, जगदीश सिंह, नारायण सिंह, कृष्ण सिंह, उम्मेदी सिंह राणा, परशुराम, अजय सिंह, विजय सिंह, पंकज राणा, दीपक आदि मौजूद थे।


पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी से मिलते वार्ड पांच के बाशिंदे। -जागरण मोर्चा

# 'मुझसे इसी साल शादी करो' कहते हुए ओवरब्रिज से कूदी युवती, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रेमी से इसी साल शादी की बात पूरी न होने से नाराज शिल्पी गौतम (22) ने बृहस्पतिवार रात मड़ियांव ओवर ब्रिज से छलांग लगाकर जान दे दी। परिजनों ने उसकी शादी अगले वर्ष फरवरी में तय की थी, लेकिन वह इसी साल शादी कराने की जिद पर अड़ी थी।

कसाई बाड़ा निवासी शिल्पी के पिता रामकिशन गौतम मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिवार में तीन बेटियां हैं, जिनमें एक की शादी हो चुकी है। वह अपनी दो बेटियों, लक्ष्मी और शिल्पी, के साथ किराये के मकान में रहते हैं।

पुलिस के मुताबिक, बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे शिल्पी गौतम ने मड़ियांव ओवर ब्रिज से छलांग लगा दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शिल्पी की पहचान कर घटना की सूचना परिजनों को दी।

पिता के अनुसार, शिल्पी का क्षेत्र के ही एक युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और वह उसी से शादी करना चाहती थी। शुरुआती विरोध के बाद परिवार ने शादी के लिए सहमति दे दी थी। पिता रामकिशन ने बताया कि बेटी की सगाई नवरात्र में और शादी अगले वर्ष फरवरी में तय की गई थी, जबकि शिल्पी इसी वर्ष शादी कराने की जिद कर रही थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार ने शादी अगले साल करने का निर्णय लिया था। इसी बात को लेकर घर में अक्सर विवाद होता था।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर IIHCA के छात्र-छात्राओं ने श्यामलाताल में चलाया स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर IIHCA (इश्था इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड कुलिनरी आर्ट्स) के छात्र-छात्राओं ने पर्यटन स्थल श्यामलाताल में स्वच्छता अभियान चलाकर आसपास फैले कूड़े-कचरे को एकत्रित किया और पर्यटकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने श्यामलाताल क्षेत्र में बांज के पौधों का वृक्षारोपण भी किया तथा उनकी सुरक्षा और सिंचाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। छात्र-छात्राओं ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। छात्र-छात्राओं ने विश्व पर्यावरण दिवस पर संदेश दिया कि अपने पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। वर्तमान में ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। ऐसे में इन स्थलों को स्वच्छ रखना और देवभूमि उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता एवं पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

संस्थान के प्रतिनिधियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अभियान में संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।


पर्यटक स्थल पर कूड़ा एकत्रित करते विद्यार्थी। -जागरण मोर्चा

सख्ती | डीएम-एसएसपी के साथ कछला गंगा घाट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस लाइन में की समीक्षा बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली द्वारा जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ कछला गंगा घाट का भ्रमण/निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली अजय साहनी ने एसएसपी अंकिता शर्मा के साथ संयुक्त रुप से पुलिस लाइन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया। सभी पुलिस कर्मियों को अधिक-से-अधिक पौधे लगाने को प्रेरित किया गया। इसके बाद थाना बिनावर पर पहुँचकर प्रभारी निरीक्षक कक्ष का जीर्णोद्धार किया। इसके बाद मिशन शक्ति केंद्र का उद्घाटन किया।


अधिकारियों को निर्देश देते डीआईजी अजय साहनी। -जागरण मोर्चा

पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद की कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण आदि विषयों पर समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी में अपराध की रोकथाम, अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की प्राथमिकता एवं जनपद में घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु प्रभावी कदम उठाने व अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करने आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सभी को जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखने, शिकायतों का शीघ्र व विधिक निस्तारण करने, महिला सम्बन्धी अपराधों को गंभीरता से लेने व उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. हृदेश कठेरिया, क्षेत्राधिकारी नगर रजनीश कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह तथा समस्त थाना प्रभारीगण मौजूद रहे। डीआईजी ने संबंधित अधिकारियों को अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए। लुटेरे, चोर व गम्भीर अपराध के पेशेवर अपराधियों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लम्बित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश। गैंगस्टर एक्ट के अभियोगों में अपराधियों की अवैध सम्पत्ति चिन्हित कर धारा 14(1) के अन्तर्गत सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। हिस्ट्रीशीटर, ईनामिया, टॉप-10 अपराधियों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों के विरूद्ध त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए ।

# बहेड़ी समजवादी पार्टी कार्यालय पर हुई मासिक बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बहेड़ी समजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक मीटिंग का आयोजन हुआ जिस में समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव बहेड़ी विधायक पूर्व मंत्री अता उर रहमान ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता 2027 के चुनाव की तैयारियों में पूरी शिद्दत से जुट जाएं सभी सैक्टर प्रभारी अपनी अपनी कमेटियों को मज़बूत करें जो बूथ प्रभारी काम करने के इच्छुक हैं वो अपना काम मजबूती से करें जो काम करने के इच्छुक नहीं हैं उनकी जगह पर दूसरे विकल्प ढूंढें चुनाव समय से पहले हो सकते इस लिये अपनी तैयारी पूरी रखें।

केसर चीनी मिल की नीलाम की गई ज़मीन के संबंध में विधायक अता उर रहमान ने कहा कि केसर चीनी मिल बहेड़ी पर किसानों का कुल 161 करोड़ रुपया बकाया है। उपरोक्त बकाया धनराशि में से अधिकांश का भुगतान किसानों को उक्त ज़मीन की नीलामी से प्राप्त होना था ये ज़मीन बाज़ार मूल्य के हिसाब से लगभाग 100 करोड़ रु, की नीलाम होनी थी bjp के नेताओं और प्रशासन की मिली भगत से मात्र 28 करोड़ 5 लाख में नीलाम करदी गई इस से किसानों का ना के बराबर भुगतान होगा सारी ज़मीन औने पौने में नीलाम कर दी गई इस से बहेड़ी क्षेत्र के 65 हज़ार किसानों में भारी रोष व्याप्त है इस के अलावा किसानों को भुगतान देने के लिए चीनी मिल के पास कोई साधन नहीं है।



समाजवादी पार्टी बहेड़ी विधानसभा के 33 सेक्टरों में बीजेपी के खिलाफ*पोल खोल*अभियान चलाएगी और जनता को बताएगी कि कैसे आपके संसाधनों की बीजेपी सरकार में लूट मची हुई है

इसके संबंध में समाजवादी पार्टी ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एस डी एम को दिया। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बीजेपी छोड़ कर आए दर्जनों किसानों ने माननीय विधायक अता उर रहमान के समक्ष समाजवादी पार्टी ज्वाइन की अता उर रहमान ने सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया सभी नए सदस्यों ने आश्वासन दिया कि 2027 के चुनाव में अता उर रहमान को पूरी शिद्दत से चुनाव लड़ाएंगे और अखलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने में भरपूर सहयोग करेंगे। बीजेपी छोड़ कर समाजवादी पार्टी ज्वाइन करने वाले लोगों के नाम इस प्रकार हैं शिव प्रसाद कश्यप, दीनदयाल पाल, विजय पाल बेलदार, नन्हे सिंह बेलदार, रूप किशोर बेलदार,राधेश्याम बी डी सी, हुरमत सिंह बेलदार संचालन विधानसभा अध्यक्ष नासिर राजा खान ने किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलेभर में चला पौधारोपण अभियान

## पुलिस लाइन से लेकर विद्यालयों और महाविद्यालयों तक "एक पेड़ माँ के नाम" का संदेश गूंजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद भर में पौधारोपण कार्यक्रमों की धूम रही। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस परिवार के बच्चों ने भी पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।




विश्व पर्यावरण दिवस पर एसपी व अन्य संगठनों ने किया पौधरोपण। -जागरण मोर्चा

जिला विद्यालय निरीक्षक विजय कुमार और जिला नोडल अधिकारी माध्यमिक शिक्षा इंतजार खान ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पूरनपुर। सरस्वती शिशु मंदिर में अखिल भारतीय बजरंग वाहिनी के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। नगर प्रमुख शिवम सिंघल, विशाल भारती, अमित पाल, मोनू शर्मा, प्रतीक खंडेलवाल, सूरज यादव एवं शिव यादव सहित अन्य लोगों ने पौधे लगाए। वरिष्ठ समाजसेवी संगीता सिंघल और नवीन अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

उधर पूरनपुर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रबंधक नितिन दीक्षित, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा तथा एनसीसी प्रभारी शाहिद खान ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संरक्षण का भी लिया संकल्प। सभी कार्यक्रमों में वक्ताओं ने केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनके संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लेने पर बल दिया। विश्व पर्यावरण दिवस पर जिलेभर में हजारों पौधे रोपित किए गए और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## सार संक्षेप



कार्यसमिति बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### भाजपा बरखेड़ा मंडल की कार्यसमिति बैठक संपन्न

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा बरखेड़ा मंडल की कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य रहे, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में मंडल एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पीएम स्वनिधि योजना के तहत जून भर चलेंगे विशेष शिविर

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत जनपद की सभी नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों एवं विकासखंड ललौरीखेड़ा में 1 से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत लोक कल्याण मेले और स्वनिधि कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की सभी शाखाओं में लंबित आवेदनों के निस्तारण हेतु 10 जून 2026 को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। जिन स्ट्रीट वेंडर्स ने प्रथम, द्वितीय या तृतीय ऋण के लिए आवेदन किया है और अभी तक ऋण प्राप्त नहीं हुआ है, वे संबंधित SBI शाखा में पहुंचकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

### कुरैया रेलवे स्टेशन पर मिला अज्ञात युवक का शव

**पूरनपुर।** शुक्रवार को कुरैया रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सेहरामऊ उत्तरी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने युवक के फोटो लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल कराए, ताकि उसकी पहचान कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। मृतक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव मिलने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। कई लोगों ने मृतक की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने आसपास के थानों को भी सूचना भेजी है और गुमशुदगी के मामलों का मिलान कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पुलिस का कहना है कि युवक की पहचान कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर फोटो प्रसारित किए गए हैं और पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# इकोत्तरनाथ मंदिर से शुरू हुआ गोमती पुनरोद्धार महाअभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** मां गोमती नदी के पुनरोद्धार अभियान के तहत शुक्रवार को सुप्रसिद्ध बाबा इकोत्तरनाथ मंदिर से मां गोमती नदी के पुनरोद्धार कार्य का शुभारंभ ग्राम पंचायत टांडा और गुलडिया भूपसिंह से किया गया। भाजपा विधायक वावूराम पासबान और जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने विधि-विधान से पूजा अर्चना और नारियल फोडकर अभियान शुरू किया। इसके बाद नदी तट पर पहुंचे,जहां पुनरोद्धार कार्य का औपचारिक शुभारंभ किया। विधायक वावूराम पासबान, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा सहित जनप्रतिनिधियों ने फावड़ा चलाकर मिट्टी की खुदाई कर श्रमदान किया।



इकोत्तरनाथ मंदिर पर गोमती नदी की सफाई करते डीएम-विधायक।

गोमती नदी बचाओ'' और ''पर्यावरण बचाओ'' के नारों से धार्मिक स्थल गूंज उठा।विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि मां गोमती केवल एक नदी नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार है।जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि नदी पुनरोद्धार का कार्य केवल सरकारी योजनाओं के भरोसे सफल नहीं हो सकता। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अपील की कि नदी में कूड़ा-कचरा न डालें और जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाएं। इसके बाद एक पेंड मां के नाम के तहत विधायक, डीएम, अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों ने छायादार एवं फलदार पौधे

- विधायक व डीएम ने फावडा से श्रमदान कर जगाई अलख

लगाए। लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान लोगों में उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, इस पुनीत कार्य में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व प्रधान वीरेंद्र प्रताप सिंह ध्रुव, धर्मपाल वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, विजय वर्मा, घुंघचाई मंडल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, प्रधान संघ अध्यक्ष नरेश पाल सिंह,राममूर्ति सिंह, निर्भय सिंह, उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित बडी संख्या में लोग व महिलाएं मौजूद रहीं।

# बस-ई-रिक्शा हादसे में चालक की उपचार के दौरान मौत

जागरण मोर्चा, कार्यालय

- गुरुवार को घुंघचाई में हुए सडक हादसे में हुए थे घायल

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। बस और ई-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में गंभीर रूप से घायल ई-रिक्शा चालक महबूब अली की गुरुवार शाम बरेली में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गुरुवार सुबह घुंघचाई के पास उदराह मार्ग के निकट तेज रफ्तार बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी थी। हादसे में कटैया निवासी सूरज (40) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि बलरामपुर निवासी बाबूराम (55) ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। गंभीर रूप से घायल ई-रिक्शा चालक महबूब अली को बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर किया गया था, जहां गुरुवार शाम उनकी भी मौत हो गई।

हादसे में बाबूराम के पौत्र विवेक (13) और पौत्री मीनाक्षी (9) घायल हुए थे, जिनका उपचार जारी है। बताया जाता है कि बाबूराम दिल्ली से अपने पौत्र-पौत्री के साथ गांव लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।तीन लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है। मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सडक हादसे में हुईं दो मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

- गुरुवार को सुबह घुंघचाई के उदरहा मोड पर हुआ था हादसा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** पूरनपुर-मैगलगंज हाईवे पर उदरहा तीव्र मोड पर सडक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। हादसा गुरुवार को सुवह करीब पांच के आस पास हुआ था।

बलरामपुर निवासी बाबूराम अपने पोते विशाल व पोती मीनाक्षी व कढैया निवासी सूरज पूरनपुर के मोहल्ला राजीवनगर निवासी महबूब के ई रिक्शे से घर को जा रहे थे। कस्बा घुंघचाई के उदरहा तिराहे के पास वनी तीव्र मोड पर तेज रफ्तार बस ने ई-रिक्शा को रौंद दिया था। जिसमे कढैया निवासी सूरज व बलरामपुर निवासी वावूराम की मौत हो गई थी। जबकि चालक महवूव, विशाल व मीनाक्षी घायल हो गए



परिवार को ढांढस बंधाते विधायक बाबूराम। -जागरण मोर्चा

थे। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजे थे।

उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया व परिवहन विभाग के एआरटीओ सहित कई अधिकारी हादसा स्थल पर पहुंचे थे। पोस्टमार्टम के बाद मृतक वावूराम व सूरज के शव घर पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। भाजपा विधायक वावूराम पासबान ने दोनों मृतकों के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त कर अधिकारियों से वार्ता कर पीडित परिवारो को हर संभव सहायता दिलाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को बलरामपुर निवासी मृतक बाबूराम की पत्नी निर्माला देवी ने घुंघचाई थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी।

पुलिस ने बस चालक सोहेल अंसारी निवासी मोहल्ला लुहानी पिहानी निवासी हरदोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धान सीजन में किसानों को नही होगी खाद की किल्लत

**पूरनपुर** आगामी धान सीजन को देखते हुए खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इफको के जिला प्रबंधक दीपक चौधरी ने शुक्रवार को कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख से मुलाकात की। बैठक में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर चर्चा हुई।

कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि किसानों को खाद की कमी के कारण किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान की बुवाई के दौरान खाद की मांग बढ़ने की संभावना को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी कर ली जाएं। इफको के जिला प्रबंधक दीपक चौधरी ने मंत्री को खाद की उपलब्धता संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि जिले में फिलहाल खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद है। किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार सहकारी समितियों और बिक्री केंद्रों पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि धान सीजन में भी खाद की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में खाद वितरण व्यवस्था की समीक्षा के साथ किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मांग के अनुसार खाद की आपूर्ति लगातार जारी है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# हाईवे पर दौड़ रहे ई-रिक्शाओं पर चला अभियान

## पुलिस ने ओवरलोड ट्रक सहित चार वाहन किए सीज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई कस्बे के उदरहा मोड पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। शुक्रवार को घुंघचाई पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर हाईवे पर नियमों के विपरीत संचालित हो रहे ई रिक्शाओं के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान कई ई-रिक्शाओं को थाने लाया गया।

गुरूबार को सुवह घुंघचाई के उदरहा तिराहे वनी तीव्र मोड पर बस की टक्कर से वलरामपुर निवासी वावूराम व कढैया निवासी सूरज कि मौत हो गई थी। हादसे के बाद एआरटीओ सुनील कुमार मिश्रा, सीओ ट्रैफिक आकृति पटेल ने पहुंच कर मौका मुआयना कर लोगों से जानकारी ली थी। जिस पर स्थानीय लोगों ने हाईवे पर अनियंत्रित रूप से दौड़ रहे ई-रिक्शाओं और अन्य धीमी गति के वाहनों पर रोक लगाने की मांग उठाई थी। लोगों का कहना था कि हाईवे पर यातायात का दबाव अधिक होने के बावजूद बड़ी संख्या में ई-रिक्शा नियमों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे हैं। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस पर एआरटीओ व सीओ ट्रैफिक ने घुंघचाई पुलिस को सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। इसी के मद्देनजर शुक्रवार को घुंघचाई व ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से हाईवे और प्रमुख मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने हाईवे पर सवारियां ढो रहे ई-रिक्शाओं को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की। कई ई-रिक्शा चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं मिले, जबकि कुछ वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। ऐसे वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर घुंघचाई थाने में खड़ा करा दिया। पुलिस ने अभियान चलाकर तीन ई रिक्शा व एक ओवर लोड ट्रक को सीज कर दिया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

# हरयाली के दुश्मनों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कटे सागौन वन विभाग पर उठे सवाल

**न्यूरिया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जहां पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे, वहीं गिधौर गांव स्थित फुलैया फार्म के पास सागौन के हरे-भरे पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है।

आरोप है कि रात के अंधेरे में मशीनों की मदद से कीमती पेड़ों पर आरा चलाकर उनका कटान किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात तक लकड़ी काटने का काम चलता रहा, लेकिन संबंधित विभागों ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने मामले में वन विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए मिलीभगत के आरोप लगाए हैं।

घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हालांकि मामले में विभागीय अधिकारियों का पक्ष सामने नहीं आया है।

### छेड़खानी के विरोध पर महिला को पीटा, रिपोर्ट

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने बताया कि 23 मई को वह अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान गांव निवासी कुछ लोग उसके दरवाजे पर पहुंचे, आरोप है कि उसको देखकर अश्लील बातें करते हुए गलत के सारे करने लगे। जब महिला ने विरोध किया तो उसके साथ छेड़छाड़ की। महिला उनके पास से अपने घर के अंदर गई। आरोप है कि सभी आरोपी उसके अंदर घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। इसके बाद सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में चोटें आई हैं। मामले में शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर पर पुलिस ने जेतराम, माखन विनोद,कढैया निवासी वीरेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया मामले में करवाई कर दी गई है।




**विरोध** आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# बिजली संकट, महंगी दरों और स्मार्ट मीटर की लूट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**माधोटांडा।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर आज आम आदमी पार्टी पीलीभीत के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश में व्याप्त भीषण बिजली संकट, अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली दरों तथा स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत जिलाप्रभारी प्रांतीय उपाध्यक्ष एड. सुनीता गंगवार जी के नेतृत्व में माननीया राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा गया।



ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

जिला प्रभारी ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में प्रदेश की जनता बिजली संकट से त्रस्त है। अनेक जिलों में 22 से 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने की घटनाएं सामने आ रही हैं। राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में आम नागरिक, किसान, व्यापारी, छात्र और कर्मचारी अघोषित बिजली कटौती से परेशान हैं। जनता देश की सबसे महंगी बिजली दरें चुकाने के बावजूद पर्याप्त और निर्बाध बिजली नहीं पा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। गांवों और शहरों में घंटों बिजली गुल रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उद्योग, व्यापार, खेती और विद्यार्थियों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है।जिला महासचिव एड. संजय कुमार ने कहा कि बाराबंकी में बिजली न होने के कारण सड़क किनारे सो रहे एक परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था का दुखद उदाहरण है। इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं न्याय दिया जाना चाहिए। पंचायत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनोद कुमार भारती ने सरकार पर आरोप लगाए। कार्यक्रम में रामशंकर दुबे विधानसभा अध्यक्ष बीसलपुर ,रामसिंह सोनकर जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा ,रिंकू दिवाकर सदर विधानसभा अध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ ,बबलू ,नीरज देवी आयुष सहित कई मौजूद रहे।

# बिजली संकट, महंगी दरों और स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदर्शन



बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पीलीभीत।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बढ़ते बिजली संकट, अघोषित बिजली कटौती, महंगी बिजली दरों और स्मार्ट मीटर की कथित गड़बड़ियों के विरोध में प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

जिलाप्रभारी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष एड. सुनीता गंगवार के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के दौरान प्रदेश की जनता बिजली संकट से जूझ रही है। कई क्षेत्रों में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रहने से आमजन, किसान, व्यापारी और छात्र प्रभावित हो रहे हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि महंगी बिजली दरें चुकाने के बावजूद उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति नहीं मिल रही है। वहीं स्मार्ट मीटरों में गलत रीडिंग और बढ़े हुए बिलों की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। आम आदमी पार्टी ने अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने, बिजली दरों में वृद्धि न करने, स्मार्ट मीटरों और फर्जी बिलिंग की निष्पक्ष जांच कराने तथा प्रदेशवासियों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। पार्टी ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# खो-खो व कबड्डी में रहा बदायूं का दबदबा, प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र, बरेली महोदय द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में आयोजित तृतीय अन्तरजनपदीय पुलिस कबड्डी क्लस्टर (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता-2026 के अन्तर्गत कबड्डी, जिम्नास्टिक, फैंसिंग एवं खो-खो प्रतियोगिताओं के समापन समारोह का आयोजन किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को चल बेजंती ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र बरेलीअजय कुमार साहनी द्वारा तृतीय अन्तर जनपदीय कबड्डी क्लस्टर (महिला/पुरुष), कबड्डी, जिम्नास्टिक, फेंसिंग, खो-खो प्रतियोगिता वर्ष–2026 का सकुशल समापन किया गया। प्रतियोगिता तीन जून से शुरू हुई। जिसका आज रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउण्ड में विधिवत समापन हुआ। इसमें बरेली जोन के 08 जनपदो के लगभग 150 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं जनपद बिजनौर द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं किया गया। प्रतियोगिता के खो-खो पुरूष वर्ग का फाइनल मुकाबला जनपद बदायूँ व पीलीभीत के मध्य खेला गया, जिसमें जनपद बदायूँ ने 27 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व जनपद पीलीभीत ने 18 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खो-खो महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला जनपद बदायूँ व जनपद मुरादाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें जनपद बदायूँ ने 13 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व जनपद मुरादाबाद ने 05 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता महिला वर्ग का फाइनल मुकावला जनपद बदायूँ व जनपद मुरादाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें जनपद बदायूँ नें 33 अंको के साथ प्रथम स्थान व जनपद मुरादाबाद नें 31 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कबड्डी प्रतियोगिता पुरूष वर्ग का फाइनल मैच जनपद बदायूँ व जनपद पीलीभीत के मध्य खेला गया, जिसमें जनपद पीलीभीत ने जनपद बदायूँ को 30-22 अंको से पराजित कर चल बैजन्ती ट्राफी अपने नाम की। इस दौरान महोदया द्वारा विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में अमित रिछारिया जिला क्रीड़ा अधिकारी, दीपेश कुमार बेसिक शिक्षा पीटीआई,रामदास यादव एनआईएस, रामअवतार बेसिक शिक्षा पीटीआई, सत्यवीर सिंह यादव बेसिक शिक्षा विभाग एवं ज्योति सक्सेना जिला व्यायाम शिक्षिका बदायूँ द्वारा प्रतियोगिता निर्विवादित रूप से सकुशल सम्पन्न करायी गयी। प्रतियोगिता के समापन पर एसएसपी अंकिता शर्मा, एसपी देहात डॉ0 ह्रदेश कठेरिया,एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।





पुलिस प्रतियोगिता समापन के बाद पुरस्कार प्राप्त पाकर खुश होते प्रतिभागी। -जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप

### उप जिलाधिकारी और तहसीलदार ने किया पौधरोपण



**बिसौली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। जिसमें उप जिलाधिकारी श्री साई आश्रित शाख मुरी और तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने पौधे लगाए। आईएएस श्री साई आश्रित शाख मुरी ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ लगाने से पर्यावरण बेहतर होता है। यह आने वाली पीढियां के लिए एक तोहफा है। तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने कहा कि पेड़ लगाकर पर्यावरण को संवारा जा सकता है। यह अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। नायब तहसीलदार अनंग राज सिंह ने कहा कि इस तरह के अभियानों से हरियाली बढ़ेगी और लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता आएगी। इस दौरान पीपल नीम अमरुद और सहजन के पौधे लगाए गए। जिसमें तहसील कार्यालय के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने भी इसमें हिस्सा लिया।

### नगर पालिका के पार्क में लगाए पौधे



**बिसौली।** शुक्रवार को नगर पालिका में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया और उनकी सुरक्षा का प्रण लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने अधिशासी अधिकारी रवि यादव और कर्मचारियों के साथ मिलकर नगर पालिका पार्क में पौधे लगाए। श्री अहमद ने कहा कि पर्यावरणीय असंतुलन आज पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढियां के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। श्री अहमद ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान ईओ रवि यादव, राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, यशोदा नंदन, रोहित लोहान, व्योमेश, राजेश, नरेश, अवनेश, कृपाल, रमेश, बंटू आदि उपस्थित रहे।

### कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में किया वृक्षारोपण




**बिसौली।** कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने शिक्षकों एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में पौधे लगाए।तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के मद्देनजर प्रत्येक नागरिक से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर सेन ने तहसीलदार को विद्यालय की उपलब्धियां से परिचित कराया उन्होंने बताया कि यहां से निकले हुए छात्र–छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं के आधार पर देश के विभिन्न सीबीएसई बोर्ड के विद्यालयों में इंटर तक की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान धर्मपाल, सहायक अध्यापिका चित्रा, छात्र अनुज यादव, सचिन कुमार, लेखराज, शोभित यादव, विकास यादव, कमल, देव, मुस्कान, श्याम , आदित्य, अरविंद यादव आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाइक सवार बदमाशों का आतंक प्रॉपर्टी डीलर से चेन व नगदी लूटी

## सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में वारदात, पुलिस ने घेराबंदी कर शुरू की तलाश

जागरण मोर्चा कार्यालय





**बदायूं।** शहर में कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए बाइक सवार बदमाशों ने शुक्रवार रात एक प्रॉपर्टी डीलर को निशाना बनाते हुए उससे सोने की चेन और नगदी लूट ली। घटना सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के माजिया रोड की है, जहां रात करीब 8:00 बजे यह वारदात हुई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार, प्रॉपर्टी डीलर अपने काम से लौट रहा था, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने धमकाते हुए उसके गले से सोने की चेन खींच ली और जेब में रखी नगदी भी लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे धमकाया और मौके से फरार हो गए। पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास के लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बदमाश भाग निकले।

घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। साथ ही संभावित मार्गों पर घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।



समीक्षा बैठक में मौजूद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

# सपा की जोन व सेक्टर प्रभारी समीक्षा बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** समाजवादी पार्टी की जोन एवं सेक्टर प्रभारी समीक्षा बैठक नगर के मंगलम बैंक्वेट हॉल में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सिद्धार्थ सिंह एवं प्रभारी अरशद दद्दा मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को अधिक सजग होकर गांव-गांव और घर-घर जाकर संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव जिस प्रत्याशी को टिकट देंगे, सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व होगा कि वह पूरी निष्ठा के साथ उसे जिताने का कार्य करें। बैठक में जोन एवं सेक्टर प्रभारियों के कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, उमाशंकर यादव, राजकुमार राजू, आरती, महेंद्र, प्रदीप सोनकर, तौफीक अहमद कादरी, पवन यादव, अफजाल अंसारी, नोमान अली वारसी, संजय खान, पूर्व विधायक अरशद खान, ओम शर्मा, अहीद खान, अजय भारती, कल्याण सिंह सरोज और अशोक सिंह सहित अनेक पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# प्रकृति हमें देती है, वृक्षों से ऑक्सीजन, जल से जीवन, औषधियों से स्वास्थ्य : संजीव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत अल्मोड़ा में चल रहे एडवेंचर कैंप और नेचर स्डटी कम ट्रेनिंक कैंप के दूसरे दिन घनें जंगलों, दुर्गम पहाड़ियों और कंदराओं से होते हुए स्काउट गाइड श्री श्री 1008 हैड़ाखान बाबा आश्रम पहुंचे। विभिन्न औषधीय पौधों की जानकारी दी गई। नेचर स्डटी कम ट्रेनिंक कैंप के लीडर आफ द कोर्स एएसओसी वाराणसी मंडल जय प्रकाश दक्ष और एडवेंचर प्रोग्राम लीडर अमित सैनी के नेतृत्व में बदायूं, हाथरस, जौनपुर, मुज्जफर नगर, मिर्जापुर, मेरठ, गाजीपुर, और बनारस के स्काउट-गाइड और रोवर-रेंजर ने प्रकृति के नजदीक जाकर जीवन जीने की कला सीखी। प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत अल्मोड़ा के प्रभारी त्रिवेंद्र कुमार ने पहाड़ी इलाकों में औषधीय पौधों के महत्व और उनके गुणों की जानकारी दी। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रकृति हमें वह सब कुछ देती है। वृक्षों से आक्सीजन, जल से जीवन, औषधियों से स्वास्थ्य और पहाड़ों से शुद्ध वायु। यह संपूर्ण प्राकृतिक वातावरण हमारे लिए एक अमूल्य संजीवनी है। एडवेंचर स्टाफ में शामिल इंस्टेक्टर मोहित कुमार, आनंद मालियान ने एडवेंचर प्रोग्राम में स्काउट गाइड ने बैली करौसींग, ब्रमा ब्रिज, लुप हैंगिंग, क्रास हैमिंग, राप हैंगिंग, बराटेकल हैंगिंग, टायर ब्रिज, लैंडर ब्रिज, नैट ब्रिज, मंकी ब्रिज, कमांडो ब्रिज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर डीओसी विष्णु विश्वकर्मा, दिनेश यादव, आंनद मालियान, रामेश्वरी वर्मा, रोहित गुप्ता, जीवन गोला, अरहम खान आदि मौजूद रहे।

# सुभासपा की समीक्षा बैठक में हुई 2027 चुनाव की रणनीति पर चर्चा



सुभासपा समीक्षा बैठक में मौजूद कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की संगठन समीक्षा बैठक ग्राम चंदौई में कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि कैफ रजा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई। कैफ रजा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के निर्देश पर संगठन समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर जनता के बीच रहकर कार्य कर रहे हैं, जिसके चलते गरीब, पिछड़े, दलित, वंचित और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पार्टी का संगठन विधानसभा से लेकर बूथ स्तर तक मजबूत है। इस दौरान राजू वर्मा, अजहर खान, अवधेश यादव, शिविल खान, वेद प्रकाश, इरफान, राजेंद्र कुमार, जीशान, जुल्फिकार अली, होरीलाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से संचालित ओवरलोड 81 वाहनों पर परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



अवैध रूप से संचालित वाहनों पर कार्रवाई करते एआरटीओ हरिओम।

**बदायूं।** परिवहन विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण किया। साथ ही 81अनधिकृत रूप से संचालित व ओवरलोड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही की गई।

विश्व पर्यावरण दिवस पर एआरटीओ हरिओम, अभिनव कुमार चौधरी यात्री मालकर अधिकारी द्वारा परिवहन विभाग के परिसर में वृक्षारोपण किया गया, इसके साथ ही सात ओवरलोड वाहनों का चालान करते हुए चार वाहनों सीज किए। जिनसे 2.41 लाख रुपये प्रशनमन शुल्क वसूल किया गया, इसके अतिरिक्त 11 अनाधिकृत रूप से संचालित ईको/बस/ईटिंग वाहनों को कार्रवाई करते हुए 10 वाहन सीज किए गए। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में इंटरसेप्टर वाहन द्वारा 35 चालान बिना हेलमेट के वाहन चलाने, 21 चालान बिना सीट बेल्ट के प्रयोग, 10 चालान वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग, 11 चालान रॉन्ग साइड वाहन चलाने के अभियोग में कुल 61चालान किए गए। सभी जन सामान्य से अनुरोध है कि यातायात के नियमों का पालन करें सुरक्षित यातायात में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# फरार चल रहे चार आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे चार आरोपितों को माधोटांडा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। माधोटांडा पुलिस को मुखबिर कि जरिए पुलिस और क्राइम ब्रांच को सूचन मिली कि धोखाधड़ी, बंधक वनाने सहित कई मामले के फरार आरोपी चूका बीच जंगल के पास खडे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकडे गए आरोपियो ने अपने नाम हरिओम,विपिन जैन,दीपक चौधरी व बच्चू निवासी स्वरूप नगर उत्तरपश्चिम दिल्ली वताया। यह आरोपी दर्ज किए गए मुकदमे में फरार चल रहे थे। पूछताछ के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने वताया कि आरोपी फरार चल रहे थे। जिनकी तलाश की जा रही थी। सभी को जेल भेजा गया है।

# भाजपा मंडल की कार्यसमिति बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरखेड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा बरखेड़ा मंडल की कार्यसमिति बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप ने तथा संचालन मंडल महामंत्री चंद्रपाल दिवाकर ने किया। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला अध्यक्ष ने "12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए प्रत्येक बूथ पर "एक पेड़ मां के नाम" के तहत वृक्षारोपण तथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

# रिसौली-निजामपुर मार्ग के जीर्णोद्धार को 30 लाख रुपये की प्रथम किस्त स्वीकृत

**बदायूं।** बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिसौली से निजामपुर तक जाने वाले महत्वपूर्ण मार्ग के जीर्णोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए शासन द्वारा प्रथम किस्त के रूप में 30 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गौरतलब है कि मार्ग की जर्जर स्थिति को देखते हुए विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक ने समय-समय पर क्षेत्रीय जनता की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने सड़क की बदहाल स्थिति से प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए मार्ग के शीघ्र जीर्णोद्धार की मांग की थी। एमएलसी वागीश पाठक के लगातार प्रयासों और प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप शासन ने सड़क निर्माण कार्य के लिए प्रथम किस्त के रूप में 30 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है।

# संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** उघैती थाना क्षेत्र में एक युवक ने फंदे पर लटककर जान दे दी।परिजनों ने जब युवक का शव फंदे पर लटका देखा,तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव सोनियाखेड़ा निवासी गुड्डू (19) पुत्र अमरपाल मेहनत मजदूरी करता था। बृहस्पतिवार रात वह परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहा था। रात में किसी समय वह उठकर अपने कमरे में चला गया। शुक्रवार सुबह जब परिजन जागे तो युवक अपनी चारपाई से गायब था। परिजनों ने जब किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला तो गुड्डू का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक उघैती ऋषिपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। बाद में उन्होंने फोरेसिंक टीम को भी बुला लिया। फोरेसिंर टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाये हैं। फिलहाल ने पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर जांच शुरु कर दी है। युवक की मौत की पीछे क्या वजह रही,इसका बारे में परिजन कुछ भी बताने से इंकार करते रहे। बताया जाता है कि युवक मानसिक मंदित थे। प्रभारी निरीक्षक ऋषिपाल सिंह ने बताया कि पुलिस घटना की हर पहलू से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बस चालक की हालत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत

**बदायूं।** बदायूं से उसावां बस लेकर जा रहे चालक की अचानक हालत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया,जहां उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने चालक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।


शाहजहांपुर जिले के थाना मदनापुर के गांव चिती बौरी निवासी सुखपाल सिंह (60) पुत्र हरनाथ सिंह निजी बस पर चालक थे। वह बदायूं-उसावां रोड पर बस चलाते थे। परिजनों के अनुसार,बृहस्पतिवार दोपहर वह बदायूं से उसावां बस लेकर जा रहे थे। उसावां पहुंचने पर उनकी हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में साथियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बृहस्पतिवार शाम 7:30 बजे उन्होंने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि वह शराब पीने के आदी थे। लंबे समय से वह सांस रोग से पीड़ित थे। उनकी पत्नी व इकलौते बेटे की पूर्व में मौत हो चुकी है। जिससे वह अवसाद में थे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव, पहचान में जुटी पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जहानाबाद।** बलपुर पट्टी के पास बाईपास ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर थाना जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष प्रतीत हो रही है।

घटनास्थल से एक्यूरेट कंपनी की काले-नीले रंग की चप्पल, नीले रंग की जींस, काले रंग की बनियान तथा काले रंग की शर्ट बरामद हुई है। मृतक के दाहिने कंधे पर 'ॐ' तथा बाएं सीने पर 'मां' गुदा हुआ है, जिससे उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की सूचना रेलवे कर्मचारी मनोहर दत्त, मेठ गैंग संख्या 47 एलबी रेलवे पीलीभीत द्वारा शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे थाना जहानाबाद में दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान होने पर ही घटना के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।



शव मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस।

# आईपीएल पर पूरी तरह कब्जा करना चाहता था अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम

## पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी का सनसनीखेज दावा, बोले- डी कंपनी से लगातार मिल रही थी धमकियां, हत्या की साजिशें और जबरन दबाव, इसलिए छोड़ा क्रिकेट प्रशासन

**नई दिल्ली**

पूर्व आईपीएल कमिश्नर ललित मोदी ने एक ऐसा खुलासा किया है, जिसने उन्हें फिर से सुर्खियों में ला दिया। मोदी का कहना है कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और उसकी डी-कंपनी से लगातार मिली धमकियां, हत्या की साजिशें और जबरन दबाव ही उन सबसे बड़ी वजहों में से एक थीं, जिनके चलते उन्हें क्रिकेट प्रशासन छोड़ना पड़ा। एक इंटरव्यू में मोदी ने कहा कि आईपीएल को दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग बनाने की कीमत उन्हें अपनी सुरक्षा चुकाकर देनी पड़ी। उन्होंने बताया कि सट्टेबाजी और फिक्सिंग से जुड़े नेटवर्क के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के बाद वह अंडरवर्ल्ड के निशाने पर आ गए। मोदी के मुताबिक, दाऊद इब्राहिम आईपीएल पर नियंत्रण चाहता था। सबसे



खौफनाक घटना 2012 में लंदन में हुई, जब उन्हें रात करीब 3.30 बजे एक प्रभावशाली बिचौलिए के पेंटहाउस में बुलाया गया। वहां कथित तौर पर एक सैटेलाइट फोन के जरिए सीधे दाऊद से बात कराई गई। मोदी ने उस पल को याद करते हुए कहा, मैं डर के मारे कांप रहा था।



सच कहूं तो मेरी हालत खराब हो गई थी। तभी फोन पर आवाज आई- अब से तुम्हारा सारा काम खत्म और फोन कट गया। उन्होंने बताया कि उस समय उनके घर के बाहर ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसी की मौजूदगी थी, लेकिन इसके बावजूद वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे थे।

### 2009 में आईपीएल साउथ अफ्रीका शिफ्ट होने से सट्टेबाजों को हुआ था करोड़ों का नुकसान

मोदी का दावा है कि अंडरवर्ल्ड के साथ टकराव की शुरुआत आईपीएल 2009 के दौरान हुई। उस समय भारत में लोकसभा चुनाव होने के कारण उन्होंने पूरे टूर्नामेंट को अचानक साउथ अफ्रीका शिफ्ट कर दिया था। सट्टा बाजार में बड़े पैमाने पर यह दांव लगाया गया कि आईपीएल रद्द हो जाएगा। लेकिन टूर्नामेंट सफलतापूर्वक साउथ अफ्रीका में खेला गया, जिससे कथित तौर पर कई सट्टेबाजों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। मोदी ने कहा, उनका आरोप था कि मैंने आईपीएल शिफ्ट करके उनका करोड़ों का नुकसान कर दिया। वे चाहते थे कि मैं वह पैसा वापस दूं, लेकिन मैंने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने दावा किया कि आईपीएल कमिश्नर रहते हुए उन्होंने फिक्सिंग और सट्टेबाजी के खिलाफ कई बड़े कदम उठाए, संदिग्ध लोगों को स्टेडियम से दूर रखा और करोड़ों डॉलर की कथित रिश्वत ठुकराई।

### मुझे खत्म करने कई देशों में रची गई साजिशें

मोदी का आरोप है कि इसके बाद उन्हें खत्म करने के लिए कई देशों में साजिशें रची गईं। उन्होंने मुंबई स्थित अपने घर के बाहर हुई कथित फायरिंग, जोहानिसबर्ग में हमले की योजना, क्रोएशिया बॉर्डर पर रोकने की साजिश और लंदन में उनके बेटे के कथित अपहरण की कोशिश का भी जिक्र किया। जब उनसे पूछा गया कि आखिरकार वह अंडरवर्ल्ड के निशाने से कैसे बाहर निकले, तो मोदी का जवाब था कि उन्होंने किसी तरह का समझौता नहीं किया, बल्कि क्रिकेट प्रशासन छोड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा, मैंने सिर्फ कहा कि मैं क्रिकेट छोड़ दूंगा। मैंने अपना वादा निभाया और क्रिकेट से दूर हो गया। दाऊद इब्राहिम उन सबसे बड़ी वजहों में से एक था, जिसकी वजह से मैंने हमेशा के लिए क्रिकेट प्रशासन से दूरी बना ली।

### ललित बोले- मैं भगोड़ा नहीं, पूरी दुनिया घूम रहा हूं...

ललित मोदी ने खुद को भगोड़ा बताए जाने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह फरार नहीं हैं, बल्कि पूरी दुनिया में खुलकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत सरकार चाहती तो उन्हें कब का पकड़ सकती थी। मोदी ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ मामले राजनीतिक वजहों से चलाए जा रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनावों के दौरान वह जनता की भावनाएं भड़काने के लिए उनके नाम का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, मोदी ने दावा किया कि 2009 आईपीएल को दक्षिण अफ्रीका ले जाने के समय तत्कालीन गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने उन्हें धमकाया था और टूर्नामेंट के आयोजन में बाधाएं खड़ी की थीं।

**कहा- राहुल गांधी चुनावों के दौरान जनता की भावनाएं भड़काने मेरे नाम का करते हैं इस्तेमाल**

### 13 जून को खेलेगी टीम इंडिया पहला वनडे

# कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर, रोहित पर भी सस्पेंस

**मुंबई**

विराट कोहली जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से दी गई है। बीसीसीआई ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। अगर कोहली इस सीरीज से बाहर होते हैं तो यह उनके 18 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार होगा, जब चोट के कारण पूरी सीरीज से बाहर रहेंगे।

टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने बताया कि कोहली और रोहित शर्मा की फिटनेस की जांच वनडे सीरीज से पहले की जाएगी और जल्द ही आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी। कोहली ने हाल ही में आरसीबी को लगातार दूसरा आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें फाइनल में गुजरात के खिलाफ हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई। अफगानिस्तान का भारत दौरा 6 जून से शुरू हो रहा है। टीम 6 जून से मुल्लांपुर स्टेडियम में सिंगल टेस्ट खेलेगी और उसके बाद 13 जून से तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। कोहली के अलावा पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस भी सवालों में है। उन्हें हैमस्ट्रिंग चोट से ठीक होने के बाद टीम में शामिल किया गया था। आईपीएल के कुछ मैचों से बाहर रहने के बाद अब टीम मैनेजमेंट और मेडिकल स्टाफ की रिपोर्ट के आधार पर उनकी अंतिम फिटनेस तय होगी।



### सूर्यकुमार यादव से छिन सकती है टी20 टीम की कप्तानी



**आयरलैंड-इंग्लैंड दौरे से पहले टीम में जगह भी खतरे में**

सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी से हटाया जा सकता है। खबरों के मुताबिक, बोर्ड और टीम मैनेजमेंट नए कप्तान पर विचार कर रहे हैं। भारत इस महीने आयरलैंड में दो टी-20 मैच खेलेगा और फिर इंग्लैंड दौरे पर पांच टी-20 मुकाबले होंगे। सूर्यकुमार ने इस साल 8 मार्च को अहमदाबाद में भारत को टी-20 वर्ल्ड कप दिलाया था। इसके बावजूद बीसीसीआई ने टी-20 वर्ल्ड कप 2028 को लेकर कप्तानी पर पुनर्विचार किया। इस आईपीएल सीजन में सूर्यकुमार यादव ने 270 रन बनाए, औसत 20.76 रहा। उन्होंने राजस्थान और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दो अर्धशतक लगाए। सूर्यकुमार ने 52 टी-20 मैचों में 42 जीते, 8 हारे और 2 नो रिजल्ट रहे।

### मुल्लांपुर स्टेडियम में छाएगा कल से टेस्ट क्रिकेट का रोमांच



#### भारत-अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून से

**चंडीगढ़, आरएनएन।** भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून से मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमें चंडीगढ़ पहुंच चुकी हैं और तैयारियों में जुटी हैं। मैच के टिकट 250 रुपए से शुरू हैं और एक टिकट पर दर्शक पांचों दिन मुकाबला देख सकेंगे। यह मुकाबला दो वजहों से खास है। पहली बार मुल्लांपुर स्टेडियम किसी टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा, वहीं पंजाब के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल भारतीय टीम की कप्तानी संभालेंगे। पंजाब के गुरनूर बराड़ भी टीम का हिस्सा हैं। हेड कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले पिच क्यूरेटर से लंबी चर्चा की। अफगानिस्तान के मजबूत स्पिन आक्रमण को देखते हुए पिच की भूमिका अहम मानी जा रही है।



# पवन के चौके से भोपाल लेपर्ड का विजयी आगाज

## एमपीएल टी20 सिंधिया कप: अंकुश के दम पर चंबल घड़ियाल्स भी जीती

**इंदौर**

एमपीएल टी20 सिंधिया कप 2026 में गत विजेता भोपाल लेपर्ड ने इंदौर पिंक पैंथर्स को 27 रन से हराकर विजयी शुरुआत की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल ने 174 रन बनाए, जिसमें हिमांशु शिंदे ने 44 और तनिष्क यादव ने 39 रन की पारी खेली। जवाब में इंदौर की टीम 147 पर सिमट गई। प्लेयर ऑफ द मैच पवन निर्वाणी ने 21 रन देकर 4 विकेट झटके। वेंकटेश अय्यर 1 रन बना सके। इधर, चंबल घड़ियाल्स ने मालवा स्टैलियंस को 6 विकेट से हरा दिया।

मालवा ने ऋषभ सिंह चौहान (57*) की बदौलत 154/7 का स्कोर बनाया। जवाब में अंकुश सिंह ने 58 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि रोहित कुमार गुप्ता ने 37 रन जोड़े। चंबल ने लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया।

### महिला वर्ग में चंबल और बुंदेलखंड जीते

महिला वर्ग में चंबल घड़ियाल्स ने ग्वालियर शेरनीज को 8 विकेट से हराया। कनिष्का ठाकुर ने 53 रन की शानदार पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई और प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। दूसरे मुकाबले में बुंदेलखंड बुल्स ने भोपाल वुल्व्स को 8 विकेट से मात दी। यशस्विनी बोहरे ने 48 रन की अहम पारी खेली और टीम को जीत तक पहुंचाया।



### 32 की उम्र में केएस भरत ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने 32 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा करते हुए बीसीसीआई, परिवार और अपने कोचों का धन्यवाद किया। भरत ने विराट कोहली, रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ का भी खास तौर पर आभार जताया। भरत ने भारत के लिए 7 टेस्ट मैच खेले और 221 रन बनाए। 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट डेब्यू करने वाले भरत को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन और संघर्ष के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

### पहला वनडे: श्रीलंका ने वेस्ट इंडीज को 41 रन से हराया

**किंग्सटन।** श्रीलंका ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को 41 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। कप्तान कुसल मेंडिस (72) और पाथुम निसांका (79) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत श्रीलंका ने 7 विकेट पर 303 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 49.2 ओवर में 262 रन पर सिमट गई। कप्तान शाई होप ने 56 रन बनाए, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। श्रीलंका के लिए दुष्मंथा चमीरा ने 4 विकेट झटके। कुसल मेंडिस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। सीरीज का दूसरा मुकाबला 7 जून को खेला जाएगा।

### बांग्लादेश के गेंदबाजी कोच शॉन टैट ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज शॉन टैट ने बांग्लादेश के गेंदबाजी कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अनुसार, उन्होंने पारिवारिक कारणों से आपसी सहमति के आधार पर पद छोड़ा। टैट का अनुबंध 2027 वर्ल्ड कप तक था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 जून से शुरू होने वाली सीरीज से पहले बांग्लादेश को यह बड़ा झटका लगा है।

**सलाह** ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पेरी की नई पीढ़ी के युवा खिलाड़ियों को सलाह

# एक तक सीमित न रहें, जितने खेल खेलेंगे उतने बेहतर इंसान बनेंगे

**सिडनी**

जब 16 साल की एक लड़की 2007 में ऑस्ट्रेलिया की जर्सी पहनकर डार्विन के एक छोटे से मैदान पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने उतरी थी, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि वही खिलाड़ी एक दिन सदी की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बन जाएगी।

करीब दो दशक बाद, एलिस पेरी के नाम रिकॉर्डों का लंबा सिलसिला है, लेकिन उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि वह गहरा रिश्ता है, जो उन्हें खेल के साथ जोड़ता रहा और लगातार आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहा। 35 वर्षीय ऑलराउंडर पेरी कहती हैं कि उनके करियर का सबसे खूबसूरत पहलू यह रहा कि हर साल कुछ नया सीखने और खुद को बेहतर बनाने का मौका मिला। क्रिकेट लगातार बदलता रहा। खासकर टी20 में नए शॉट्स और तकनीक सीखना उनके लिए चुनौती और आनंद, दोनों रहा। उनके अनुसार, खेल में असली संतोष तब मिलता है, जब आप अपनी सीमाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ एशेज टेस्ट भी पेरी की यादों में अहम स्थान रखते हैं, खासकर 2017 में नॉर्थ सिडनी ओवल पर उनका दोहरा शतक। वे कहती हैं कि उस पारी की सबसे बड़ी खुशी यह थी कि उनके पिता स्टैंड में बैठकर उसे देख रहे थे। क्रिकेट सिखाने से लेकर हर मैच से पहले सलाह देने तक, उनके पिता आज भी उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं।

पेरी अपनी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपने परिवार को देती हैं। उनके लिए मां प्रेरणा हैं, पिता मार्गदर्शक और बड़ा भाई सबसे अच्छा दोस्त। कप्तानों की बात करें तो मेग लैनिंग की शांत नेतृत्व क्षमता और कठिन परिस्थितियों में निर्णायक फैसले लेने की कला ने उन्हें सबसे अधिक प्रभावित किया।



### खेल का असली मकसद ही आनंद है...

नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए पेरी की सलाह है कि वे केवल एक खेल तक सीमित न रहें। जितने अधिक खेल खेलेंगे और अनुभव हासिल करेंगे, उतना ही बेहतर खिलाड़ी और बेहतर इंसान बनेंगे। उनके मुताबिक, खेल का असली मकसद आनंद है। जब खेल का मजा खत्म हो जाए, तो उसका सबसे खूबसूरत पहलू भी खो जाता है।

### 2020 वर्ल्ड कप सबसे यादगार लम्हा

महिला क्रिकेट के इतिहास की सबसे यादगार तस्वीरों में से एक 2020 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल की है, जब मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 86,000 से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उस मैच में पेरी चोट के कारण नहीं खेल पाईं, लेकिन फिर भी वे इसे अपने करियर के सबसे खास पलों में गिनती हैं। उनके मुताबिक, यह सिर्फ एक मैच नहीं था, बल्कि उन सभी खिलाड़ियों और लोगों के संघर्ष का सम्मान था, जिन्होंने वर्षों तक महिला क्रिकेट को आगे बढ़ाने का काम किया।

### आर्य के कमाल से जीते चैलेंजर्स

**भोपाल**

सेंचुरियन चैलेंजर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर सेंचुरियन को 60 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चैलेंजर्स ने 215 रन बनाए। आर्य शर्मा ने 90 रनों की पारी खेली। 216 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपर सेंचुरियन 150 रन पर ऑलआउट हो गई। नवीन ने 40 रन बनाए।



गेंदबाजी में अरनब ने 4 विकेट झटके। आर्य शर्मा को 90 रन और 2 विकेट के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### रोहित शर्मा हाउस की जीत में चमके अथर्व

भोपाल, खेल संवाददाता। ओल्ड कैंपियन मैदान पर आयोजित मयंक चतुर्वेदी अकादमी की इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में रोहित शर्मा हाउस ने सचिन तेंदुलकर हाउस को 36 रन से हरा दिया। रोहित हाउस ने 94/8 रन बनाए, जिसमें अथर्व सिंह ने 32 रन जोड़े। सचिन तेंदुलकर हाउस 58 रन पर ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में अथर्व सिंह ने 3 विकेट, जबकि काव्यांश यादव और रिमिशा सरदार ने 2-2 विकेट लिए।




### राजेश-11 ने पिंटू इलेवन को 7 विकेट से हराया

भोपाल। विधायक ट्रॉफी टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में गुरुवार को 5 मुकाबले खेले गए। इसमें मन्नू इलेवन ने राहुल पटेल इलेवन को 8 विकेट से, राजेश इलेवन ने पिंटू इलेवन को 7 विकेट से, फाइटर किंग इलेवन ने बीके इलेवन को 134 रन से, सचिन फैंस क्लब ने द नाइट को 8 विकेट से और साई इलेवन ने पेंथर्स इलेवन को 3 विकेट से हरा दिया। इन मैचों में बाकिल, सोनू नीलकंठ, लवलेश शर्मा, सचिन और शिवा सिंह को मैन ऑफ द मैच मिला। विजेता खिलाडियों को प्रदेश के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक भगवानदास सबनानी एवं पंडित विष्णु राजोरिया ने पुरस्कृत किया।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।